सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 38.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-301 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 13 अप्रैल 2024
03 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## एनआईए ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। एजेंसी ने साजिश के मास्टरमाइंड समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एनआईए के मुताबिक, मुसाविर हुसैन शाजिब और अदबुल मथीन अहमद ताहा को कोलकाता के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों यहां अपना ठिकाना बनाकर छिपे हुए थे। ठिकाने का पता लगाकर एनआईए की टीम ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद

**अदालत में किया गया पेश**

दोनों आरोपियों को एनआईए कार्यालय से अस्पताल ले जाया गया। वहां से दोनों को एनआईए कोर्ट लाया गया। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में एसपी सौम्यदीप भट्टाचार्य ने कहा रात हमें जानकारी मिली। हम उन सूचना के आधार पर काम करने लगे। एक संयुक्त ऑपरेशन के तहत राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसी ने सूचना मिलने के दो घंटों के भीतर ही आरोपियों को पकड़ लिया।

### महायुद्ध का मंडराने लगा खतरा, भारत ने जारी की एडवाइजरी

# ईरान और इस्राइल न जाएं

**संकट**

- अगली सूचना तक की यात्रा करने से बचें
- विदेश मंत्रालय ने मजदूरों को भेजने का फैसला भी टाला



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ईरान और इस्राइल के लिए यात्रा सलाह जारी की है। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को सलाह दी है कि अगली सूचना तक ईरान और इस्राइल की यात्रा न करें।

विदेश मंत्रालय ने उन सभी भारतीयों से भी अनुरोध किया है, जो वर्तमान में ईरान और इस्राइल में रह रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इन देशों में रह रहे भारतीय तुरंत दूतावास से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को कम लोगों के साथ ही साझा करें। इसके अलावा, भारत ने अपने यहां के मजदूरों को इस्राइल भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। अप्रैल-मई में छह हजार निर्माण मजदूरों को इस्राइल भेजने की योजना थी। विदेश मंत्रालय का यह फैसला इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध के कारण आया है। आशंका है कि इस्राइल हमास के बीच जारी युद्ध में ईरान भी हस्तक्षेप कर सकता है। अमेरिका ने भी खतरे को देखते हुए अपने नागरिकों को ऐसी ही एडवाइजरी जारी की है। अमेरिका ने अपने लोगों से यात्रा से बचने, दिशा निर्देशों का पालन करने और जरूरत पड़ने पर दूतावास

**ईरान और इजरायल में जंग के हालात**

में संपर्क करने को कहा है। हमास ने 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल की अभेद्य मानी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को तोड़ते हुए इसके इलाकों में हमला किया था। इस हमले में 1200 से ज्यादा इस्राइलियों की जानें गई थीं। इस दौरान हमास लड़ाके 240 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। वहीं इस्राइल के जवाबी हमलों में हजारों फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। गाजा के 24 लाख लोगों में से 19 लाख अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं, उनमें आधे बच्चे शामिल हैं। 7 अक्तूबर 2023 के हमले के बाद इस्राइल ने हमास को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया था।

## अब सीबीआई करेगी के कविता से पूछताछ

**शराब घोटाला**

- 15 अप्रैल तक सीबीआई रिमांड मिली



**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को 15 अप्रैल तक के लिए सीबीआई की रिमांड में भेज दिया गया है। दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो की अर्जी पर सुनवाई की थी। सीबीआई ने कोर्ट से पांच दिन की रिमांड मांगी थी। शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने बीते गुरुवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में के. कविता को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने उन्हें वहीं से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले सीबीआई के अधिकारियों ने एक विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद जेल के अंदर के. कविता से पूछताछ की थी। के. कविता से सह-आरोपी के फोन से बरामद व्हाट्सएप चैट और भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी। आरोप है कि आम आदमी पार्टी को आबकारी नीति में बदलाव के लिए रिश्वत के तौर पर 100 करोड़ रुपये दिए गए थे।

## कश्मीर को फिर मिलेगा राज्य का दर्जा

**साधा निशाना**

- पीएम मोदी ने उधमपुर के लोगों से किया वादा
- जल्द ही होंगे विधानसभा चुनाव



**उधमपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव प्रचार को लेकर उधमपुर रैली में जम्मू कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने की बात कही है। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे।

उन्होंने कहा कि आप अपने सपने साझा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां के चप्पे-चप्पे पर एक ही गूंज सुनाई दे रही है- फिर एक बार मोदी सरकार. साथ ही पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर 10 साल के अंदर पूरी तरह से बदल चुका है। पीएम मोदी ने उधमपुर में कहा, जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे, वह समय दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होंगे. इसे वापस राज्य का दर्जा मिलेगा. आप अपने विधायक-मंत्रियों से अपने सपने साझा कर सकेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दशकों बाद यह पहला चुनाव है, जब आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी, सीमा पार से गोलीबारी जैसे मुद्दे नहीं हैं। माता वैष्णो देवी यात्रा हो या अमरनाथ यात्रा, ये सुरक्षित तरीके से कैसे हों इसको लेकर पहले चिंता होती थी. आज स्थिति बदल गई है. आज यहां विकास भी हो रहा है और विश्वास भी बढ़ रहा है. यहां चप्पे-चप्पे पर एक ही गूंज सुनाई दे रही है- फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर 10 साल के अंदर पूरी तरह बदल चुका है। सड़क, बिजली, पानी, यात्रा, प्रवास ये सब तो है ही, लेकिन सबसे बड़ी बात है कि जम्मू कश्मीर का मन बदला है।

## राजभर ने मां के इलाज में ज्यादा बिल वसूलने का लगाया आरोप

**हेराफेरी**



**लखनऊ।** सहकारिता व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर की मां जितना देवी (85) का गुरुवार को निधन हो गया। राजभर ने इसके बाद मेदांता अस्पताल पर उपचार में लापरवाही और ज्यादा धन वसूलने का आरोप लगाया।

राजभर ने कहा कि जब उनकी मां अस्पताल गईं तो होश में थीं, फिर उन्हें होश भी नहीं आया। यही नहीं उन्हें चार लाख रुपये का बिल थमाया गया। राजभर ने कहा कि उन्होंने तुरंत इस प्रकरण की शिकायत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से कर दी। निजी अस्पतालों में तो लोगों को इलाज के नाम पर लूटा जा रहा है। जब हम जैसे मंत्री के साथ ऐसा हुआ तो फिर आम जनता के साथ क्या होता होगा। यही नहीं उन्होंने जनप्रतिनिधियों व आम लोगों को सरकारी अस्पताल में ही इलाज कराने की सलाह भी दे डाली।

## यूपी में सीधे 80 सीट जीतेंगे : शाह

**लक्ष्य**

- रामनवमी पर रामलला अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाएंगे
- वोट बैंक के चलते विपक्षी करते रहे विरोध



**मुरादाबाद।** गृहमंत्री अमित शाह ने मुरादाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 500 साल बाद इस रामनवमी पर रामलला अपना जन्मदिन टेंट के बजाय अपने भव्य मंदिर में मनाएंगे। कांग्रेस से साथ सपा और बसपा राम मंदिर का विरोध करते रहे। मोदी सरकार में राम मंदिर को तैयार करवाया गया। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 2014 और 2019 में मोदी के पीएम बनने का सबसे बड़ा कारण उत्तर प्रदेश था। राम मंदिर का निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा का विपक्षियों को निमंत्रण दिया गया। इसके बाद भी वह इस आयोजन में सम्मिलित भी नहीं हुए। उनको अपने वोट बैंक का डर सता रहा था। उन्होंने कहा कि सालों तक मंदिर को बने नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश ने 2014 में 73 सीटें और 2019 में 65 सीटें दीं और इसलिए पीएम मोदी बन गए। इस बार यूपी की 80 सीटों पर जीत दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 में पीएम प्रधानमंत्री बने। इसका सबसे बड़ा कारण यूपी हैं। यूपी में बड़ी जीत के कारण मोदी पीएम बने। इस बार उन्हें कहा कि तीसरी बार 73 और 65 नहीं सीधे 80 सीट जीतेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया। तीसरी बार मोदी पीएम बनेंगे तो तीसरे नंबर पर पहुंचा देंगे।






अवधनामा


# डीएम ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश



## ईवीएम-वीवी पैट का फर्स्ट रेंडमाइजेशन आज, डीएम ने लिया तैयारियो का जायजा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष और पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय पर शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन होगा। शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर ईवीएम, वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन की तैयारी का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।बताते चलें कि स्थिति में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियां की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में ऑनलाइन प्रथम रेंडमाइजेशन किया जाएगा। इसके पश्चात लोकसभा चुनाव के लिए बीयू, सीयू एवं वीवी पैट का विधानसभावार आवंटित हो जायेगी। इसके पश्चात विधानसभावार वीवी पैंट वेयरहाउस में सीयू, बी यू एवं वी वी पैंट को अलग अलग रूम में शील्ड कराया जायेगा।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम (निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल) का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और संबंधित कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। डीएम ने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिकायत व उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए उन्होंने विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जिन अधिकारियों व कार्मिकों की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाई गई है, वे सभी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एडीईओ तौसीफ अहमद, एसडीएम श्रद्धा सिंह, विनोद गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी से सम्बन्धित एक नफर शेष वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बेल्तुआ में श्रीराजू कुमार अवस्थी व श्री राहुल कुमार के घर पर हुई चोरी से सम्बन्धित एक नफर शेष वांछित अभियुक्त किशोरी चौहान पुत्र हेमराज चौहान नि0ग्राम सरजूपुरवा मजरा रेहार थाना सकरन जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा दौराने पूछताछ बताया कि दिनांक 10/11.03.2024 व दिनांक 14/15.03.2024 की रात्रि को बेल्तुआ गांव में हुई चोरी का इकबाल किया है जिसके कब्जे से व निशादेही पर चोरी के जेवरात व नकदी बरामद हुई है चोरी के सम्बन्ध में थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 89/2024 धारा 457/380 भादवि0 व मु0अ0सं0 106/2024 धारा 457/380 भादवि0 व बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 111/2024 धारा 411/413/414 भादवि0 पंजीकृत है दिनांक 10/11.03.2024 की रात में गिरफ्तार अभियुक्त व उसके साथी ईसानगर के पास एक गांव में रात में फार्म हाउस में घूसे उन्होने मुंह पर कपडा बांध रखा था तथा उसके साथी शर्मा चौहान ने लोहे की राड को रस्सी में बांध कर कन्धे में लटका रखी थी तथा गिरफ्तार अभियुक्त दूर छिपकर खडा हुआ था तथा इसने इन तीनो साथियो के साथ एक बडे से घर की दीवार पर चढ कर सीसीटीवी कैमरा के केबल काटे थे परन्तु उस घर मे कई सीसीटीवी कैमरा लगे थे इस वजह से उसके साथियो द्वारा वहा से छोडकर एक दूसरे घर मे रात्रि मे चोरी किया गया था

तथा जो भी जेवर गहना व नगद रूपया मिला था उन लोगो ने आपस में बांट लिया था पैसे खर्च हो गये है कुछ जेवर व गहने बचे थे पुनः उसी गांव में एक बड़े से फार्म हाउस में दिनांक 14/15.03.2024 की रात्रि में आकर चोरी किया था जहां से उन्हें सोने, चांदी के गहनें, जेवर व लगभग 7 लाख रूपये मिले थे। कुछ जेवर व गहने को उन लोगो ने एक सुनार को जो तम्बौर जनपद



सीतापुर का रहने वाला था उसे बेचा था जिसके बदले में सुनार से उन लोगो ने रूपये लिये थे बचे हुए जेवरात व रूपये को उन लोगो ने बराबर-बराबर बांट लिया था तथा आज दिनांक 12.04.2024 को मैं कटौली बाजार से होते हुए नेपाल जाते समय पुलिस द्वारा अभियुक्त किशोरी चौहान को पकड़ लिया गया था।

# कड़े संघर्ष में ज्ञान कलश क्रिकेट एकेडमी ने दो रनों से जीता मैच



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में आज ज्ञान कलश क्रिकेट एकेडमी ने सैनी क्रिकेट एकेडमी को कड़े संघर्ष पूर्ण मैच में मात्र दो रनों से पराजित कर जीत हासिल की। अम्बाला रोड स्थित ज्ञानकलश क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर चल रही अंडर 16 डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में आज का मैच ज्ञानकलश क्रिकेट एकेडमी बनाम सैनी क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। ज्ञानकलश क्रिकेट एकेडमी की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्ञानकलश क्रिकेट एकेडमी की टीम 36.3 ओवर में 183 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाजी में ज्ञानकलश क्रिकेट एकेडमी की टीम की ओर से अनस ने 71 ओर भानु में 26 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी में सैनी क्रिकेट एकेडमी की ओर से वंश, अनमोल और जुबैर ने 3-3 विकेट लिए। सैनी क्रिकेट एकेडमी की टीम को 184 रनो का लक्ष्य मिला। रनो का पीछा करने उतरी सैनी क्रिकेट एकेडमी की टीम 39.3 ओवर में 181 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और ज्ञानकलश क्रिकेट एकेडमी की टीम ने यह मैच 2 रनो से जीत लिया।

# कानूनी गारंटी के रूप के सभी किसानों को एमएसपी देने का काम करेंगे: आनंद भदौरिया

## मितौली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुए जन सभाएं

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को गति देते हुए शुक्रवार को मितौली क्षेत्र में ताबड़तोड़ जन सभाएं कर मतदाताओं से सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है सपा प्रत्याशी ने मितौली कस्बा सहित क्षेत्र के परसेहरा, जमौरा, भीखमपुर, डोकरपुर, अवधपुर, सैतापुर, महमदपुर आदि गांवों में नुक्कड़ सभाएं की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। बीते दस सालों से केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार है, धौरहरा से उसी पार्टी की सांसद भी है, लेकिन धौरहरा में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है। सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने धौरहरा क्षेत्र के विकास के लिए लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार सपा को जिताना होगा, समाजवादी पार्टी नाम बदलने में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास रखती है, समाजवादी पार्टी इस बार कानूनी गारंटी के रूप के सभी किसानों को एमएसपी देने और कृषि ऋण की निगरानी करने और किसानों को नियमित आधार पर राहत प्रदान करने के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा! उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगो ने किसानों पर थार चढ़ाने का काम किया उन्हें केंद्र की मोदी सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। भाजपा के लोग भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम कर रहे हैं, इलेक्टोरल बांड के जरिए वसूली की जा रही है, जिस कंपनी का कोई कारोबार नहीं है, उस कंपनी से सरकार ने पैसा वसूला है। इलेक्टोरल बांड से काले धन को सफेद कर दिया। नोटबंदी में भी यही



काम किया। इस सरकार ने जितना पैसा वसूला है, उसकी वजह से ही आज इतनी महंगाई है, भाजपा ने जिन उद्योगपतियों से पैसा वसूला है, अब वो अपनी वस्तुओ पर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और हम लोगो को अनावश्यक मंहगाई की आग में धकेल रहे है !जन सभाओं को पूर्व विधायक सुनील लाला, कस्ता विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, बेहजम ब्लॉक प्रमुख राम जीवन यादव, जिला पंचायत सदस्य उमा शंकर वर्मा, सपा के जोनल प्रभारी धर्मपाल सिंह, महोली विधान सभा के अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने भी संबोधित किया। इन मौकों पर सेक्टर प्रभारी राहुल सिंह, राम खिलावन बाजपेयी, सर्वेश सिंह कनौजिया, सुधीर सिंह यादव, कुलदीप भदौरिया, बलराम सिंह, बालिस्टर प्रसाद, महेंद्र अवस्थी, लाल बहादुर, घनश्याम अवस्थी, रवींद्र कुमार, प्रकाश बाबू, रामचंद्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पत्रकार राजा मिश्रा के पिता बबुआ महराज का निधन

## राज्यमंत्री दिनेश सिंह सहित अनेक नेताओं, पत्रकारों व गणमान्य लोगों ने व्यक्त की संवेदनायें



**सताँव (रायबरेली)। (अवधनामा संवाददाता)** वरिष्ठ पत्रकार राजा मिश्रा के पिता महेश भूषण मिश्र (बबुआ महराज) का बुधवार की रात आठ बजे निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। बबुआ महराज, न केवल एक कुशल राजनीतिज्ञ थे, बल्कि निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकार के रूप मे भी उन्होने जनपद में अपना कद ऊँचा किया। उनके सामाजिक सरोकारों ने उन्हे एक सच्चे समाज सेवक के रूप मे प्रतिस्थापित किया तो उनकी धारदार लेखन कला ने तमाम नये पत्रकारों को प्रेरणा दी। उनकी मौत पर समाज स्तब्ध है। सताँव ब्लॉक क्षेत्र की कोन्सा पंचायत के बण्डे गाँव निवासी महेश भूषण मिश्र (बबुआ महराज) बीते कुछ दिनो से बीमार थे। अलमस्त जिन्दगी जीने के आदी रहे बबुआ महराज का जन्म, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहे शिव प्रसाद मिश्र के परिवार में हुआ। उनकी शिक्षा बड़े व प्रतिष्ठित स्कूलों मे हुई। छात्र जीवन से ही सियासी मामलों में रुचि लेने वाले बबुआ महराज ने बाद मे विधानसभा चुनावों मे भी भाग्य आजमाया। देश में आपातकाल के पहले और बाद मे सताँव विधान सभा क्षेत्र से तीन बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे उन्होने चुनाव लड़ा। नब्बे के दशक मे उन्होने पत्रकारिता के क्षेत्र मे कदम रखा और करीब पच्चीस साल तक सक्रिय रहे। इस दौरान अपनी कुशाग्र लेखन शैली से उन्होने बड़ा नाम कमाया। बबुआ महराज की पत्नी का देहान्त काफी पहले हो गया था, लेकिन 2021 व 2022 मे क्रमशः दो बड़े बेटों की मौत से उन्हे गहरा मानसिक आघात लगा। वे तभी से धीरे-धीरे अस्वस्थ होते गये और अन्ततः मौत से हार गये। बुधवार को उनका स्वास्थ्य अचानक बिगड़ा और देर शाम उनकी मौत हो गई। बबुआ महराज अपने पीछे दो बेटों व तीन बहुओं का परिवार छोड़ गये है। बबुआ महराज के पार्थिव शरीर का गुरुवार को डलमऊ गंगातट पर अन्तिम संस्कार कर दिया गया। स्वर्गीय मिश्र के पुत्र, वरिष्ठ पत्रकार राजा मिश्रा ने पिता को मुखाग्नि दी। अन्तिम संस्कार के समय जनपद के अनेक राजनेता, पत्रकार व सामाजिक सरोकारों से जुड़े गणमान्य लोग मौजूद रहे। उप्र सरकार मे स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, हरचन्दपुर के पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री पंजाबी सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता कृष्ण जीवन तिवारी, खीरों भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह, प्रेस क्लब रायबरेली के अध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी, दैनिक जागरण के ब्यूरो प्रमुख पुलक त्रिपाठी, हिन्दुस्तान के ब्यूरो प्रमुख सुनील कुमार पाण्डेय, स्वतंत्र भारत के ब्यूरो प्रमुख धीरज श्रीवास्तव, उपजा के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्र एवं सताँव प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष गिरीश अवस्थी व प्रदीप सिंह आदि ने बबुआ महराज की मृत्यु पर गहरी संवेदनायें प्रकट की और उन्हे श्रद्धाञ्जलि दी है।

# डबल इंजन की सरकार में धारा प्रवाह से प्रदेश का हो रहा है विकास: योगी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गैर भाजपा शासनकाल में किसान आत्महत्या करने को मजबूर था, तो युवा बेरोजगारी के चलते पलायन करने को मजबूर था। बहू-बेटियां व व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। अपराध चरम पर था लेकिन केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन वाली सरकारों ने हालात को पूरी तरह बदलकर उत्तर प्रदेश को विकास की पटरी पर ला खड़ा किया और आज देश विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है और प्रदेश में धारा प्रवाह के साथ विकास कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यहां कस्बा गंगोह व बड़गांव में भाजपा उम्मीवार प्रदीप चौधरी व राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। गंगोह के नवीन मंडी सभा स्थल पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय से अपना संबोधन शुरू किया। इसके बाद उन्होंने वंदे मातरम के नारे लगवाए। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने सभी को




चैत्र नवरात्र की बधाई दी और मां शाकंभरी और मां बाला सुंदरी को नमन किया। उन्होंने कहा कि सहारनपुर विकास की धारा के साथ जुड़कर विकसित भारत के सपने को पूरा कर रहा है। दिल्ली से देहरादून के बीच ग्रीन एक्सप्रेसवे बन रहा है। इस विकास की गति को जारी रखना है। सहारनपुर पर मां गंगा और यमुना की कृपा है। यहां का किसान और हस्तशिल्प का कारीगरी दूर तक मशहूर है। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि जब सहारनपुर को मजहबी उन्माद का केंद्र बना दिया गया था। जब कांवड यात्रा पर बैन लगता था, तब तो जातिवाद को बढावा देने वाला संगठन कोई आगे नहीं आता था। सबके मुंह सिल दिए जाते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले माफिया सिर ऊंचा करके घूमते थे। छोटी-छोटी बातों पर दंगा होता था। अब दंगा करने वाले खुद ही कहते हैं कि दंगा नहीं करेंगे। आप सब जानते हैं कि अब माफियाओं का क्या हाल है, हम उन्हें पकड़ कर उल्टा लटका कर मिर्ची का छोंका लगा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के लिए 140 करोड़ का भारत ही परिवार है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर बरगलाएंगे लेकिन जब जाति पर संकट आएगा, तो यह सब लोग गायब हो जाएंगे। दंगा भड़काने वाले आज जातियों का इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी सरकार ने दंगा मुक्त माहौल दिया है। कर्फ्यू मुक्त प्रदेश दिया है। दंगा कराने वालों की गर्मी को शांत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करके आतंकवाद को खत्म करने का काम पीएम मोदी ने किया है। विपक्षी दंगा, कर्फ्यू और किसानों की आत्महत्या नहीं रोक सकते हैं। इनको सिर पर ढोकर आप क्यों देश के लिए बोझा ढोहना चाहते हैं। इससे पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, गंगोह विधायक चौधरी कीरत सिंह, विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक महिपाल माजरा, एमएलसी साहब सिंह सैनी, प्रदेश मंत्री जसवंत सिंह आदि ने भी अपने विचार रखें। वहीं पूर्व मंत्री सुरेश राणा, एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक तेजिंदर निरवाल, जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएनबी डिप्लोमेट ऑफनेशनल बोर्ड कोर्स हेतु दो सीटों को मान्यता प्रदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आईएमए अध्यक्ष डॉ.कलीम अहमद ने बताया कि डीएनबी डिप्लोमेट ऑफनेशनल बोर्ड कोर्स के लिए जो आवेदन किये गये थे, उनका मूल्यांकन कर जिला महिला चिकित्सालय में दो सीटों हेतु मान्यता प्रदान कर दी गयी है।

डॉ.कलीम अहमद ने बताया कि जिला चिकित्सालयो में चिकित्सकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना जिला डीएनबी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय सहारनपुर में बाल रोग विशेषज्ञता में डीएनबी डिप्लोमेट ऑफनेशनल बोर्ड कोर्स हेतु चिकित्सा विज्ञान में नेशनल बोर्ड परीक्षा हेतु गत वर्ष आवेदन किया गया था, जिसके लिए 3 फरवरी 2024 में बोर्ड द्वारा मूल्यांकन कराया गया था। विगत् 10 अप्रैल 2024 में एनबीईएम द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में डीएनबी की दो सीटों हेतु मान्यता प्रदान कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही डीएनबी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉक्टर इन्द्रा सिंह की देखरेख में कार्यरत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.नवदीप गुप्ता, डायरेक्टर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.मनदीप सिंह, सीनियर फैकल्टी डॉक्टर संजय कुमार यादव,कोऑर्डिनेटर श्रीमती इशा कश्यप, मैनेजर की टीम द्वारा स्टेट लेवल टीम के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के लिए आवेदन संबंधित समस्त कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। ज्ञात हो की तीन वर्षीय डीएनबी कोर्स एमडी व एमएस के समकक्ष कोर्स है एवं इसमें प्रशिक्षण हेतु एमडी व एमएस की भांति एमबीबीएस के उपरांत ऑल इंडिया प्रवेश परीक्षा द्वारा ही चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश मिलता है।

# अमवन में बड़ी धूम-धाम से मनाया गया ईदुल फितर का त्यौहार

**सतांव, रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कोंसा ग्राम पंचायत के अमवन में सुबह 8:30 बजे ईदुल फितर की नमाज अदा की गई।खुशियों का त्यौहार ईदुल फितर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अमवन में मनाया गया।सर्वप्रथम अमवन की मस्जिद के इमाम मौलाना लियाकत रजा मजहरी ने मस्जिद में आए सभी नमाजियों को भाई-चारे व आपसी मेल एवं सौहार्द के त्यौहार ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर ईदुल फितर की नमाज़ के बाद पुलिस कर्मियों का फूल माला डालकर भव्य स्वागत किया गया तथा पुलिस द्वारा मस्जिद के इमाम लियाकत रजा मजहरी का फूल माला डालकर पुलिस टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया ईदुल फितर की नमाज़ में मौलाना लियाकत रजा मजहरी ने कहा कि ईदुल फितर का त्यौहार हम सब के लिए बड़ा खुशी भरा दिन हैं जिसमें हम सभी लोग एक दूसरे से गले मिलते और एक दूसरे के घर जा-जा कर ईदुल फितर की बधाईयां भी दी और सेवइयां भी खाई।अमवन मस्जिद के इमाम मौलाना लियाकत रजा मजहरी ने कहा कि इस पर्व से पहले शुरू हुए रमजान के पाक महीने में इस्लाम मजहब को मानने वाले लोग पूरे एक माह(30दिनों)तक रोजा(व्रत)रखते हैं मौलाना लियाकत रजा मजहरी ने बताया कि ईद उल फितर मुख्यतःइस्लामिक पर्व है लेकिन गांव,क्षेत्र में हम सभी एक परिवार है, यहां हम लोग सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और एक साथ मिलकर पारिवारिक माहौल के बीच सभी लोग पर्व मनाते हैं ईद,त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दर्शाता है और बताता है कि एक इंसान को अपनी इंशानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए,जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

# गोण्डा में मनाया गया ईद का त्यौहार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** मुस्लमान रमज़ान उल-मुबारक के एक महीने के बाद एक मज़हबी ख़ुशी का त्यौहार मनाते हैं। जिसे ईद उल-फ़ित्र कहा जाता है। ये



यक्म शवाल अल-मुकर्रम्म को मनाया जाता है। ईद उल-फ़ित्र इस्लामी कैलेण्डर के दसवें महीने शव्वाल के पहले दिन मनाया जाता है। इसलामी कैलंडर के सभी महीनों की तरह यह भी नए चाँद के दिखने पर शुरू होता है। मुसलमानों का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है और खुदा से सुख-शांति और बरक्कत के लिए दुआएं मांगते हैं। पूरे जनपद में ईद की खुशी पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है। नवाबगंज विकास खंड के होलापुर काजी प्रधान प्रतिनिधि जैनुल आबदीन कमाल सिद्दीकी चकशिवरहा मे प्रधान नवी अहमद शहबाज शाहपुर अकबरपुर काजी पुर मो जिया दुर्जनपुर मो इलियास सरायखत्री इदरीश सहित विभिन्न गांवो मे ईद पर लोगों ने एक दुसरे को बधाई दी। मौके पर राजिक उस्मानी व निगार फातिमा ने शाहपुर गांव सहित क्षेत्र के अन्य जगहो से आये लोगों को उपहार दे ईद की बधाई दी तथा त्योहार को मिलजुलकर मनाने के लिए सभी को धन्यावाद दिया।नगरपालिका अन्तर्गत पालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह ने सभी को ईद की बधाई दी। स्थानीय पुलिस थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय की अगुआई मे भ्रमण कर त्योहार मनाने मे सहयाक रहे।मनकापुर क्षेत्र के दतौली पुलिस द्वारा पूरे रमजान भर सतर्क रहकर क्षेत्र में अमन शांति के साथ ईद को सकुशल संपन्न कराया गया। तरबगंज करनैलगंज गोंडा सदर सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर ईद को सकुशल संपन्न कराने में स्थानीय पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। इस मौके पर नगरपालिका नवाबगंज के युवा नेता चांद बाबू डा शफीक डा हाफिज अली शहबान अली हनफी मुफीद खान नवाज खान मो जिया प्रधान काजी पुर सरयूघाट चौकी इंचार्ज संजीव सिंह रविंद्र सिंह सुनील यादव देशदीप गिरि कोल्हमपुर चौकी इंचार्ज शेषनाथ पांडेय अभिषेक मिश्रा, अनिल यादव, राकेश कनौजिया, कमलेश यादव, उमेश यादव, रविंद्र प्रताप, जितेंद्र सिंह,अविनाश कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार गोधरा कांड के प्रत्यक्षदर्शी आर पी मिश्रा का निधन

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** तरबगंज तहसील के गावं घांचा विकापुर के निवासी बरिष्ठ पत्रकार आर पी मिश्रा 54 का लम्बी बिमारी के बाद अस्पताल में



निधन हो गया श्री मिश्रा के निधन से पत्रकार जगत में अपूरणीय क्षति हुई, श्री मिश्र गोधरा कांड के प्रत्यक्षदर्शी थे। इन्होने हिंदी पाक्षिक समाचार पत्र प्रकाशित किया था। वर्तमान में दैनिक समाचार पत्र में लेखन कर रहे थे वे श्रमजीवी पत्रकार संगठन के सदस्य थे पिक्षले वर्ष श्रमजीवी पत्रकार युनियन के सदस्यों के साथ मथुरा में युनियन के जिलाअध्यक्ष कैलाशनाथ वर्मा के साथ मथुरा के प्रांतीय सम्मेलन में सहभागिता किया था श्री मिश्रा के निधन से पत्रकार जगत में अपूरणीय क्षति हुई है क्षेत्राधिकारी विधायक प्रेम नरायन पांडेय अनुज शुक्ला , श्रमजीवी पत्रकार युनियन के अध्यक्ष कैलाशनाथ वर्मा, मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, वेदप्रकाश दूबे,जनार्दन प्रसाद तिवारी सूर्य लाल दुबे, सत्येन्द्र श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार महादेव सागर अशोक सिंह मोनू पांडेय पंश्याम त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी,आनन्द दूबे, ब्रजेश पाठक, अविनाश श्रीवास्तव,अनमोल मिश्रा ध्रुव मिश्रा हरीश तिवारी आशू तिवारी विवेक तिवारी बनारसी लाल मौर्या संजय श्रीवास्तव अशोक कुमार आदि पत्रकारों ने श्री मिश्र के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।

# ससुराल जा रहे युवक को गंभीर रूप से घायल कर भागे पुलिस कर्मी

*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** स्थानीय थाने के पुलिसकर्मियों पर एक महिला ने उसके पति को गंभीर रुप से घायल कर अधमरा छोड़ कर भाग जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक गोंडा से शिकायत की है वहीं पैर टूटने के कारण घायल युवक का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव के केवटहिया मजरा निवासी चंदा देवी पत्नी धर्मवीर निषाद ने पुलिस अधीक्षक को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि बीते सोमवार मेरे भाई की तबीयत खराब थी जिसकी जानकारी होने के बाद मेरे पति रात करीब 09:30 बजे बाइक से मेरे मायके जा रहे थे। रास्ते में शोभापुर गांव में स्थित एल ऐंड टी के पास स्थानीय थाने पर तैनात मुख्य आरक्षी करीमउल्ला ने अपनी बाइक से पीछे से आकर मेरे पति की बाइक में टक्कर मार दी जिससे वो जमीन पर गिर पड़े और उनका पैर टूट गया साथ ही शरीर के अन्य अंगो में भी गंभीर चोटें आई है। सभी पुलिस कर्मी मेरे पति को घायल छोड़कर भाग गये। किसी तरह सूचना मिलने पर जब हम लोग मौके पर पहुंचे तो मेरे पति ने बताया कि थाने पर तैनात मुख्य आरक्षी करीमउल्ला ने बाइक से मुझे ठोकर मार दी जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्य आरक्षी के साथ थाने की नीली टाटा सूमो गाड़ी में मुख्य आरक्षी दया यादव और दो अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे। जब मैंने उनसे अस्पताल में भर्ती कराने की गुहार लगायी तो दया यादव सहित अन्य दो पुलिस कर्मियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि ज्यादा बोलोगे तो जान से मार कर मर्चरी भेज देंगे। मौके पर लोगों को इकट्ठा होता देख सभी पुलिस कर्मी मुझे घायल छोड़कर मौके से फरार हो गए।

फिलहाल इस मामले में घायल युवक की पत्नी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल से भी न्याय की गुहार लगायी है। वहीं घायल युवक का इलाज अयोध्या जनपद के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है जहां बुधवार को उसके पैर का ऑपरेशन होना है।

## मानवता हुई शर्मसार- घायल होकर गिड़गिड़ाता रहा युवक नहीं पसीजे पुलिस कर्मी

मुख्य आरक्षी करीमउल्ला ने अपनी बाइक से युवक को पीछे से जोरदार ठोकर मारी जिससे उसका बांया पैर टूट गया साथ ही सड़क पर गिरने के कारण सर और हाथ में भी चोटिल हो गया।

जिन पुलिस कर्मियों ने उसे घायल किया उन्हीं से वह इलाज के लिए गिड़गिड़ाता रहा लेकिन वर्दी के गुरूर में मगरूर पुलिस कर्मी उसे रात के अंधेरे में सुनसान सड़क पर छोडकर भाग आये। इस घटना में एसएचओ नवाबगंज की टाटा सूमो का भी जिक्र किया गया है जबकि वह स्वयं मौके पर नहीं थे।

# भाजपा सभी समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी : सूर्यप्रताप शाही

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** सलेमपुर के मेनका मैरेज हाल पर लोकसभा 71 सलेमपुर का चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की गयी। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सभी समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदार का निर्वहन करते हुए अपने मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ परअपना सक्रिय योगदान दें, क्योंकि लोकसभा चुनाव की असली लड़ाई तो बूथ पर ही लड़नी होती है। आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब का जयंती सामाजिक समरसता के रूप में एवम 17 अप्रैल को रमन हर बूथ पर कार्यकर्ता बड़ी धूमधाम से मनायेगे। कार्यकर्ता हर वर्ग से संपर्क रखे जिससे अधिक से अधिक मत भाजपा के पक्ष में पड़े, इसके लिए सजग और सक्रिय रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनेगी, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है पर सिर्फ आंकड़ों पर विश्वास करके निश्चिंत नहीं बैठना है। वोट सहेजने में बूथ समिति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि समिति के पास एक-एक वोट का ब्यौरा होना चाहिए, जिससे हर मतदाता तक पहुंचने में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने घोटालो का रिकार्ड बनाया है। बिजली,सड़क, पानी और विकास की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का काम भाजपा ने किया। मोदी और योगी का नाम देश में ही नहीं, बल्कि अन्य देशों में भी लिया जाता है। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल में भारत ने विकास का नया मॉडल विश्व के सामने प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के बाद जहां विश्व के बड़े बड़े देश की आर्थिक स्थिति चरमरा रही है। वहीं भारत 6 से 7 प्रतिशत की विकास दर से आगे बढ़ रहा है और मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि इस समय पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल बना हुआ है। जरूरत इस माहौल को वोट में बदलने की है। इसमें बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अलावा पन्ना प्रमुख जितना सक्रिय रहेंगे, चुनाव परिणाम उतना ही जबरदस्त आएगा।

**सलेमपुर सांसद एवम लोकसभा प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के चुनाव प्रचार की बनी रणनीति**

# खुशनुमा माहौल में अदा हुई ईद की नमाज

वहाज अली निहाल



**इटावा।** ईद-उल-फित्र का त्योहार शहर में हर्षोल्लास और खुशनुमा माहौल में मनाया गया।हजारों मुसलमानों ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद की जहां बधाई दी वही मुल्क में आपसी भाईचारे और अमनचैन की दुआये की। सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद की नमाज मौलाना कमालुद्दीन अशरफी पेश इमाम ईदगाह ने अदा कराई।

इस दौरान उन्होंने मुल्क,सूबे व जनपद में अमनचैन की दुआ कर सभी लोगों से मिलजुल कर ईद मनाने की अपील की। नमाजियों का ईदगाह में पहुंचना सुबह से ही शुरू हो गया था, पूरी ईदगाह नमाजियों से खचाखच भर गई जहां हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज पढ़ी।ईदगाह कमेटी द्वारा तैनात वालिंटियर ने ईदगाह भर जाने पर नमाजियों को शहर की विभिन्न मस्जिदों में नमाज़ के लिए भेजा। ईदगाह में नमाज की व्यवस्था में सेकेट्री डॉ. मोहम्मद अफजाल, कोषाध्यक्ष अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी सहित समस्त कमेटी का योगदान रहा।नमाज के बाद हजारों लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। प्रशासन और पुलिस ने नमाज को शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज नक़्वी ने बताया कि शिया समाज की ईद उल फितर की नमाज चाणक्य होटल स्थित ईदगाह में मौलाना सैयद अनवारुल हसन ज़ैदी ने अदा कराई।डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार ने शहर के कई प्वाइंटों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात किया।

मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतिजाम किये गये थे। नगर पालिका परिषद द्वारा मस्जिदों के आसपास व मुस्लिम मोहल्लों में सफाई की व्यवस्था कर कलई का छिड़काव कराया गया।अधिकारियों व नेताओं ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज से गले मिलकर बधाई दी। ईद की नमाज़ अदा करने के बाद कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी,हाफिज़ मोहम्मद अहमद,हाफिज़ कैफ़,हाजी कमर अब्बास,हाजी अरशद मरगूब,राहत अकील,शावेज नक़वी,तनवीर हसन,राहत रिजवी,पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद,खादिम अब्बास, फईम उद्दीन गुड्डू वारसी, मो.अल्ताफ,शफी अहमद, खादिम अब्बास,हाजी फजल यूसुफ, हाजी गुड्डू मंसूरी,हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, पप्पू बशीर, मोनू बशीर,हाजी अजीम वारसी, वाई के शफ़ी,मैराज अली ख़ान एडवोकेट,हाशिम कुरैशी, मोहम्मद दिलशाद चिश्ती,जैनुल आबेदीन, कामरान खान,डॉ.अयाज अली, डॉ.मरगूब,हनी वारसी,मुमताज चौधरी आदि तमाम लोगों ने मुल्क में सुख शांति के लिए दुआये की गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

# डामर गांव में आंधी से विद्युत तार से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में लगी आग

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में शाम को आई आंधी से विद्युत आपूर्ति के दौरान तार से निकली चिंगारी से गेंहू की फसल में आग लग गई। जिससे तीन किसानो का नुकसान हुआ है। वही ग्रामीणों ने एकत्र हो कर आग पर काबू पाया। तथा दमकल दस्ते को घटना की जानकारी दी। क्षेत्र के डामर गांव में शाम पांच बजे के लगभग आई आंधी से कुतुबपुर खोड़ जाने वाले सड़क किनारे खेतो मे खड़ी गेंहू की फसल में विद्युत आपूर्ति के दौरान हुई स्पार्किंग से गिरी चिंगारी से गेंहू की फसल में आग लग गई। जिससे गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। लोगों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने एकत्र हो कर आग पर काबू पाया। गांव निवासी महेश कुमार की डेढ़ बीघा गेंहू की फसल, राधे कृष्ण की दो बीघा गेंहू की फसल, सुखदेव की डेढ़ बीघा गेंहू की फसल आग की चपेट में आ गई। जिससे गेंहू की फसल का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत लाइन जर्जर होने के कारण आए दिन विद्युत तार टूटने की घटनाएं बढ़ रही है। एक सप्ताह पूर्व कुशौली पुरवा गांव में भैंसा पाली गांव को गई विद्युत लाइन का तार टूटकर गिर जाने से ओमप्रकाश की एक बीघा गेंहू की फसल जल कर खाक हो गई थी। डामर गांव निवासी पंकज के चना की फसल विद्युत तार टूटने से जल गई थी। मजदूर मौके पर होने पर फसल बच गई थी। कुरारा देहात फीडर से ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाली विद्युत लाइन के तार पुराने व जर्जर हो चुके हैं। गर्मी के मौसम में आंधी तूफान आने से तार से चिंगारी निकल कर गेंहू की फसल में गिर रही है। जिससे फसल जल रही है। किसान बाबू सिंह ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति शाम पांच बजे तक बंद रहती थी। लेकिन आज दिन भर विद्युत आपूर्ति होती रही है। जिससे आगजनी की घटना हो गई है। वही दमकल दस्ते भी एक घंटा देरी से मौके पर पहुंचे। तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

**तीन किसानों का हुआ नुकसान**

## अमन चैन की दुआ को उठे हज़ारों हाथ दी मुबारकबाद

**मथुरा।** महानगर में रमजान माह के समापन पर गुरुवार को ईद-उल-फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई। नमाज अदा कर मुस्लिमों ने देश की तरक्की और अमन की दुआ अल्हा से मांगी। नमाज के दौरान शाही ईदगाह के समीप डीग गेट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रही। सभी ने एक-दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। गुरुवार को ईद उल फितर के मौके पर मुसलमान भाईयों ने खूसू व खजू के साथ नूरानी माहौल में नमाज सुबह 8:30 बजे शाही ईदगाह व जामा मस्जिद अलावा जिले भर की मस्जिदों में अदी की गयी। इस अवसर पर सभी नमाजी नये कपड़े व रंग बिरंगी टोपियां लगाकर मस्जिदों में पहुंचे। इस अवसर पर सामूहिक रूप से खैर व आफियत, अपने गुनाहों के लिए माफी, जहन्नुम से बचाव, आपसी भाईचारे व सामूहिक दुआ की गई। शांति पूर्वक सम्पन्न कराये जाने को लेकर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय डीग गेट पर मौजूद रहे। शहर और देहात में मस्जिदों के आसपास पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भ्रमणशील रहे।

## जिला प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच तृतीय चरण के नामांकन प्रारंभ



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण के नामांकन जिला प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाओं के साथ शुक्रवार से प्रारंभ हुए।

जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा नामांकन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं व तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। हाईवे से कलेक्ट प्रवेश द्वार पर नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार के साथ भारी संख्या में पुलिस कोर्स तैनात किया गया है, जहां से आम लोगों को प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। प्रवेश द्वार से केवल नामांकन करने वालों को ही नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। आज नामांकन के प्रथम दिवस कोई नामांकन नहीं हुआ लेकिन 21 नाम निर्देशन पत्र/आवेदन पत्र बिक्री हुए जिसमें राजवीर सिंह निर्दलीय,प्रेम दत्त राष्ट्रीय उदय पार्टी,विद्याराम वर्मा इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी, नाजरीन निर्दलीय, उपेंद्र सिंह राजपूत भारती किसान परिवर्तन पार्टी, भगवान दास निर्मल निर्दलीय, दिनेश सिंह भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अक्षय यादव समाजवादी पार्टी, सत्येंद्र कुमार जैन बहुजन समाज पार्टी, कैलाश लोधी निर्दलीय, विनीत यादव सर्वजन सुखाय पार्टी, शशिकांत परिवर्तन समाज पार्टी, रजनेश कुमार लोकप्रिय राष्ट्रवादी पार्टी, मोहित बंसल निर्दलीय,महेंद्र सिंह यादव आदर्श जनता पार्टी, एतराम अली पर्चम पार्टी ऑल इंडिया, महेश चंद्र शर्मा निर्दलीय, बलबीर सिंह मौलिक अधिकार पार्टी, रेखा देवी निर्दलीय, सतीश कुमार निर्दलीय, रामगोपाल निर्दलीय रहे।

## आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के तत्वावधान में आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत ग्राम हरदोई राजा में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 492 रोगियों को निशुल्क दवा वितरित की गई। आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा राजपूत ने दीप प्रज्जवलन कर व भगवान धन्वंतरि, मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान डॉ. पूजा राजपूत ने कहा कि आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का सर्वाधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को हुआ है। उन्हें गांव में ही स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क दवा दी जा रही है। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा राजपूत, प्रशिक्षु चिकित्सक डॉ. आयुष एवं स्टाफ नर्स प्रियंका देवी, राहुल पाठक, रतन सिंह, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट किशन सोनी आदि ने वातव्याधि, चर्म रोग, ज्वर, ग्रहणी, अतिसार, उदर रोग, कटिशूल, प्रतिश्याम आदि रोगों के 492 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की।

## फ्लैग मार्च कर जनता को दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**बिलग्राम हरदोई अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ नगर मैं फ्लैग मार्च कर के जनता को एहसास कराया कि वह निर्भीक होकर मतदान करें। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी कोतवाल नारायण कशवाहा ने हरदोई रोड कानपुर रोड सदर बाजार रोड सहित नगर की तमाम गलियों में भारी भरकम पुलिस के जवानों के अलावा सीआरपीएफ के जवानों के साथ फ्लैग मार्च कर के जनता को या एहसास दिलाया कि वह आगामी लोकसभा के चुनाव में बिना किसी भय के साथ मतदान करें पुलिस तथा सीआरपीएफ के जवान उनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी रखेंगे फ्लैग मार्च के बाद कोतवाल ने बताया कि पूरा कार्यक्रम चुनाव आयोग के निर्देशानुसार किया जा रहा है और जनता को यह भी एहसास कराया जा रहा है कि वह पूरी तरह सुरक्षित हैं कोतवाल नारायण कुशवाहा ने कहा यदि जनता को कोई भी भय या लालच देता है उसकी शिकायत मिलने पर उसके विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा और जनता की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में केंद्रीय रिजर्व पुलिस सहित पुलिस के जवान तैनात रह कर हर समय निगरानी करती रहेगी। फ्लैग मार्च में कस्बा इंचार्ज अशोक सिंह एसएसआई गोपाल मिश्रा व सीआरपीएफ के जवान मौजूद रहें।

# द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फाउंडेशन ने ज़रूरतमंद लोगों के साथ मनायी ईद



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन ने डीआरवी कॉलेज के पास, बदशाहनगर के पास झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों के साथ ईद का त्योहार मनाया और लोगों को उपहार वितरित किये।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौलाना सय्यद सिब्ते मोहम्मद रिज़वी (इस्लामिक स्कॉलर मशहद) बतौर अतिथि डॉ. जागृति आनंद शर्मा डेंटिस्ट, डिजिटल क्रेटर्स , डॉ. शिवम, श्रीमती मधुमिता गांगुली (सीनियर प्रोड्यूसर 93.5 एफ एम रेडियो), अर्ची (स्टेशन प्रोडूसर 93.5 एफ़ एम ) रबाब फातिमा (टीम खाते जाओ) मौजूद रहीं। इस कार्यक्रम में सिब्ते मोहम्मद रिज़वी ने कहा एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय है और इस तरह के कार्यों की समाज में जरूरत है जो लोगों को एक दूसरे से मिलाये और एक दूसरे की जरूरत को पूरा कर सकें उन्होंने फाउंडेशन के लिए दुआ की कि फाउंडेशन को कामयाबी हासिल हो। द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से जरूरतमंद लोगों को ईद के लिए कपड़े भी वितरित किए गए एवं उन्हें सेवइयां भी दी गई।

द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से वली मिर्ज़ा, इमरान अली, मुनतज़िर अब्बास अतहर अब्बास एवं संस्थापक मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष ईमानदार सरकार को मतदान करके चुने : पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए दयानंद वेदिक कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को चुनाव प्रक्रिया की महत्ता को बताया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मतदाता किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बगैर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष एवं ईमानदार सरकार को चुनना है, इसके लिए हमें ईमानदार प्रतिनिधि का चयन करते हुए दिनांक 20 मई 2024 को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व पर अधिक से अधिक संख्या में बूथों पर पहुंचकर मतदान करें। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं तथा युवा मतदाता अपने अभिभावकों तथा अपने गली मोहल्लों में आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बगैर धर्म, जाति, वर्ग से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कहा कि मतदान के दिन निर्भीक होकर अपना वोट अवश्य डालें सभी संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए किसी को डरने की जरूरत नहीं है, निर्भीकता से बूथों पर जाएं, बिना किसी दबाव के अपने मनचाहे प्रत्याशी को वोट करें, आपको बेहतर वातावरण मिलेगा। इसमें किसी ने भी बाधा उत्पन्न की तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सबको मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है, हर एक मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है, 20 मई 2024 को जनपद के समस्त मतदाता मतदान अवश्य करें।

## मांगलिक कार्यो में किन्नरों की उपस्थिति को बहुत शुभ माना जाता है : सिंह

**हरदोई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज नगर पालिका सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जनपद के किन्नर समाज का सम्मलेन एवं रैली का आयोजन किया गया। इस जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मांगलिक कार्यो में किन्नरों की उपस्थिति को बहुत शुभ माना जाता है और उम्मीद है कि आप लोगों के सहयोग से जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होने कहा कि सभी मतदान केन्द्रो पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं और समस्त किन्नर समाज के लोग अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें तथा जनपद को शीर्ष मतदान वाले जनपदों में पहुंचाने के लिए मतदान दिवस 13 मई 2024 को ध्यान में रखें। जिलाधिकारी ने उपस्थित किन्नर समाज के लोगों एवं अन्य उपस्थित समाज सेवियों आदि को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी।

## अमरनाथ यात्रा रजिस्ट्रेशन के लिए मेडिकल शुरू

**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा शुक्रवार को विधिवत अमरनाथ यात्रा बोर्ड का शुभारंभ करते हुए 35 लोगों के मेडिकल रजिस्ट्रेशन हेतु प्रमाण पत्र जारी किए गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार इस वर्ष मंगलवार व शुक्रवार को राजकीय अवकाश छोड़कर अमरनाथ यात्रियों की जांच कर उनके प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे जो अमरनाथ यात्री वर्ष 2024 में यात्रा करना चाहते हैं वह मंगलवार और जिला चिकित्सालय पर उपस्थित होकर अपना मेडिकल कराने की व्यवस्था करें।अमरनाथ यात्रा मेडिकल फॉर्म विजय इलेक्ट्रॉनिक पुल कहारान एवं न्यू गुप्ता ज्वेलर्स भरथना चौराहा पर 10 बजे से 5 तक उपलब्ध रहेंगे, जो अमरनाथ यात्री यात्रा करना चाहते हैं वह फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

## संचारी रोगों के प्रति लोगों को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संविलित विद्यालय अमीरपुर के छात्र छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं एवम् आंगनवाडी कार्यकत्रियों द्वारा गांव में रैली निकाली गई। नोडल संकुल शिक्षक गीता रावत ने बताया कि इस समय संचारी रोग फैल रहे हैं। संचारी रोग वे रोग हैं जो सूक्ष्मजीवों जैसे मच्छरों, कीड़ों के कारण हो सकते हैं। यह एक रोगग्रस्त व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। मलेरिया, तपेदिक, फ्लू आदि संचारी रोग होते हैं जिनको खांसी, थकान, शरीर दर्द, दस्त, जीमिचलाने आदि के लक्षणों से पहचाना जा सकता है। नियमित रूप से हाथ धोना, अपने घर के आस पास पानी एकत्रित न होने देना, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करके हम इन रोगों से बचाव कर सकते हैं। संचारी रोगों को फैलने से रोकने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल चिकित्सकों को दिखाएं।

# बसपा के जिला अध्यक्ष बने सत्य प्रकाश कर्दम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सामान्य लोकसभा चुनाव के दौरान बदले का घटनाक्रम के चलते बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख ने मथुरा में गोवर्धन सिंह को जिला अध्यक्ष पदों से हटाते हुए आगरा मंडल के कोऑर्डिनेटर रहे सत्य प्रकाश कर्दम को बहुत-बहुत मथुरा में बहुजन समाज पार्टी जिलाधिकारी अध्यक्ष के पद पर ताजपोषी करते हुए कमान शोंपी है। बहुजन समाज पार्टी मथुरा में सामान्य लोकसभा निर्वाचन में दो बार से सांसद और प्रत्याशी भाजपा की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी का मुख्य मुकाबला बहुजन समाज पार्टी के चौधरी सुरेश सिंह जो पूर्व आईआरएस अधिकारी वर्तमान में एक बड़े आवासीय शिक्षण संस्थान के संचालक हैं उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाकर मुकाबला को रोचक बना दिया है गुरुवार को पार्टी के स्टार प्रचारक और बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद की सभा के माध्यम से चुनावी माहौल को करवाने का काम और मतदाताओं को रिझाने का काम किया गया अचानक शुक्रवार को बदले घटनाक्रम के अनुसार बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने सत्य प्रकाश कर्दम जो पिछले वर्ष नगर निगम चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी कार्य करने के कारण उन्हें और उनके साथियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। पार्टी के चंद नेताओं ने श्री कर्दम को पिछले रास्ते से निष्कासन समाप्त कर आगरा मंडल के कोऑर्डिनेटर के पद पर ताजपोसी की गई थी उन्हें यकायक मथुरा का जिला अध्यक्ष बनाकर सभी पार्टीजन और उनके समर्थकों को भोचक करके रख दिया है चुनाव के दौरान अचानक किए गए इस बदलाव को कार्यकर्ता और वोटर हजम नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में अनेक पार्टी नेताओं से बात करने का प्रयास किया गया उन्होंने पार्टी हाई कमान का निर्णय स्वीकार करते हुए अपनी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।

# पैराडाइस स्कूल के बच्चों ने शतरंज प्रतियोगिता में लहराया जीत का परचम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय के चार बच्चों ने सैनिक स्कूल मैनपुरी में हुई शतरंज प्रतियोगिता में सभी स्कूलों को पछाडते हुये लिखी जीत की इबारत। आपकों बताते चलें कि सैनिक स्कूल मैनपुरी में 10 व 11 अप्रैल को इण्टर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में सभी स्कूलों के 134 बच्चों ने प्रतिभाग किया था।

पैराडाइस स्कूल के 20 बच्चों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें से 4 बच्चों ने जीत हासिल की। अण्डर 11 कैटेगरी में कक्षा 5 की नव्या मिश्रा ने यू.एस मैमोरियल,सुदिती ग्लोबल व सैनिक स्कूल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अण्डर 8 कैटेगरी में कक्षा 4 की कौशिकी चैहान ने ब्लूमिंग बड्स, सैनिक स्कूल व सैंट मैरी का हरा कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 8 बॉयस कैटेगरी में कक्षा 5 के देव यादव ने यू.एस मैमोरियल, सैंट थॉमस व सैंट मैरी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बेस्ट वूमन कैटेगरी में कक्षा 11 की लकी मिश्रा ने सैंट थॉमस, सैंट मैरी, सुदिती ग्लोबल व ब्लूमिंग बड्स को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुये पैराडाइस स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य अग्निवेश पाण्डेय थे। प्रतियोगिता में जीते हुये सभी बच्चों को विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने बधाई दी और जो बच्चे जीत नहीं पाये उनका भी उत्साह वर्धन किया और कहा कि आपने प्रयास तो किया आज नही तो कल जीत अवश्य मिलेगी इसलिये जीवन में सदैव प्रयास करते रहें एक न एक दिन सफलता आपके कदम चूमेगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पलता पाण्डेय, कुशाग्र पाण्डेय, बतिा तिवारी, सारिका सिंह, मुकेश चतुर्वेदी सहित समस्त स्टाफ ने सभी बच्चों को बधाई दी।

## सीएम ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दीं

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बैसाखी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बैसाखी का त्योहार हमारी गौरवशाली परम्परा एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक है। नई फसल के कटने से जुड़ा यह त्योहार हमारे देश की कृषक परम्पराओं और समृद्ध संस्कृति का भी परिचायक है। बैशाखी दिन दसवें सिख गुरु गोबिन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। यह दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े उत्साह से अलग-अलग त्योहारों के रूप में मनाया जाता है। यह सभी त्योहार नव वर्ष के आगमन के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री जी ने कामना की है कि हर्ष और उल्लास का पर्व बैसाखी सभी के जीवन में समृद्धि और प्रसन्नता लाए।

## केएम में 20 अप्रैल तक जांच हुई फ्री

**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** आपके, आपके परिवार और आपके जीवन के लिए केएम हॉस्पिटल स्वास्थ्य की राजधानी बनकर ब्रज में रहने वाले प्रत्येक ब्रजवासी को खर्चा मुक्त इलाज दे रहा है। पिछले दिनों केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के आदेशानुसार हॉस्पिटल में स्त्री व प्रसूति रोग विभाग और बाल रोग विभाग में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है जो 20 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा। जिसमें सभी प्रकार की जांचे फ्री एवं स्वास्थ्य सेवाएं वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क मुहैय्या कराई जा रही है। जिससे रोजाना ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या तीन गुना हो गई है। कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया मेरे ब्रज में रहने वाला प्रत्येक ब्रजवासी, अब इलाज से चिंतामुक्त हो रहा है। इसी उद्देश्य से केएम अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं सबसे कम खर्च पर उपलब्ध है। स्त्री व प्रसूति रोग विभाग एवं बाल रोग विभाग (पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट) में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 20 अप्रैल तक लगाया गया है, जिसमें अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, ईसीजी, केएफटी, एलएफटी, सीबीसी, यूरियन आरएम की जांच फ्री के साथ-साथ चिकित्सकीय परामर्श भी फ्री दिया जा रहा है।

## मतदाता स्वयं वोट दें और अपने परिवार, सगे सम्बंधियों, मित्रों एवं पड़ोसियों आदि को भी मतदान के लिए प्रेरित करें: जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने के दृष्टिगत ÷अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान÷ के तहत सम्पूर्ण जनपद में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत पिछले चुनाव के सापेक्ष मतदान प्रतिशत में और सुधार लाये जाने के दृष्टिगत मतदाताओं से घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जा रही है और उन्हें जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता से लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु लोकतंत्र के प्रति अपने सर्वोपरि कर्तव्य अर्थात अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु जागरूक किया जा रहा है और अपील की जा रही है कि मतदाता स्वयं वोट दें और अपने परिवार, सगे सम्बंधियों, मित्रों एवं पड़ोसियों आदि को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अभियान के तहत ऐसे क्षेत्र जहां पर विगत चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है वहां पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी के क्रम में आज विकासखण्ड बीकापुर में एडीओ आईएसबी, एडीओ सहकारिता और ग्रामवासियों के साथ बीडीओ ने ग्राम पंचायत तोरोमाफी आदि क्षेत्र जहां पिछले चुनाव में बहुत कम मतदान था इन गांवों में विशेष अभियान चलाकर समूह की दीदियां, आंगनवाड़ी, आशा बहू, वीएलओ द्वारा ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर सर्वे किया गया और सभी से वोट करने की अपील की गयी। इसी प्रकार विकास खण्ड मयाबाजार की ग्राम पंचायत केशवपुर, उनियार, पौसरा, देवापुर, बबुआपुर आदि गांवों में स्वीप अभियान अन्तर्गत एस0एच0जी0 की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत मखदूमपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर ग्रामीणों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। विकासखण्ड सोहावल के ग्रामसभा पूरेलोध, तहसीनपुर, मुस्तफाबाद, ग्राम पंचायत सरंगापुर, रौनाही, पिलखावा, चिर्रा मोहम्मदपुर में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। विकासखण्ड तारून के ग्राम पंचायत रामदासपुर में खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, बी0एम0एम0, बी0एल0ओ0 एवं समूह की दीदियों द्वारा घर-घर जाकर के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया गया।

# राम नवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार हो रही राम नगरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब पहली चैत्र रामनवमी पर अयोध्या में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध रामनवमी मेले को लेकर शासन ने विशेष तैयारी की है। चैत्र रामनवमी मेले में देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे, जिसे देखते हुए शुद्ध पेयजल, उनके ठहरने की व्यवस्था, स्वच्छता, शौचालय आदि के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। शुद्ध पेयजल के लिए लगाए गए नल अयोध्या नगर निगम ने पेयजल के लिए भक्ति पथ, धर्म पथ, रामपथ, सरयू घाट, पार्किंग स्थल क्षेत्र, राम की पैड़ी क्षेत्र, दर्शन पथ व अयोध्या धाम के अन्य स्थलों पर 132 स्थानों पर जलापूर्ति की व्यवस्था की है और इसके अलावा 143 स्थान पर अस्थाई तौर पर जल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। 955 स्थान पर हैंड पंप लगाए गए हैं, इसके अलावा 322 स्थान पर पहले से नगर निगम ने स्टैंड पोस्ट की व्यवस्था की है। मेला क्षेत्र में 30 वॉटर टैंकर लगाए गए हैं और 30 अन्य निकायों से मांगे गए हैं।मेला क्षेत्र मे आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गई शौचालयों की व्यवस्था नगर निगम ने मेला क्षेत्र में रामपथ क्षेत्र, धर्मपथ क्षेत्र, भक्ति पथ, निकास मार्ग, लता मंगेशकर चौराहा, दर्शन पथ, अयोध्या क्षेत्र के अन्य स्थानों पर 35 स्थाई एवं 467 अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की है। राम नवमी मेले के मौके पर स्वच्छता व्यवस्था मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नगर निगम की ओर से 2065 सफाई कर्मचारी तैनात किए गए हैं। ये तीन पालियों में मेला क्षेत्र में सफाई कार्य करेंगे। सफाई कार्य की देखरेख के लिए 66 पर्यवेक्षक भी लगाए गए हैं। मेला क्षेत्र से कूड़ा-कचरा बाहर करने के लिए विभिन्न प्रकार के 86 वाहन मेला क्षेत्र में लगाए गए हैं। 395 स्थानों पर डस्टबिन रखी जा रही है। जिससे मेला क्षेत्र में गंदगी न दिखे। इसके अलावा जेटिंग मशीन, डम्पर एनीमल लिफ्टिंग, स्वीपिंग मशीन, पानी का टेंकर आदि की भी व्यवस्था की गई है। मच्छरों से लोगों को निजात दिलाने के लिए फागिंग एवं एनटी लार्वा का छिडकाव प्रतिदिन किया जाएगा। मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को जूता चप्पल रखने की व्यवस्था नगर निगम अयोध्या की ओर से अयोध्या में श्रद्धालुओं को उनके जूता चप्पल रखने के लिए भी व्यवस्था बनायी है। अयोध्या मेला क्षेत्र में यह व्यवस्था 15 से 18 अप्रैल के बीच जारी रहेगी। मेला क्षेत्र में साकेत पेट्रोल पम्प से हनुमान गुफा के मध्य मार्ग, बिडला धर्मशाला में, भजन संध्या स्थल के पास, कच्चे पक्के पार्किग स्थल के पास, गोण्डा पुल के निकट व्यवस्था की गई है। धूप से बचाने के लिए व्यवस्था रामनवमी के मौके पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को धूप से बचने के लिए नगर निगम ने सड़कों पर कारपेट बिछाने की व्यवस्था की है, जिससे नंगे पैर चलने में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो। इसके अलावा सड़कों के किनारे उनके ठहरने, पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्थाएं की गई हैं।

## इग्नू में 30 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत्: डॉ0 रीना कुमारी

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केन्द्र में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ द्वारा बुधवार को परिचय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर इग्नू की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 रीना कुमारी ने बताया कि आज इग्नू में 30 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत् है। इग्नू का उद्देश्य दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास आधारित शिक्षा को पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि लखनऊ क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों को सहायता सेवा प्रदान करने के लिए गूगलमीट, ई-मेल, वाट्सएप ग्रुप एस.एम.एस एवं चैनल द्वारा सत्रों का आयोजन किया जाता है।

## खुले में रखा ट्रांसफार्मर, दे रहा दुर्घटना को दावत



**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र के कोल्हुई कस्बे के पशु अस्पताल के बगल रिहायसी क्षेत्र में जमीन के सहारे खुले में रखे ट्रांसफार्मर को ग्रामीणों ने फेंसिंग कराने की मांग की है। ढाई सौ केवीए की क्षमता वाले ट्रांसफार्मर से कस्बे के आधी आबादी को सप्लाई दी जाती है।कुछ माह पहले ट्रांफ़ार्मर में अचानक आग लग गयी थी ।किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका था।उसी समय लोगो ने ट्रांसफार्मर के चारो तरफ बाउंड्री कराने की मांग किया था ।लेकिन कई माह बाद भी विभाग ने फेंसिंग कराने की जहमत नही उठाई।ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते के बगल जमीन के सहारे रखा ट्रांसफार्मर इंसानों के साथ साथ जानवरो के लिए भी खतरा बन गया है।बरसात में तो और भी खतरा बढ़ जाता है पर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे।ट्रांसफार्मर रखने के लिए कई नियम हैं। ट्रांसफार्मर को चबूतरे पर रखना चाहिए। आपूर्ति के तारों में गार्डिंग लगी होना आवश्यक है। जाली के घेरे में रखना जरूरी है, लेकिन विभाग ने नियमों से ट्रांसफार्मर रख दिए गए हैं। ओवर लोड में तार टूटते हैं तो लटकते रहते हैं। आस-पास के लोगों को इसके पास से गुजरने पर करंट का भय लगता है।इसके बाद भी अधिकारी मौन बने हुए हैं, जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है। इस संबंध में जेई राकेश कुमार ने बताया कि मामला जानकारी में है फेंसिंग करा दिया जाएगा।

## सपा नेताओं ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** शहर के सिविल लाइन स्थित ईदगाह में गुरुवार को ईद की नमाज अदा हुई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय, पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव के अलावा अन्य सपा नेताओं ने ईद की नमाज अदा कराने वाले क़ाज़ी शहर मुफ्ती मौलाना शमसुल क़मर क़ादरी अलीमी से भी ईद की नमाज के बाद गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए शहर की गंगा जमुना तहज़ीब की मिसाल कायम की। इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा की ईद का त्यौहार आपसी मतभेद को भुलाकर एक दूसरे के प्रति मोहब्बत पैदा करने का संदेश देती है। वहीं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हिंदी हैं हम वतन है हिंदुस्तान हमारा। ईद एकता में अनेकता पैदा करने वाला त्योहार है। हमें चाहिए कि हम सभी



धर्मों का सम्मान करें और उनके त्योहारों में पहुंचकर दिली मुबारकबाद पेश करें। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी धर्म का आदर और सम्मान करती है श्री यादव ने धर्म गुरुओं से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश मैं अमन चैन और विकास पर उन सभी से आशीर्वाद भी मांगा पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने कहा कि ईद का त्यौहार भाईचारे का त्यौहार है सभी को मिलजुल के मानना चाहिए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि ईद का त्यौहार आपसी भाईचारे का त्यौहार है हम सब मिलकर इसे एकता के रूप में मनाते हैं इस मौके पर सभी समाजवादी पार्टी के नेताओं ने फैजाबाद शहर के अलावा अयोध्या शहर के कई मुस्लिम परिवारों मैं जाकर मुलाकात की और ईद की मुबारकबाद दी। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार इसी क्रम में अयोध्या के टेढ़ी बाज़ार स्थित पूर्व पार्षद व समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हाजी असद अहमद के आवास पर पहुंचे और ईद की मुबारकबाद दी। अभिरामदास वार्ड स्थित वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद इरफान उर्फ नन्हे मियां के आवास भी पहुंचे और गले मिलकर बधाई दी। यहां पहुंचे सपा नेताओं का अभिरामदास वार्ड के पार्षद सुल्तान अंसारी, युवा समाजसेवी इमरान अंसारी, मोहम्मद कैफ आदि लोगों ने स्वागत सम्मान किया। सपा के वरिष्ठ नेता महफूज आलम के घर पहुंच कर ईद की बधाई दी इस मौके पर मुख्य रूप से अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव जिला उपाध्यक्ष आकिब खान जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अमृत राजपाल शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह जाकिर हुसैन पाशा बबलू यादव मंसूरी इलाही अखिलेश कुमार यदुनाथ यादव अमित कुमार रवि यादव विशाल यादव शशांक शुक्ला सनटी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## आम के पेड़ से लटकता मिला अधेड शव, फॉरेंसिक टीम की जांच बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के खड़बड़िया केवटानी गांव स्थित बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से अधेड़ का शव लटकता खेत की ओर गए लोगों को दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार खड़भड़िया गांव निवासी 50 राम नरेश यादव पुत्र राम प्यारे का शव गांव से करीब 500 मीटर दूर बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से नायलॉन की रस्सी के सहारे लटका हुआ था। खेत की ओर काम करने गए लोगों को दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली इनायत नगर संदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम से जांच करने के बाद ग्रामीणों के सहयोग से शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रामनरेश यादव मंदबुद्धि का था शादी बहुत पहले हुई थी लेकिन पत्नी छोड़कर चली गई थी यह अपने पिता राम प्यारे तथा छोटे भाई दीपचंद यादव के साथ रहते थे न जाने आज इन्होंने फंदे से लटक कर आत्महत्या क्यों कर लिया।

## फरेंदा में क्रिटिकल बटन का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



**महाराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा तहसील फरेंदा स्थित विभिन्न क्रिटिकल बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें सबसे पहले परसिया बुजुर्ग में स्थापित बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया और एसडीएम फरेंदा से बूथ के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली। एसडीएम फरेंदा ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय परसिया बुजुर्ग में कुल 02 बूथ स्थापित हैं और दोनो क्रिटिकल बूथ हैं। दोनो बूथों पर लगभग 1700 मतदाता निर्वाचक नामावली में दर्ज हैं। इसके उपरांत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मथुरानागर में उच्च प्राथमिक विद्यालय मथुरानगर का निरीक्षण किया। यहां पर कुल 06 बूथ स्थापित हैं और कुल मतदाता 6945 हैं। जिलाधिकारी ने विद्यालय के सघन आबादी और नगरीय क्षेत्र में होने के साथ-साथ मतदाताओं की बड़ी संख्या को देखते हुए संवेदनशील बूथ के रूप में चिन्हित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आईटीआई पिपरा अमौनी का भी निरीक्षण किया, जहां पर दो कम्पनी पैरामिलिट्री फोर्स एरिया डॉमिनेशन हेतु आई हुई हैं। जिलाधिकारी ने एसडीएम फरेंदा को पैरामिलिट्री फोर्स के लिए आवश्यक इंतजाम करने और साफ-सफाई सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिक विद्युत कटौती की शिकायत मिलने पर एक्सईएन आनंदनगर को रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करवाने का निर्देश दिया। अंत में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक हरपुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्थापित बूथों को देखा। पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरपुर में कुल 02 बूथ हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 2015 है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बूथों के पास ऊंचे भवन हैं या आस-पास भवनों की संख्या अधिक हो, वहां पर रूफटॉप की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। साथ ही उन्होंने क्रिटिकल बूथों की निरंतर समीक्षा करने और अराजक व संदिग्ध तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने क्रिटिकल और वल्नरेबल पोलिंग बूथों सहित सामान्य बूथों के लिए निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार बूथों की समीक्षा करने और कमी मिलने पर उनको ससमय दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

## नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई पति पत्नी गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**मिल्कीपुर अयोध्या।** नेशनल हाईवे पर अचानक एक मवेशी के आ जाने से दंपति की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक से पति पत्नी ससुराल जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दंपति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के इनायत नगर निवासी असलम पुत्र अख्तर अपनी पत्नी मुस्कान को लेकर अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे 330 ए से थाना जगदीशपुर क्षेत्र के रानीगंज जा रहे थे। जैसे ही अयोध्या- सुल्तानपुर की सीमा को पार ही किए थे। तभी अचानक एक मवेशी हाईवे पर आ गया। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई,और पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, अनाज सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर राख

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर - अयोध्या।** तहसील अंतर्गत बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के बल्लीपुर पातूपुर गांव में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारण से लगी आग



के चलते गांव निवासी कुसुम देवी का आवासीय छप्पर छप्पर में रखा चारपाई बिस्तर अनाज सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से खूंटे में बधी तो भैंस भी झुलस कर घायल हो गई। बगल में मौजूद गांव निवासी सीताराम और देवराज तिवारी का पशुओं को खिलाने के लिए रखा गया पुवाल भी जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे बीकापुर फायर दस्ता टीम के फायर कर्मियों और ग्रामीणों द्वारा घंटो मशक्कत के बाद आग बुझाया गया। बीकापुर फायर दस्ता के प्रभारी उमेश मिश्रा ने बताया कि फायर कर्मियों की टीम में शैलेंद्र वर्मा, संदीप पासवान दिनेश दुबे शामिल रहे। क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे द्वारा सूचना पशु चिकित्सालय बीकापुर और तहसील प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने के बाद पशु चिकित्सालय बीकापुर के चिकित्सक द्वारा पहुंचकर घायल मवेशियों का दवा उपचार किया गया।

## अयोध्या में ब्लॉक प्रमुख के घर पर फायरिंग, बदमाशों ने घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए गाड़ी में की तोड़फोड़

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** थाना कैंट के अंतर्गत रुदौली ब्लॉक प्रमुख शिल्पी सिंह के आवास पर सुबह अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बदमाशों ने घर के सामने खड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ भी कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पति व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सर्वजीत सिंह ने कैंट थाना में तहरीर देकर दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकाल कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। रुदौली ब्लॉक प्रमुख शिल्पी सिंह का अयोध्या थाना कैंट के बढ़ई पुरवा में आवास है। पति व ब्लॉक प्रमुख सर्वजीत सिंह ने बताया ÷ सुबह करीब पांच बजे उनके घर पर चार बदमाश पहुंचे। उस समय पत्नी शिल्पी सिंह फूल तोड़ने के लिए निकली थी। बदमाशों ने घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। पत्नी शिल्पी सिंह चिल्लाती हुई जान बचाकर मौके से भागकर घर के अंदर चली गई। जबकि तीन अन्य बदमाश घर




के बाहर खड़ी इनोवा व स्विफ्ट डिजायर में तोड़फोड़ करने लगे। सर्वजीत सिंह ने घटना को लेकर मीडिया से बात करते हुए कहा ÷ मैं पति पत्नी सुबह टहलने के लिए जाता हूं, गुरुवार को आवश्यक कार्य होने के चलते मैं लखनऊ गया था। सुबह पत्नी ने पूरी घटना की जानकारी दिया। संभावना है कि ये लोग हमें मारने के मकसद से आए होंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं कह सकता हूं। कैंट थानाध्यक्ष संजय मौर्य ने बताया ÷दो दिन पूर्व ब्लाक प्रमुख के पति सर्वजीत सिंह का खंडासा थाना क्षेत्र में कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। रुदौली निवासी भीम सिंह, अबू सराय निवासी सिंपल सिंह व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

## स्मार्ट फार्मिंग अगली पीढ़ी के लिए कृषि का भविष्य: मोहित यादव

**अयोध्या।** कृषि एक ऐसा क्षेत्र है जिसने हमेशा से हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन, आजकल की तकनीकी उन्नति युग में, खेती भी तकनीकी उन्नति की ओर अग्रसर हो रही है। इसी क्रम में, %स्मार्ट फार्मिंग% एक उत्कृष्ट उपाय है जो अगली पीढ़ी के लिए कृषि का भविष्य सुनिश्चित कर सकता है।यह बातें पी.एच.डी शोध छात्र चंद्रशेखर आज़ाद कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर मोहित यादव ने बतायी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फार्मिंग एक ऐसी तकनीक है जिसमें तकनीकी उन्नति का उपयोग करके खेती को अधिक उत्तम और लाभकारी बनाने का प्रयास किया जाता है। इसमें नवाचारी सेंसिंग तकनीक, उच्च गुणवत्ता वाली बीज, विभिन्न खेती संबंधित उपकरणों का उपयोग और तकनीकी सहायता की जाती है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच परीक्षाफल वितरित

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सिसवा बाजार स्थित चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज की वार्षिक परीक्षा में सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंध तंत्र के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के पश्चात पुरस्कार वितरण के क्रम में हिंदी वर्ग से कक्षा 6 के आयुषी यादव,आकाश मणि त्रिपाठी, आयुष मद्धेशिया, कक्षा 7 में अंश गौड़,श्रद्धा मद्धेशिया, हृदेश नारायण त्रिपाठी, कक्षा 8 में अंजनेय यादव,आदर्श चौरसिया, अनुराग खरवार कक्षा 9 में अमरीश यादव,अभिषेक कुमार,अविनाश गुप्ता,और कक्षा 11 में अमित कानू, फिजी परवीन व आदेश कुमार को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला।इसी प्रकार अंग्रेजी मीडियम से कक्षा 6 में कृष्णदेव यादव,राघवेंद्र प्रताप,आयुष यादव कक्षा 7 में कृति,अनुराग द्विवेदी, नम्रता चौहान,कक्षा 8 में अंकित कुमार,सत्यम यादव,नमन राय,कक्षा 9 में आरोही द्विवेदी, तन्नू गुप्ता व शिवम सिंह एव कक्षा 11 में लक्ष्मी त्रिपाठी, विष्णु नारायण व खुशी गुप्ता को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।वहीं आरोही द्विवेदी, कृति और अंजनेय यादव को विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल ने विद्यालय की आगामी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए आगन्तुको का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के सज्जन जालान, हरिराम भालोटिया, सत्यनारायण तुलस्यान, प्रदीप तुलस्यान, प्रधानाचार्य गजानंद मणि त्रिपाठी,




नागेन्द्र सिंह,निरंकार सिंह सुरेश चौबे राजेश यादव बृजेश तिवारी मनीष पांडेय महेंद्र तिवारी बालमुकुंद यादव सिद्धार्थ दुबे सहित सभी शिक्षकों सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहें।

## आग से राख हुआ गेहूं का फसल

**महराजगंज।** मिठौरा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम सभा मोरवन में शुक्रवार को लगभग 11 बजे दिन में किसी अज्ञात कारणों से गेहूं के फसल में आग लग गई। जिसमें दुर्विजय यादव पुत्र राम असरे 25 ढिसमिल गेहूं फसल व बजरंगी पुत्र मंगल का 12 ढिसमिल गेहूं फसल जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल एवं मिठौरा पुलिस चौकी प्रभारी आरसी सरोज की देखरेख में आग पर काबू पाया गया। वहीं ग्रामीणों ने खेत से सटे पंपसेट को भी चालू करके आग को बुझवा दिया

## रक्तदान कलयुग का सबसे पुनीत व नेक कार्य डॉ अमित वर्मा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरा व राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सीएचसी के परिसर में किया गया।ब्लड मैन के रूप में चर्चित आकाश गुप्त के पिता स्व कृष्ण लाल गुप्त के 33 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरुप होने वाले इस रक्तदान शिविर में 32 रक्तदाताओं ने ब्लड डोनेट कर महादानी बनें। शिविर का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित वर्मा ने रिबन काट कर किया। रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होने कहा कि रक्तदान महादान हैं और यह कलयुग का सबसे नेक व पुनीत कार्य हैं। युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना होगा जिससे ब्लड के अभाव में किसी की मौत न हो। अन्नपुर्णा रसोई के अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता ने कहा कि चारों धाम की यात्रा से वो पुण्य अर्जित नही होते जो एक बार रक्तदान करने से प्राप्त मिलते हैं। समाजसेवी सेवी राजेश चौबे ने बताया कि संस्था का मूल उद्देश्य ही यही हैं कि अयोध्या जिले के अंदर किसी की मौत खून की कमी से न हो। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि रक्तदान और समाजसेवा की प्रेरणा हमें स्व पिता कृष्णा लाल गुप्त से विरासत में मिला हुआ है जिनकी हत्या 12 अप्रैल 1991 में पंजाब में आंतकवादियों के द्वारा कर दिया था।

# शांति एवं सौहार्द के वातावरण में मनाया गया ईद का पर्व



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** ईदुल फितर का त्योहार नगर व क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला काफी सतर्क रहा। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को ईद की बधाई दी।

नगर स्थित वाजिदपुर पुरानी ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज़ कारी मोहम्मद तैयब की कयादत में अदा की गई। मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने खुतबे के दौरान मुल्क में अमन चैन व देश की समृद्धि के लिए दुआएं मांगी।मगुराडिला स्थित नयी ईदगाह में कारी मोहम्मद जकरिया ने ईद की नमाज अदा कराई। सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रौज-ए-हजरत कासिम में ईद की नमाज मौलाना रहबर रज़ा सुल्तानी की कयादत में अदा की गई। मदीना मस्जिद में कारी गयासुद्दीन ने ईदुल फितर की नमाज पढ़ाई। जामा मस्जिद उर्दू बाजार में कारी

■ बड़ी संख्या में लोगों ने अदा की ईद की नमाज़

आफाक अहमद, जाफराबाद स्थित बड़ी मस्जिद में मौलाना मीसम रज़ा,छोटी मस्जिद में मौलाना शम्स तबरेज,हैदरी मस्जिद में मौलाना रईस हैदर, अखाड़ा मस्जिद में मौलाना जैगम अब्बास बाकरी,दुमदुमी मस्जिद में मौलाना रमज़ान अली साबरी, उस्मानपुर में मौलाना सईद हसन रजाई ने ईदुल फितर की नमाज़ अदा कराई।पुरानी ईदगाह के समीप लगे मेले में बच्चों ने मेले का लुत्फ उठाया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पूरे दिन दावतों का दौर चलता रहा।ईद के मौके पर मशहूर खास व्यंजन सेवई का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मोर्या, कोतवाल संतोष सिंह दलबदल के साथ मुस्तैद रहे।

# अक़ीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-फित्र की नमाज़

## ईद उसी की है जिसने पूरे महीने पूरी ईमानदारी से रोज़ा रखा और अल्लाह की इबादत में मशगूल रहा : मौलाना काशिफ

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ईद उल फितर की नमाज गुरुवार को अक़ीदत और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। नमाज को लेकर सुबह से ही लोग मस्जिदों व ईदगाहो में पहुंच रहे थे। नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए थे।

गुरुवार को ईद उल फित्र की नमाज को लेकर डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित विभिन्न मस्जिदों व ईदगाह में जहां बड़ी तादाद में हर आयु वर्ग के लोग शामिल हुए वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। स्थानीय स्तर पर मस्जिदों व ईदगाहों के सामने बच्चों के खरीदारी के लिए बाजार भी लगाए गए थे वही हल्लौर में बच्चों ने झूले का भरपूर आनन्द लिया। नमाज के बाद सेवई खिलाने का भी दौर लोगों के घरों में देखा



गया जो देर शाम तक चलता रहा। क्षेत्र के हल्लौर स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे ईद उल फित्र की नमाज़ शांतिपूर्ण माहौल में इमाम जुमा हल्लौर मौलाना काशिफ रिज़्वी ने पढ़ाने के पूर्व संबोधन में कहा कि सही ईद उसी की है जिसने पूरे महीने पूरी ईमानदारी से रोज़ा रखा और अल्लाह की इबादत में मशगूल रहा। अब इस अमल को हमेशा बरकरार रखेगा। कहा कि ईद पर निकलने वाला फितरा किसी मकतब, मदरसे, इदारे को नही दिया जा सकता। ये मजबूर, गरीबों का हक जिसे उसी दिन दोपहर की नमाज़ से पहले उन तक पहुंचा देना चाहिए। अंत में सामूहिक रूप से देश दुनिया में अमन चैन कायम रखने की दुआ की गई। तो वहीं डुमरियागंज नगर पंचायत स्थित जामा मस्जिद में सुबह 8-30 बजे ईद उल फितर की नमाज पढ़ाई गई यहां पर मौलाना मुफ्ती एहसानुल्लाह कासमी ने नमाज पढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह त्यौहार एकता व भाईचारे के साथ लोग मनाए। ईद का त्यौहार मोहब्बत व इंसानियत का पैगाम देता है। टाउन के सुन्नी अकबरी मस्जिद, रोडवेज वाली मस्जिद, दारुल उलूम कासिमिया का मैदान, बैदौला स्थित मस्जिद सहित क्षेत्र के बेवा, शाहपुर, मोतीगंज, बयारा, वासा दरगाह आदि



जगहों पर भी ईद को लेकर हर्षोल्लास का माहौल देखा गया। हल्लौर स्थित पोखरवा पर सुन्नी समुदाय की हाफिज अरशद ने नमाज़ पढ़ाई। नमाज को लेकर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कई जगह पर भारी फोर्स भी देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज ने बताया कि नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रत्येक मस्जिद ईदगाह में पुलिस बल की तैनाती सुबह से ही की गई थी। इस मौके पर एसडीएम डुमरियागंज, तहसीलदार, सीओ, राकेश मिश्र इंस्पेक्टर, श्री प्रकाश निरीक्षक, शिवकुमार यादव एसआई, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। ईद उल फित्र की व्यवस्था में सिकरेट्री ज़मीर हसन, काज़िम रज़ा, मोतवल्ली वक्फ शाह आलमगीर, नौशाद हैदर रिज़्वी, कामयाब हैदर, रिज़वान अहमद, माहताब एडवोकेट आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### एडीएम व तहसीलदार ने लिया विभिन्न ईदगाहों का जायज़ा

**डुमरियागंज।** गुरुवार को ईद उल फित्र की नमाज़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेने एसडीएम डॉ0 संजीव दीक्षित व तहसीलदार डॉ0 संतराज सिंह डुमरियागंज क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहो और मस्जिदों का जायज़ा लिया। वही नमाजियों में ताक़ीब रिज़्वी, मनव्वर रज़ा, तशबीब हसन, कसीम रिज़्वी, अज़ीम हैदर, पप्पू रिज़्वी, शकील, कैफ़ी रिज़्वी, शमशाद, इन्तेज़ार, शायान, काशान, कामयाब, अकील, तसकीन, मंज़र, अहमद आदि मौजूद रहे।

# माता बैठक का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

■ एएनएम ग्राम स्तर पर करें माता बैठक का आयोजन, नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया डॉ0 शैलेंद्र मणि ओझा के द्वारा संचार गतिविधि कार्यक्रम की कार्ययोजना के अनुसार ग्राम भनवापुर में माता बैठक का आयोजन किया गया। माता बैठक के दौरान डॉक्टर ओझा के द्वारा गर्भवती महिलाओं को शीघ्र पंजीकरण करवाते हुए फोलिक एसिड के इस्तेमाल के विषय में वृहद स्तर पर जानकारी दी गई तथा बताया गया कि गर्भावस्था की शुरुआती 3 माह में फोलिक एसिड के इस्तेमाल से गर्भपात की समस्या तथा नवजात शिशु में न्यूरोलॉजिकल परेशानी को काम किया जा सकता है तथा गर्भावस्था के दौरान कम से कम चार बार प्रसव पूर्व जांच करवाने से तथा संतुलित आहार लेने से जच्चा और बच्चा दोनों स्वास्थ्य एवं सुरक्षित रखा जा सकता है। बैठक के दौरान डॉक्टर ओझा ने दस्तक कार्यक्रम पर भी चर्चा करते हुए ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल, शौचालय के इस्तेमाल, मच्छरदानी के इस्तेमाल, चूहा छछूंदर से बचने तथा बच्चों को नंगे पांव बाहर जाने से रोकने की बात की गई। एएनएम के द्वारा यदि ग्राम स्तर पर नियमानुसार माता बैठक का आयोजन नहीं किया गया तो कड़ी से कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

# नियम कानून को ताक पर रखकर चल रही प्रदर्शनी

मिन्नतुल्लाह/दानिश मेंहदी

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** टाण्डा नगर में नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए चल रही टाण्डा मोहत्सव के नाम की प्रदर्शनी (नुमाइश) में हुए हादसे से कई बच्चो के घायल होने के बाद प्रशासन की नींद टूटी और प्रशासन खानापूर्ति में लग गया है इस प्रदर्शनी में लगे झूलो आदि को जहाँ नियम कानून के विपरीत परमिशन दिया गया वही इतनी बड़ी प्रदर्शनी में फर्स्ट एड की भी कोई व्योवस्था नही थी बल्कि घायल बच्चो को उनके परिजनों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदर्शनी (नुमाइश) को परमीशन देने में प्रशासन द्वारा जमकर अनियमितता बरती गयी जिसके परिणामस्वरूप बुधवार व गुरुवार को कई हादसे हुए जिसमें लगभग एक दर्जन लोगों को चोटें आयी इसमें कई कम उम्र के नौनिहाल भी है। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी धारा 144 की धज्जियां प्रदर्शनी मालिक द्वारा उड़ायी जा रही है। गुरुवार को हुए हादसे का प्रकरण सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर



■ कई बच्चे हुए घायल

ने प्रदर्शनी की फाइल को तलब कर लिया। इधर कोतवाली टांडा पुलिस ने प्रदर्शनी को अविलंब बंद कराने की रिपोर्ट एसडीएम टांडा को सौंप दिया है।

बीते 2 अप्रैल से कौमी इंटर कालेज के मैदान में गोरखनाथ डिजी - लैंड फाउंडेशन के बैनर तले प्रदर्शनी का आयोजन मैनेजर अजय दूवे की देखरेख में चल रहा है। प्रदर्शनी मालिक की ऊंची पहुंच के बल पर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी अधिकारीयों द्वारा अनुमति दे दी गयी। अनुमति मिलते ही प्रदर्शनी मैनेजर द्वारा अपने बाउंसरों के बल पर बिना नगरपालिका परिषद टाण्डा व विनियमित क्षेत्र की एनओसी लिये ही शुरू करा दी गयी। प्रदर्शनी में कहने को तो पुलिस चौकी भी बनायी गयी है लेकिन उसमें कभी पुलिसकर्मी रहते नहीं है। बल्कि प्रदर्शनी मालिक के बाउंसर हाथो में डंडा लिए तैनात रहते है इस प्रदर्शनी में मनोरंजन कर की भी जमकर चोरी की जा रही है।

प्रदर्शनी मैनेजर द्वारा गेट पास के नामपर टाण्डा नगर की जनता को लूटा जा रहा है क्योंकि गेट पास पर ना तो कोई सीरियल नम्बर है और ना तो उस पर कोई मूल्य छपा है फिर भी 20 रुपये प्रति व्यक्ति गेट पास वसूला जा रहा है। प्रदर्शनी में लगे झूलों की गुणवत्ता पर हाईकोर्ट द्वारा चिंता व्यक्त करने के बाद भी अधिकारी आंख मूदे हुए बैठे रहे और अचानक हादसे के बाद उनकी नींद टूटी जिसके परिणामस्वरूप बीते बुधवार को कुछ बच्चे घायल हुए और गुरूवार को मिक्की माऊस पलट गया तथा ब्रेक डांस का प्लेटफार्म बैठ गया जिसके चपेट में आने एक दर्जन बच्चे घायल होगये।आनन फानन में उन्हें परिजन प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराये जिनमें से कुछ बच्चों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। घायल दर्शकों के परिजनों द्वारा जब इसकी शिकायत प्रदर्शनी मैनेजर अजय दूबे से की गयी तो प्रदर्शनी मैनेजर मैनेजर द्वारा अपने बाउंसरों के माध्यम से उन्हें चुप कराने का प्रयास किया गया तो वह लोग प्रदर्शनी गेट पर ही प्रदर्शन करने लगे जिन्हें कोतवाली टांडा के स्पेशल पुलिस कर्मियों द्वारा हटाया गया। पूरे प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है जिसमें कहीं पर भी पांच व्यक्तियों के एक साथ इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है उसके बाद भी प्रदर्शनी मैनेजर अपने रसूख के बल पर प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए बीते 2 अप्रैल से प्रदर्शनी का संचालन करता चला आ रहा है।

# लगातार बढ़ रही गर्मी से क्षेत्र मे आगजनी की लगातार बढ़ रही घटनाएं

**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** गर्मी का मौसम आते ही आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिस कारण चंद मिनटों में ही सब कुछ राख हो जा रहा है और मजदूर किसान पल भर में अर्श से फर्श पर आ जा रहे हैं। मालूम हो थाना राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम अराजी देवारा तलवा निवासी निशा पत्नी संदीप के झोपड़ी नुमा आवासीय मकान में कल शाम को अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गयी जिसमें लाखों रुपए का घर गृहस्थी का सामान राख हो गया । घर में आग लगने के कारण घर में रखे हुए बिस्तर, बर्तन, खाद्य सामग्री, जेवरात, कपड़े, चारा मशीन आदि पलक झपकते जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था। घटना की सूचना पर भारत की क्रांतिकारी मजदूर पार्टी के मित्रसेन यादव, बिंद्रेश, प्रेमचंद, किशन, बलदेव आदि पीड़ित परिवार से मिलकर उनको ढांढस बधाया एवं शासन प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की मांग की है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाताओं को करें जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सदरपुर टांडा अंबेडकर नगर के ऑडिटोरियम हाल में जनपद अंबेडकरनगर के कोटेदार के साथ बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान मतदाताओं को अपने मत के महत्व को समझाने के लिए व अधिक से अधिक मतदान में प्रतिभाग हेतु प्रेरित करने के लिए विस्तृत रूप से चुनाव आयोग के निर्देशो से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने व वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रतिनिधियों से सहयोग करने



की अपील की गई। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा सी विजिल एप, होम वोटिंग, सुपर 100 सहित अन्य निर्वाचन संबंधी सुविधाओं के बारे में इन्हें विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि 26 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 से नाम बढ़वाया जा सकते है।प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिक बूथ , युवा बूथ तथा दिव्यांग बूथ बनाये जायेंगे। साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में सुपर 100 बूथों का चयन किया गया है इनमें प्रत्येक विधानसभा के ऐसे 20 बूथ का चयन किया गया है जिसमे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में न्यूनतम मतदान प्रतिशत था।

# लस्सी के नाम पर पी रहे लोग मीठा ज़हर

**अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** बसखरी में लस्सी के नाम पर कहीं आप मीठा जहर तो नहीं गटक रहे इस समय इसकी बिक्री खूब हो रही है। चौराहे पर इसकी दुकान है। लेकिन दुकानदार मानकों का पालन नहीं करते हैं। भीषण गर्मी के प्रकोप व चिलचिलाती धूप के तपन से निजात पाने के लिए हर व्यक्ति विभिन्न प्रकार के जतन करता दिखाई दे रहा है। तापमान का पारा तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण पेय पदार्थ व बोतलबंद पानी की मांग बढ़ने लगी है। इसमें पेय पदार्थ को अधिक महत्व दिया जाता है। गर्मी के मौसम में बस स्टैंड, चौक, बाजार बस,टेंपो स्टैंड, और शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पेय पदार्थों की कई दुकानें खुली हैं। भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप के कारण ग्राहकों में बढ़ोतरी हुई है। लोग प्यास बुझाने के लिये पेय पदार्थों के दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखी जा रहीहै। इन स्थानों पर बसखारी, किछौछा, समेत बाजारों में गन्ना रस, दही, मट्ठा व लस्सी, कुल्फी, आइसक्रीम, तरबूज, ककडी बोतलबंद पानी का बिक्री हो रहा है।

# वरिष्ठ शिक्षक होने के बावजूद कनिष्ठ चार्ज लेकर चला रहे विद्यालय

अवधनामा संवाददाता

■ विभागीय शिथिलता के कारण कनिष्ठ शिक्षक विद्यालयों के प्रभारी बने हुये

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक में 24 विद्यालयों का प्रभार कनिष्ठ शिक्षकों के पास था, जिसमें से अभी तक केवल 5 विद्यालयों भारतभारी, देवरिया, अहिराडीहा, बेवा हुसैन, भालूकोनीजसी के कनिष्ठ शिक्षकों ने ही प्रभार वापस किया है। किन्तु 19 विद्यालय का प्रभार अभी भी कनिष्ठ शिक्षकों के पास है। डुमरियागंज ब्लॉक के बढ़नी गाँव, धनुआडीह, बंजाराडीह, कदिराबाद, गहिरौला, भड़रिया, सोनबरसा, सेखुईताज, भलूकोनी, पथरपुरवा, भानपुररानी, बयारा काजी, सागर रौजा, हटवा खुर्द, असनहरा, महोखवा, अमौना तिवारी, तेलियाडीह, डिढ़ई आदि विद्यालयों का प्रभार अभी भी कनिष्ठ शिक्षकों के पास ही है। जबकि महानिदेशक बेसिक शिक्षा का स्पष्ट आदेश है कि विद्यालय का प्रभार विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक को ही मिलना चाहिये। इस परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ डुमरियागंज की टीम ने जिला मन्त्री व ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में 20 फरवरी 2024 को खण्ड शिक्षा अधिकारी को वरिष्ठतम शिक्षकों को विद्यालयों का प्रभार दिलाए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया था, उसी ज्ञापन के परिपेक्ष्य में बीईओ डुमरियागंज ने 21 फरवरी 2024 को ही कनिष्ठ शिक्षकों को प्रभार वरिष्ठतम शिक्षकों को स्थानांतरित करने के क्रम में कार्यालय आदेश जारी किया था। लेकिन अभी तक बीईओ के आदेश का अनुपालन नहीं हो पाया है। लगभग 2 माह का समय बीत चुका हैं और अभी तक केवल 5 कनिष्ठ शिक्षकों ने ही प्रभार वापस किया है। बीईओ डुमरियागंज द्वारा लिखे पत्र के दो माह बीत जाने के बाद इस प्रकरण पर कोई ठोस कार्यवाही न हो पाना विभागीय उदासीनता का विषय हैं।

# परिषदीय विद्यालयों में आयोजित होगी मतदाता जागरूकता बैठक

अवधनामा संवाददाता

■ संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर भी किया जाएगा जागरूक

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लाक संसाधन केंद्र के अंतर्गत समस्त परिषदीय विद्यालयों में आज शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित किया जाएगा। जिसमें ग्राम स्तर पर मतदाताओं को बुलाकर बैठक आयोजित कर उन्हें जागरूक किया जाएगा साथ ही संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में भी जानकारी लोगों को दी जाएगी। अंत में सभी मतदाताओं को शपथ दिलाया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने बताया कि समस्त प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार शनिवार को प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं नवीन नामांकन के संबंध में विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में आगामी चुनाव में सभी लोगों से मतदान करने की अपील की जाएगी। इसके अलावा नवीन नामांकन प्रक्रिया भी प्रारंभ है। जिसको लेकर लगातार अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है। बैठक के माध्यम से उन्हें पुनः बताया जाएगा कि वह अपने बच्चों का नामांकन समय से कराए। उन्होंने आगे बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में समिति के सभी सदस्यों व अन्य विभागों के कर्मचारियों की उपस्थिति भी रहेगी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर विशेष ध्यान देते हुए लगातार जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में इस महत्वपूर्ण अभियान पर भी चर्चा की जाएगी।


# डुमरियागंज का हाल अपराजेय : पाल

यशोदा श्रीवास्तव

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज संसदीय क्षेत्र का चुनाव इतिहास बनाने जा रहा है। यह क्षेत्र का चुनाव अपने चुनावी इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई सांसद लगातार चार बार बहुत आसानी से संसद का रास्ता तय करते हुए दिख रहा है।

जी हां ! पहली बार 2009 में बस्ती से आकर जगदंबिका पाल ने यहां कांग्रेस का परचम लहराया था। इसके पहले 2004 में हालांकि उन्हें बसपा से सम्मानजनक वोट पाकर हार जाना पड़ा था।उसके बाद वे भाजपा में चले गए। भाजपा के टिकट से वे 2014 और 2019 में चुनाव जीतने में कामयाब हुए। 2024 के चुनाव में टिकट कटने की चर्चा के बीच अंततः उन्हें भाजपा से तीसरी बार टिकट मिल गया।

श्री पाल के टिकट कटने की चर्चा के बीच क्षेत्र में तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे थे। जैसे कि कौन हो सकता है दूसरा उम्मीदवार,पाल जी का



विकल्प कोई बन सकता है या नहीं? साफ है कि भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोगों की पसंद जगदंबिका पाल ही थे। मुमकिन है भाजपा के निजी सर्वे में यह बात उभर कर आई हो उसके बाद पार्टी नेतृत्व को जगदंबिका पाल के टिकट पर मुहर लगाने को मजबूर होना पड़ा।

जगदंबिका पाल की सांगठनिक व चुनावी कौशल का कमाल है कि वे चाहे कांग्रेस से रहे हैं या भाजपा से, विपरीत परिस्थितियों में ही चुनाव लड़े और विजयी हुए। उनके पिछले तीन और वर्तमान चुनाव में यह साफ तौर पर देखा जा रहा है। देखा जाय तो जगदंबिका पाल का यह चौथा चुनाव पिछले चुनावों की अपेक्षा ज्यादा विकट है क्योंकि इस बार पांच विधान सभा सीटों में से दो पर भाजपा और एक पर उसके सहयोगी दल का कब्जा है। इसमें चार विधान सभा क्षेत्रों में पार्टी के भीतर ही उनका विरोध है। चुनावों में अपनों का ही विरोध झेलना पाल की आदत सी हो गई है। और यही वजह है कि वे संगठन से लेकर बूथ स्तर तक अपना खुद का संगठन लेकर चलते हैं जो उनकी सबसे बड़ी ताकत है।मजे की बात यह है कि भारी अंतर्विरोध के बीच जगदंबिका पाल चौथी बार शानदार विजय की ओर हैं। इस संवाददाता द्वारा जिले के पांचों विधान सभा क्षेत्रों की जनता का मिजाज भांपने के बाद यह निष्कर्श सामने आया है।

इंडिया एलायंस में यह सीट सपा के खाते में है। सपा के पास फिलहाल लोकल कोई ऐसा नेता नहीं है जो पाल से मुकाबले के काबिल हो। यही हाल बसपा का भी है। बसपा ने तो फिलहाल भाजपा को फायदा पहुंचाने लायक बाहर से एक मुस्लिम उम्मीदवार उतार दिया है। 2019 में भी बसपा ने बाहर से ही एक मुस्लिम उम्मीदवार उतारा था। तब सपा और बसपा का गठबंधन था। देखा जाय तो यह चुनाव पाल के लिए मुश्किल भरा था क्योंकि यादव मुस्लिम और दलितों का एक मुश्त वोट बसपा उम्मीदवार के लिए मुफीद था फिर भी वोटों के इस बड़े बैंक को भेदकर पाल भारी बहुमत से चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे। इस बार सपा अभी तक अपना उम्मीदवार नहीं तय कर पाई है।

जगदंबिका पाल एक चुनाव जीतने के दूसरे दिन से ही अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाते हैं ऐसे में कोई आकाशीय उम्मीदवार गांव गांव घूमकर जनसंपर्क के मामले में उनका मुकाबला शायद ही कर पाए। डुमरियागंज से जगदंबिका पाल के चौथे चुनाव का हाल यह है कि सपा से स्थानीय या बाहरी कोई भी उम्मीदवार आ जाय,परिणाम पाल के ही पक्ष में आना तय है।

## संक्षिप्त समाचार

### संचारी रोग अभियान के तहत वार्ड के लोगों को किया गया जागरूक

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** डुमरियागंज नगर क्षेत्र के वार्ड नं 13 लक्ष्मण नगर में आशा फूलमती एवं तस्लीम फातिमा आंगनवाड़ी द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जागरूकता हेतु दिमागी बुखार के प्रति मोहल्ले वासियों को जागरूक किया गया, साथ ही साफ सफाई, मच्छर जनित रोगों की जानकारी के साथ साथ धूप एवं लू से बचाव के तरीके भी बताए गए। नियमित टीकाकरण हेतु आयु के अनुसार टीकाकरण कराने माता बैठक में सभी को प्रेरित किया गया तथा सभी को बताया गया कि टीके के प्रति उदासीनता नहीं बरतनी है। आयु के अनुसार टीका लगने से उसका बहुत महत्व होता है, और बीमारी दूर रहती है। बताते चले की संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत डुमरियागंज टाउन के विभिन्न वार्डों में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### अमित त्रिपाठी बने प्रदेश सदस्यता प्रभारी

**सिद्धार्थ नगर (अवधनामा संवाददाता)।** सिद्धार्थ नगर बांसी भगवा रक्षा परिषद् के राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी अखिलेश शुक्ला जी के द्वारा अमित त्रिपाठी के 4 साल के संघर्ष को देख कर प्रदेश सदस्यता प्रभारी नियुक्त किया गया है और विश्वास व्यक्त किया है कि अमित त्रिपाठी परिषद की सदस्यता को गति प्रदान करते हुए नई ऊंचाई तक ले जायेंगे अमित त्रिपाठी के नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अमित त्रिपाठी के बाबा पूर्व सैनिक राघवराम त्रिपाठी, संस्कृति विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल त्रिपाठी,बांसी विधानसभा के वरिष्ठ नेता अशोक त्रिपाठी, उस्का से पूर्व प्रधान चन्द्र पाल शुक्ल, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी अभिषेक शुक्ल, आदि ने बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

### 14 अप्रैल को मनाई जाएगी बाबा साहब की जयंती



**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** बहुजन समाज पार्टी इटावा विधानसभा की बैठक जनता टेंट हाउस बढ़नी रोड इटवा पर संपन्न बैठक में बैठक में मुख्य अतिथि शमीम अहमद जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ नगर ने कहा कि आने वाली 14 अप्रैल को भारत बाबा साहब डॉक्टर बी आर अंबेडकर की जयंती जिला मुख्यालय स्थित सत्यम पैलेस में मनाया जाएगा जिसमें इटवा विधानसभा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे बैठक में सेक्टर बार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप गई बैठक बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी शुभकरण चौधरी व संचालन जिला सचिव मेहताब अहमद ने किया बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी डॉक्टर राधेश्याम विधानसभा अध्यक्ष राम अचल गौतम राम अवतार गौतम खुर्शीद आलम रामकुमार सैकड़ो लोग मौजूद है।

### मजलिसे चेहलुम का 14 को होगा आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** आगामी 14 अप्रैल को भियांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोरझा में मरहूमा नाजमा बीबी बिंत तबारक हुसैन के ईसाल -ए-सवाब के लिए मजलिस -ए-चेहल्लुम का आयोजन किया गया है।पहली मजलिस प्रातः 9 बजे आज़म मेंहदी ख़ान व दूसरी मजलिस को मौलाना साबिर रज़ा साबिर खिताब करेंगे। मजलिस से पूर्व शाद सीवानी व जव्वार हुसैन कर्बलाई अपने हमनवा के साथ मर्सिया ख्वानी करेंगे।

### जनपद में डिस्ट्रिक्ट मीडिया सेंटर किया गया स्थापित




**अंबेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर चुनाव अवधि के दौरान चुनाव संबंधी जानकारी को प्रसारित करने के उद्देश्य से जिला मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। यह जिला मीडिया सेंटर जिला सूचना कार्यालय के कक्ष संख्या- 23 कलेक्ट्रेट अंबेडकरनगर में स्थापित किया गया है। मीडिया सेंटर से प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को निर्वाचन संबंधी सूचना प्राप्त करने में सुविधा प्राप्त होगी।

### महात्मा ज्योतिबा राव फूले की मनाई गयी जयंती

**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी इटवा कार्यालय में आज महान समाज सुधारक एवं विचारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाई गयी और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा पर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,यश भारती सम्मानित मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने भारत में सामाजिक जड़ता तोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वंचित, शोषित एवं आधी आबादी का जीवन स्तर सुधारने में वे अजीवन सक्रिय रहे। महात्मा फुले सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत थे। उनके द्वारा लिखित साहित्य सभी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इटवा विधानसभा अध्यक्ष श्री बबलू खान ने ज्योतिबा फुले के जीवन से शिक्षा लेने की बात कही। इस मौके पर सर्वश्री शकील शाह जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, जावेद खान प्रदेश सचिव, बड़कू पांडेय, सुशील तिवारी, रामफेर यादव, राजू श्रीवास्तव, अजय चौरसिया छात्र सभा, अब्दुल लतीफ, अजय चर्तुवेदी, संजय यादव, महेंद्र पाल सहित अन्य ने महात्मा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।



## केजरीवाल की भूमिका

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड को 'वैध' और 'न्यायसंगत' करार दिया है। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) को अदालत ने तब करारा झटका दिया, जब उसने शराब नीति और कथित घोटाले में दोनों की संलिप्तता भी मानी। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साक्ष्यों और दस्तावेजों के सौजन्य से कहा कि केजरीवाल साजिश में शामिल थे। उन्होंने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर घूस भी मांगी थी। रिश्वत का पैसा गोवा चुनाव में खर्च किया गया। उसकी मनी ट्रेल भी स्पष्ट है। कानून की दृष्टि से मुख्यमंत्री को कोई विशेषाधिकार नहीं है कि उनकी गिरफ्तारी चुनाव के समय पर न की जाती। ईडी ने जो सामग्री, तथ्य, ई-मेल और व्हाट्स एप चैट के ब्योरे अदालत के सामने रखे हैं, वे सही और पर्याप्त हैं। जांच एजेंसी ने सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की है। केजरीवाल गवाहों से 'क्रॉस' कर सकते हैं। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने गंभीरता से यह टिप्पणी की है कि सरकारी गवाहों पर उंगली उठाना अदालत और न्यायाधीश पर आक्षेप लगाना है। अदालत का सरोकार संवैधानिक नैतिकता के प्रति है। अदालत पर कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं होता और न ही उसे चुनाव के समय, चुनावी टिकट और चुनावी बॉन्ड से कोई लेना-देना है। सरकारी गवाहों के बयान पीएमएलए और धारा 164 में न्यायाधीश के सामने लिए गए हैं। सरकारी गवाह का प्रावधान सैकड़ों साल पुराना है। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि इन प्रावधानों का उपयोग केजरीवाल को फंसाने के लिए किया गया।

यह मामला ईडी और केजरीवाल के बीच का है। इसमें केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी, गलत करार दिया था, लेकिन जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने इन टिप्पणियों के साथ केजरीवाल की अर्जी को खारिज कर दिया। केजरीवाल और 'आप' के सामने अब भी सर्वोच्च अदालत में इस फैसले को चुनौती देने का संवैधानिक विकल्प शेष है, लेकिन उच्च न्यायालय के स्तर पर यह तथ्य स्थापित हो चुका है कि शराब नीति बनाने और उसकी आड़ में घूस मांगने के कथित अपराध में केजरीवाल भी संलिप्त थे। बेशक 'आप' के नेता और प्रवक्ता दलीलें देते रहें कि चवन्नी भी बरामद नहीं हुई है। केजरीवाल को फंसाना और जेल तक पहुंचाना अभी तक की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है। भाजपा 'आप' को कुचल देना चाहती है, दिल्ली की सरकार गिराने के उसके मंसूबे हैं। 'आप' राजनीतिक स्तर पर कितने भी अभियान चलाए, लेकिन अदालत के सामने ठोस साक्ष्य हैं। उन्हें अदालत ने बुनियादी तौर पर स्वीकार भी किया है। हवाला ऑपरेटर्स के बयान भी मौजूद हैं। जिन्होंने घूस की राशि दी है, उनके बयान, ई-मेल, व्हाट्स एप चैट, बैठकों और मुलाकातों आदि के ब्योरे भी उपलब्ध हैं। केजरीवाल और 'आप' किस-किस को झुठलाने की कोशिश करेंगे। दरअसल केजरीवाल एक चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। उनकी कानूनी टीम और अन्य सलाहकारों ने गलत सलाह दी। केजरीवाल को ईडी के 9 समन्स को खारिज नहीं करना चाहिए था। अब जो कानूनी निष्कर्ष सामने हैं, वे उच्च न्यायालय के हैं। किसी के खोखले आरोप नहीं हैं। नौबत यहां तक पहुंच चुकी है कि यदि 'आप' का भ्रष्टाचार भी साबित हो गया और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के नाते केजरीवाल का अपराध भी साबित हो गया, तो चुनाव आयोग 'आप' की मान्यता भी रद्द कर सकता है।

'आप' के प्रवक्ताओं को शरत रेड्डी और 60 करोड़ रुपए के चुनावी चंदे और भाजपा की वाशिंग मशीन में धुल कर आरोपितों के पाक-साफ होने सरीखे तर्कों के अलावा कुछ और भी ठोस तर्क देने होंगे। एक चोर दूसरे चोर पर उंगली उठाते हुए यह दलील नहीं दे सकता कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? यदि 'आप' की दलीलों में दम है, तो वह भाजपा में शामिल होने वाले 'चोरों' के खिलाफ अलग से शीर्ष अदालत में जा सकती है। फिलहाल केजरीवाल और उनके साथी शराब घोटाले में आरोपित होकर जेल में हैं। पीएमएलए मामलों में जमानत भी आसान नहीं होती। केजरीवाल के प्रति सामाजिक, सार्वजनिक मोहभंग भी अब सामने आने लगेगा। वह राजनीतिक शुचिता और नैतिकता को जरूर याद करें, जिनका शोर मचाते हुए उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया था।

## राजनाथ की हुंकार, मोदी की ललकार!


के. विक्रम राव

दिल को बहुत नीक लगा। बड़ा मनभावन भी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का दिल्ली में ओजस्वी बयान था आतंकी को पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे। उसी वक्त करीब बारह सौ किलोमीटर दूर जमुई (बिहार) में नरेंद्र मोदी ने भी इसी तर्ज पर उसी रौद्र भाव को शब्द दिए। बालाकोट पर भारतीय वायु सैनिकों के हवाई हमले (26 फरवरी 2019) किए थे। मकसद वही था जो दशकों पूर्व कवि रामधारी सिंह दिनकर ने पांडव दूत श्रीकृष्ण द्वारा दुर्योधन को कहलवाया था याचना नहीं, अब रण होगा। हालांकि लंदन दैनिक दि गार्डियन ने आरोप लगाया था कि भारत की गुप्तचर संस्था रॉ ने पाकिस्तान के भीतर हमला किया था। भारत की नीति इस इस्लामिक पड़ोसी पर अब काफी सख्त हो गई है। कांग्रेस की ढुलमुल जैसी नहीं। राजनाथ सिंह का बयान है भारत हमेशा पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध रखना चाहता है। भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया। किसी की भूमि पर कब्जा नहीं किया।

मगर अब मोदी सरकार निर्भय होकर भर्त्सना करती है। नेहरू सरकार वाली नीति और धारणा नहीं कि जरा आंख में भर लो पानी (कवि प्रदीप की पंक्ति जिस पर जवाहरलाल नेहरू रोए थे)। इसीलिए राजनाथ सिंह के बयान के संदर्भ में 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर पाकिस्तानी सियासी डकैतों द्वारा हुए हमले की याद आती है। हमला स्थल वही था मोदी ने माथा टेका था। जहां (हाईजैक करने वाले पाकिस्तानी) आराम से आकर अमृतसर से निर्बाध तेल भराकर कांधार तक उड़ते चले। यूं भी सलाहकार बृजेश मिश्र शाम ढले आदतन अवचेतन अवस्था में ही रहे होंगे। जिस कीमत पर आतंकी हाफिज की अदला–बदली हुयी उससे ज्यादा शर्मनाक हादसा शायद ही कभी भारत में घटा हो। फिर भी 75–वर्षीय कनौजिया विप्र अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने से तीन साल तीन माह छोटे सजातीय सुरक्षा सलाहकार मिश्र जी को बर्खास्त तक नहीं किया। भले ही आरएसएस और भाजपाई ऐड़ी चोटी तक कोशिश कर चुके थे। इस अनुभव की श्रृंखला में ही संसद पर हमले का हो जाना खाज में खुजली जैसा लगा था। प्रधानमंत्री के आदेश पर तब फौज दिनरात अरसे तक सीमा पर खड़ी रहीं। अटलजी स्थितप्रज्ञ रहे। हमले का आदेश तक नहीं दिया। अटलजी के हलकेपन का ही अंजाम था कि 2008 में फिर पाकिस्तानी आर्तंकियों ने कसाब के साथ मुम्बई के ताज होटल पर भयावह हमला किया था। अर्थात यदि बीस साल पहले पाकिस्तान की सेना को पाठ सिखा देते तो दस साल में चार बार हुये आक्रमणों पर निरीह भारतीय नागरिकों के प्राण बच जाते। यह तारीखें सब हमें मुहर्रम जैसी याद रखनी चाहिये। भले ही पाकिस्तानी उन अवसरों को ईद का पर्व मानें। कभी लोकसभा में अटलजी ने जवाहरलाल नेहरु को संसद में भयभीत ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविल चैम्बरलेन जैसा बताया था। इस प्रधानमंत्री ने एडोल्फ हिटलर को बहलाने, फुसलाने, तुष्टिकरण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। ऐसी अकर्मण्यता, भय, झिझक, हिचक असमंजसपना अटलजी के व्यक्तित्व में खूब झलकी थी। वहीं मानसिकता जो बौद्ध अशोक से जवाहरलाल नेहरु की कायरता का प्रतीक रही। केवल इन्दिरा गांधी (बांग्लादेश) और नरेन्द्र दामोदरदास मोदी (बालाकोट) रहे जो शत्रु के घर में घुसकर मारते थे। एक पुराना फिल्मी डायलाग याद आया। हीरो राज कुमार दुश्मन से कहता है – मैं मारुंगा, गोली हमारी होगी, बंदूक भी हमारी होगी (सिनेमा सौदागर–1991)। फिर वह वक्त और स्थल खुद तय करता है। डायलॉग पर श्रोताओं ने ताली बजायी थी। मगर अटलजी के संदर्भ में न बन्दूक रही। न गोली चली।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

सरकारी गवाहों के बयान पीएमएलए और धारा 164 में न्यायाधीश के सामने लिए गए हैं। सरकारी गवाह का प्रावधान सैकड़ों साल पुराना है। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि इन प्रावधानों का उपयोग केजरीवाल को फंसाने के लिए किया गया। यह मामला ईडी और केजरीवाल के बीच का है। इसमें केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी, गलत करार दिया था, लेकिन जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने इन टिप्पणियों के साथ केजरीवाल की अर्जी को खारिज कर दिया।

# दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल की भूमिका


रोहित माहेश्वरी

दिल्ली आबकारी नीति घोटाला आम आदमी पार्टी यानी आप के लिए गले की फांस बन गया है। इस मामले में अब तक अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया संजय सिंह और के कविता गिरफ्तार हो चुके हैं। जहां ईडी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से मामले की जांच कर रही है। वहीं सीबीआई भी मामले से जुड़ी हुई है। जांच एजेंसियों का आरोप है कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितता की गई थी और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया था। इसमें लाइसेंस शुल्क माफ या कम किया गया था। इस नीति से सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। आप का आरोप है कि भाजपा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। आप केजरीवाल की गिरफ्तारी का भी गैरकानूनी और साजिश बता रही है।

बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड को 'वैध' और 'न्यायसंगत' करार दिया है। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को अदालत ने तब करारा झटका दिया, जब उसने शराब नीति और कथित घोटाले में दोनों की संलिप्तता भी मानी। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के साक्ष्यों और दस्तावेजों के सौजन्य से कहा कि केजरीवाल साजिश में शामिल थे। उन्होंने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर घूस भी मांगी थी। रिश्वत का पैसा गोवा चुनाव में खर्च किया गया। उसकी मनी ट्रेल भी साफ है। कानून की दृष्टि से मुख्यमंत्री को कोई विशेषाधिकार नहीं है कि उनकी गिरफ्तारी चुनाव के समय पर न की जाती।

ईडी ने जो सामग्री, तथ्य, ई-मेल और व्हाट्सएप चैट के ब्योरे अदालत के सामने रखे हैं, वे सही और पर्याप्त हैं। जांच एजेंसी ने सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की है। केजरीवाल गवाहों से 'क्रॉस' कर सकते हैं। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने गंभीरता से यह टिप्पणी की है कि सरकारी गवाहों पर उंगली उठाना अदालत और न्यायाधीश पर आक्षेप लगाना है। अदालत का सरोकार संवैधानिक नैतिकता के प्रति है। अदालत पर कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं होता और न ही उसे चुनाव के समय, चुनावी टिकट और चुनावी बॉन्ड से कोई लेना-देना है। सरकारी गवाहों के बयान पीएमएलए और धारा 164 में न्यायाधीश के सामने लिए गए हैं। सरकारी गवाह का प्रावधान सैकड़ों साल पुराना है। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि इन प्रावधानों का उपयोग केजरीवाल को फंसाने के लिए किया गया। यह मामला ईडी और केजरीवाल के बीच का है। इसमें केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। केजरीवाल ने उच्च न्यायालय में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी, गलत करार दिया था, लेकिन जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने इन टिप्पणियों के साथ केजरीवाल की अर्जी को खारिज कर दिया। केजरीवाल और 'आप' के सामने अब भी सर्वोच्च अदालत में इस फैसले को चुनौती देने का संवैधानिक विकल्प



शेष है, लेकिन उच्च न्यायालय के स्तर पर यह तथ्य स्थापित हो चुका है कि शराब नीति बनाने और उसकी आड़ में घूस मांगने के कथित अपराध में केजरीवाल भी संलिप्त थे। बेशक 'आप' के नेता और प्रवक्ता दलीलें देते रहें कि चवन्नी भी बरामद नहीं हुई है।

दिल्ली सरकार ने शराब की बिक्री में गड़बड़ी रोकने और राजस्व बढ़ाने के लिए नवंबर 2021 में अपनी नई उत्पाद शुल्क नीति में सुधार करती है। पहले दिल्ली में शराब की खुदरा बिक्री सरकारी और निजी ठेके के बीच समान तरीके से होती थी। इससे उत्पाद शुल्क विभाग को हर साल लगभग 4,500 करोड़ रुपये मिलता था। दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में सरकार ने खुदरा कारोबार को पूरी तरह से निजीकरण कर दिया। इस तरह उत्पाद शुल्क की चोरी और अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लग गया। इससे 10,000 करोड़ रुपये के राजस्व की कमाई का लक्ष्य रखा गया। राजधानी के सभी 272 नगरपालिका वार्डों में से प्रत्येक में कम से कम दो शराब की दुकानें खोली जानी थी। दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने जुलाई 2022 में नई आबकारी नीति को लेकर जांच की। उन्होंने बताया कि नीति में जानबूझकर और गंभीर खामियां बरती गई और लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ दिया गया। इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी। मुख्य सचिव की जांच के कुछ मुद्दे सीबीआई एफआईआर का हिस्सा बन गए। मामले में डिप्टी सीएम और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया, तीन ब्यूरोक्रेट और 11 अन्य आरोपी बनाए गए। रिपोर्ट में शीर्ष राजनीतिक स्तर पर वित्तीय मदद के बदले ठेके संचालकों को लाभ देने का आरोप लगाया गया। इसमें कहा गया कि सिसोदिया ने कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बड़े फैसले लिए और उत्पाद शुल्क नीति को अधिसूचित किया। इसके बदले उन्होंने बड़ा लाभ कमाया।

इन आरोपों पर दिल्ली सरकार का कहना है कि नई आबकारी नीति फरवरी 2021 में दिल्ली कैबिनेट द्वारा गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की एक रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गई थी। नीति और इसके नियमों और शर्तों को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई थी। हालांकि अधिकांश निर्णय डिप्टी सीएम सिसोदिया द्वारा लिए गए थे। आप पर शराब के लाइसेंसधारियों से धन प्राप्त करने और इसे पंजाब और गोवा में 2022 की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव अभियानों में खर्च करने का आरोप लगाया है। आप संचार प्रभारी विजय नायर और हैदराबाद स्थित व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली को नवंबर 2022 में गिरफ्तार किया गया। उस समय मनीष सिसोदिया के पास वित्त और उत्पाद शुल्क का विभाग था। ऐसे में उन पर गाज गिरना लाजमी था। इसी मामले में बाद में राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें यह आरोप लगाया गया है कि आप नेताओं को साउथ ग्रुप से 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मिली थी।

केजरीवाल को फंसाना और जेल तक पहुंचाना अभी तक की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है। भाजपा 'आप' को कुचल देना चाहती है, दिल्ली की सरकार गिराने के उसके मंसूबे हैं। 'आप' राजनीतिक स्तर पर कितने भी अभियान चलाए, लेकिन अदालत के सामने ठोस साक्ष्य हैं। उन्हें अदालत ने बुनियादी तौर पर स्वीकार भी किया है। हवाला ऑपरेटर्स के बयान भी मौजूद हैं। जिन्होंने घूस की राशि दी है, उनके बयान, ई-मेल, व्हाट्स एप चैट, बैठकों और मुलाकातों आदि के ब्योरे भी उपलब्ध हैं। केजरीवाल और 'आप' किस-किस को झुठलाने की कोशिश करेंगे। दरअसल केजरीवाल एक चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। उनकी कानूनी टीम और अन्य सलाहकारों ने गलत सलाह दी। केजरीवाल को ईडी के 9 समन्स को खारिज नहीं करना चाहिए था। अब जो कानूनी निष्कर्ष सामने हैं, वे उच्च न्यायालय के हैं। किसी के खोखले आरोप नहीं हैं। नौबत यहां तक पहुंच चुकी है कि यदि 'आप' का भ्रष्टाचार भी साबित हो गया और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के नाते केजरीवाल का अपराध भी साबित हो गया, तो चुनाव आयोग 'आप' की मान्यता भी रद्द कर सकता है। 'आप' के प्रवक्ताओं को शरत रेड्डी और 60 करोड़ रुपए के चुनावी चंदे और भाजपा की वाशिंग मशीन में धुल कर आरोपितों के पाक-साफ होने सरीखे तर्कों के अलावा कुछ और भी ठोस तर्क देने होंगे।

# लोकसभा चुनाव : चुनाव आयोग का फरमान

चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि प्रत्याशी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है, तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया खर्च अभ्यर्थी के चुनावी खर्च के रूप में माना जाएगा और इसे उसके चुनावी व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।आयोग ने कहा है कि मतदाताओं से मिलने के लिए आयोजित किए गए ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाए गए हों अथवा खुद प्रत्याशी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किए गए हों, यदि प्रत्याशी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा।


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक होने वाले चुनावी महापर्व में उम्मीदवार बने प्रत्याशियों के लिए केवल चुनावों का प्रचार प्रसार करना और लोगों का समर्थन हासिल करने तक ही अकेली चुनौती नहीं है,चुनावी अभियान का संचालन करने के बीच खर्च का हिसाब किताब रखना भी आसान नहीं होगा। हालांकि 2024 के चुनाव में खर्च सीमा बढ़ाकर 70 लाख से 95 लाख कर दी गई है,परंतु फिर भी चुनाव आयोग द्वारा पहले से निर्धारित खर्च संबंधी नियमों का सख्ती से पालन करने के अतिरिक्त जैसे-जैसे डेवलपमेंट्स हो रहे हैं, चुनाव आयोग वैसे-वैसे दिशानिर्देशों की कड़ी में नए-नए नियमों को जोड़ता जा रहा है, जिसे उम्मीदवार बने प्रत्याशी को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है, वरना लोकसभा सदस्य बन जाने के बाद भी चुनाव आयोग की कार्रवाई से सदस्यता पर प्रश्न चिह्न भी लग सकता है क्योंकि अभी दो दिन पहले ही चुनाव आयोग ने सख्ती बढ़ाते हुए फरमान जारी कर दिया है कि अगर उम्मीदवार समुदायिक भोज लंगर भंडारे या विभिन्न समारोहों में शामिल हुए तो पूरा खर्च उनके खाते में जोड़ दिया जाएगा। बता दें अभी 9, 10 व 11 अप्रैल 2024 को चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा,चेट्रीचंड्र सिंधी दिवस वह ईद उल फितर सहित विभिन्न सामाजिक समूहों धार्मिक समूहों द्वारा मनाया गया, जिसमें मैं विशेष रूप से इन धार्मिक उत्सवों पर नजर रखी तो मुझे कोई किसी भी पार्टी का कोई नेता या उम्मीदवार नजर नहीं आया और ना ही किसी पार्टीबाजी का वर्चस्व दिखा साफ जाहिर है,चुनाव आयोग द्वारा उम्मीदवारों की नकेल कसने का असर दिखाई दिया। चूंकि चुनाव आयोग सख्त बना हुआ है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों की चुनाव आयोग के खर्च के नियमों में कड़े तेवरोंसे पगपग पर नकेल कसना सराहनीय है।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा प्रत्याशियों के लिए नियम कड़े कर सख्त नकेल कसने की कड़ी में एक और नियम जोड़ने की करें तो,चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के लिए नियम कड़े कर दिए हैं। साथ ही प्रत्याशियों के खर्च पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। अब एक ऐसा ही नियम प्रत्याशियों के भंडारे और लंगर से भी जुड़ा है। दरअसल, चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि प्रत्याशी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है, तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया खर्च अभ्यर्थी के चुनावी खर्च के रूप में माना जाएगा और इसे उसके चुनावी व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। आयोग ने कहा है कि मतदाताओं से मिलने के लिए आयोजित किए गए ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाए गए हों अथवा खुद प्रत्याशी




या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किए गए हों, यदि प्रत्याशी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा।यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा। ऐसे सामुदायिक भोज, लंगर, दावत आदि पर किए गए व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल नहीं किया जाएगा बशर्ते कि अभ्यर्थी उसमें सामान्य आगंतुक के रूप में भाग लेता। कर पेशेवर प्रत्याशियों को सावधान कर रहे हैं कि शादियों के मौसम में वे विशेष ध्यान रखे सामाजिक आयोजन, शादी या पार्टी में प्रत्याशी शामिल तो हो सकते हैं, लेकिन ऐसी किसी शादी-पार्टी या आयोजन में उनके लिए वोट की अपील कर दी गई या कोई फोटो-बैनर लगा दिया गया तो उस पूरे आयोजन का खर्च उसके चुनावी खर्च में जोड़ लिया जाएगा। चुनाव आयोग ने इफ्तार पार्टी और भंडारे जैसे आयोजनों के दौरान रास्ता रोकने पर भी सख्ती दिखाई है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह सुनिश्चित करें कि कहीं भी रास्ता रोककर ऐसे आयोजन न किए जाए, जिससे लोगों को परेशानी हो।आयोग ने यह निर्देश कर्नाटक के मंगलुरू से मिली शिकायत के बाद दिए हैं, जिसमें सड़क के बीचों-बीच इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। आयोग ने इस मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। आयोग ने साफ कहा है कि रास्ता रोककर किसी भी तरह के आयोजन करना गैर-कानूनी है।आयोग ने ऐसे आयोजनों को लेकर न सिर्फ सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को सतर्क किया है, बल्कि ऐसे आयोजनों के राजनीतिक जुड़ाव पर उसका खर्च राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों के चुनावी खर्च में जोड़ने का निर्देश दिया है। साथ ही जरूरी कार्रवाई भी करने को कहा है। चुनावी निष्पक्षता के लिए राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की ओरसे मतदाताओं को लुभाने की प्रत्येक कोशिश को रोकने में जुटे चुनाव आयोग ने फिलहाल रोजा इफ्तार दावतों और धार्मिक भंडारों जैसे आयोजनों पर भी चौकसी बढ़ा दी है।

साथियों बात अगर हम उम्मीदवारों के लिए प्रचार प्रसार अतिरिक्त खर्च हिसाब किताब सहित अन्य चुनौतियों की करें तो, आम चुनाव में उम्मीदवार बने रहे प्रत्याशियों के लिए प्रचार और लोगों का समर्थन हासिल करना ही अकेली चुनौती नहीं है। चुनावी अभियान के संचालन के बीच खर्च का हिसाब-किताब रखना भी आसान नहीं है। हालांकि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बन रहे उम्मीदवार इस साल थोड़ी राहत महसूस कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने खर्च की सीमा में पूरे 25 लाख रुपये की वृद्धि की है। हालांकि खर्च के नियमों की सख्ती अब भी जारी है।इन आम चुनाव में प्रत्येक लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनने वाला उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है। खर्च की गिनती तब से शुरू होगी जबसे वह उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करता है। प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव खर्च के लिए अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा। उस करंट खाते के जरिये ही उम्मीदवार चुनाव का खर्च कर सकेगा।नकद खर्च को लेकर भी बंधन लागू है। पूरे चुनावी दौर में कोई भी उम्मीदवार एक व्यक्ति को 10 हजार से ज्यादा का भुगतान नकद नहीं कर सकता। उम्मीदवार इस खाते में खुद के पास मौजूद पूंजी के साथ परिवार, अपने दल या किसी से कर्ज लेकर पैसा जमा कर सकता है लेकिन चंदा नहीं ले सकता है। साथियों बातअगर हमउम्मीदवारों के लिए संदेहास्पद लेन देनों की करें तो, यह माना जाएगा संदेहास्पद लेन-देन (1) पिछले दो माह में जमा या निकासी का कोई उदाहरण हुए बिना निर्वाचन के दौरान एक लाख रुपए से अधिक की असामान्य एवं संदेहजनक राशि की निकासी या बैंक खाते में डाला जाना।(2) निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले निर्वाचन क्षेत्र में ऐसे अन्तरण का कोई पूर्व उदाहरण हुए बिना पैन के माध्यम से एक बैंक खाते में विभिन्न व्यक्तियों के खाते में राशि का असामान्य रूप से राशि का अंतरण।

# चतुर ही नहीं शातिर भी हैं रामदेव

अदालत को दिये गये एक हलफ़नामे में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उन्हें कंपनी के अपमानजनक वाक्यों वाले विज्ञापन पर खेद है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोर्ट में हाज़िर होने के आदेश के बाद पतंजलि आयुर्वेद द्वारा झूठे दावों वाले विज्ञापन के मामले में यह हलफ़नामा दायर किया गया। इस हलफ़नामे में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने न सिर्फ़ बिना शर्त माफ़ी मांगी बल्कि न्यायालय में दी गई अंडरटेकिंग में यह भी कहा कि यह ग़लती दोबारा नहीं होगी।


निर्मल रानी

योग गुरु बाबा रामदेव व उनका व्यवसायिक उद्यम पतंजलि आयुर्वेद पिछले दिनों एक बार फिर उस समय सुर्ख़ियों में आया जबकि रामदेव व पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक व सी ई ओ आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले एक दवा विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय में बिना शर्त अपनी ग़लती की माफ़ी मांगी।ग़ौरतलब है कि पतंजलि वेलनेस ने एक विज्ञापन देश के टी वी चैनल्स व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया था जिसके माध्यम से एलोपैथी पर ग़लतफ़हमियां फैलाने का आरोप लगाया गया था। इसी विज्ञापन को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 17 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका की सुनवाई में आईएमए ने दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में देश के अनेक अख़बारों में जारी किए गए गुमराह करने वाले विज्ञापनों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही 22 नवंबर 2023 को पतंजलि के सीईओ बालकृष्ण व बाबा रामदेव की उस पत्रकार वार्ता के बारे में भी बताया गया जिसमें पतंजलि ने मधुमेह और अस्थमा को पूरी तरह से ठीक करने का दावा किया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुये यह भी कहा था कि अदालत ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना लगा सकता है। इसी मामले में अवमानना नोटिस का जवाब नहीं देने पर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण दोनों को 2 अप्रैल को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश भी दिया गया था। परन्तु पतंजलि आयुर्वेद ने सुप्रीम कोर्ट में हलफ़नामा दायर कर बिना शर्त माफ़ी मांग ली। अदालत को दिये गये एक हलफ़नामे में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उन्हें कंपनी के अपमानजनक वाक्यों वाले विज्ञापन पर खेद है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोर्ट में हाज़िर होने के आदेश के बाद पतंजलि आयुर्वेद द्वारा झूठे दावों वाले विज्ञापन के मामले में यह हलफ़नामा दायर किया गया। इस हलफ़नामे में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने न सिर्फ़ बिना शर्त माफ़ी मांगी बल्कि न्यायालय में दी गई अंडरटेकिंग में यह भी कहा कि यह ग़लती दोबारा नहीं होगी। हलफ़नामे पर दिये गये इसी माफ़ीनामे में इसतरह के विज्ञापन को पुनः प्रसारित न करने का भी वचन दिया गया है।

योग विद्या को माध्यम बनाकर दिन दूनी रात चौगुनी की दर से अपना व्यवसाय चमकाने वाले रामदेव का विवादों से पुराना नाता रहा है। पतंजलि आयुर्वेद में हालांकि मुख्य चेहरा रामदेव का ही है परन्तु रामदेव ने पतंजलि आयुर्वेद का चेयरमैन व सी ई ओ अपने सबसे विश्वस्त सहयोगी नेपाली



मूल के बाल किशन को बनाया है। यही वजह है कि पतंजलि आयुर्वेद में जहां रामदेव का कोई हिस्सा नहीं है वहीं इसके 94% हिस्से के मालिक अकेले बाल किशन हैं। 51 वर्षीय बालकिशन की गिनती इस समय देश के 68 वें सबसे रईस व्यक्ति के रुप में होती है। उनका नाम फ़ोर्ब्स पत्रिका में अरबपतियों की सूची में भी शामिल है। फ़ोर्ब्स पत्रिका के मुताबिक़ बाल किशन की अनुमानित नेट वर्थ 3.8 बिलियन डॉलर है। राम देव व बाल किशन ने 2022 में अपना व्यवसायिक टर्न ओवर 40 हज़ार करोड़ का बताया था साथ ही यह भी कहा था कि उनका लक्ष्य 5 वर्ष में इसे दुगना करने का है। रामदेव द्वारा आयुर्वेद अथवा इससे सम्बंधित उत्पादों को बनाना बेचना व इनके उचित विज्ञापन देना तक तो ठीक है परन्तु प्रायः वे अपने उत्पाद को सही ठहरने के लिये अक्सर दूसरी औषधीय प्रणालियों पर भी हमलावर हो जाते हैं। उन्हें विश्व विख्यात व सर्व स्वीकार्य एलोपैथी चिकित्सा प्रणाली से बड़ी चिढ़ है। लोगों का कहना है कि रामदेव अपने उत्पाद बेचने के लिये एलोपैथी चिकित्सा प्रणाली की आलोचना करते हैं। कोरोना काल में जिस भारतीय वैक्सीन को लेकर भारत सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है उसकी आलोचना में भी रामदेव ने कोई कसर बाक़ी नहीं रखी। अभी भी कई जगह सार्वजनिक मंचों से वे यह कहते नज़र आते हैं कि वैक्सीन लगवाने के बाद तमाम लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। यानी एक ओर तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भारत सरकार ने देश के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने हेतु प्रोत्साहित किया जबकि ठीक इसके विपरीत रामदेव लोगों को वैक्सीन लगवाने के प्रति हतोत्साहित करते रहे। सवाल यह है कि उनमें इतना साहस आता कहाँ से है ?

दरअसल रामदेव ने योग व इसके टी वी प्रचार के माध्यम से पहले तो स्वयं को प्रसिद्धि दिलाई। उसके बाद जब योग के बहाने राष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की संख्या बढ़ने लगी तो नेता उनकी ओर स्वयं आकर्षित होने लगे। क्योंकि स्वभाविक है नेताओं को वह व्यक्ति बहुत भाता है जिसमें भीड़ को आकर्षित करने की क्षमता हो। इसी का लाभ उठाकर रामदेव ने अपने पतञ्जलि परिसर में नरेंद्र मोदी से लेकर बड़े से बड़े नेताओं मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों को किसी न किसी आयोजन के बहाने आमंत्रित किया। यहाँ तक कि कोरोनकाल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के हाथों कोरोना की अपनी दवाई कोरोनिल का भी उद्घाटन करा दिया जिसे लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दवा की विश्वसनीयता को खुली चुनौती दी। रामदेव अनेक मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय नेताओं से सम्बन्ध बनाकर विभिन्न राज्यों में अपने उद्योग के विस्तार हेतु ज़मीनें भी ले चुके हैं। वह रामदेव ही थे जिन्होंने पहले तो 2012 में ट्वीट किया कि अगर कालाधन वापस आ गया तो पेट्रोल 30 रुपये प्रति लीटर मिलेगा परन्तु जब तेल की क़ीमतें 100 रूपये से ऊपर चली गयीं तो बड़ी ही चतुराई से उन्होंने वो ट्वीट डिलीट कर कर डाला। बाबा रामदेव 2014 से पहले लोगों से पूछा करते थे कि आप लोगों को कौन सी सरकार चाहिए? 40 रुपए पेट्रोल वाली सरकार या 300 रुपए वाली सरकार? नरेंद्र मोदी की सरकार बनाओ, 40-45 रुपए लीटर पेट्रोल और 30-35 रुपए लीटर डीज़ल मिलेगा। यही नहीं गैस की क़ीमत भी 400 रुपए कर देंगे। रामदेव 20 करोड़ युवाओं को रोज़गार दिलाने का वादा भी करते फिरते थे। इसी सम्बन्ध में करनाल में जब एक पत्रकार ने रामदेव से पेट्रोल की क़ीमतों संबंधी उनके पुराने बयान के बारे में पूछा तो रामदेव उसपर आग बबूला हो गए। रामदेव ने पहले तो उसे चुप हो जाने को कहा।फिर कहा कि -हाँ मैंने कहा था। क्या पूंछ उखाड़ लेगा मेरी? तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर देने का कोई ठेका ले रखा है मैंने? कर ले क्या कर लेगा। चुप हो जा। आगे कुछ पूछेगा तो ठीक नहीं। इसी तरह कुछ समय पूर्व बाबा रामदेव ने ओबीसी समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुये कहा कि मेरा मूल गोत्र है ब्राह्मण गोत्र, और मैं अग्निहोत्री ब्राह्मण हूं। ओबीसी वाले ऐसी तैसी करायें।

# भारत व नेपाल के बीच और मजबूत होंगे शैक्षिक-सांस्कृतिक संबंध

अवधनामा संवाददाता



महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के बीच एमओयू

**गोरखपुर।** भारत व नेपाल के बीच समग्र शैक्षिक-सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर तथा नेपाल के लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय ने एक साझा पहल की है। गुरुवार को दोनों विश्वविद्यालयों के बीच इसे लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता करार (एमओयू) हुआ।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की तरफ से कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और नेपाल के लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुबर्ण लाल बज्राचार्य ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर इसका आदान-प्रदान किया। एमओयू के अनुसार दोनों विश्वविद्यालय शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में विद्यार्थी विनिमय कार्यक्रम के साथ ही शोध और नवाचार की दिशा में मिलकर काम करेंगे। एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुबर्ण लाल बज्राचार्य ने कहा कि भारत और नेपाल के सांस्कृतिक अंतरसंबंध मानव सभ्यता और संस्कृति के इतिहास जितने ही प्राचीन हैं। दोनों देशों की साझी सांस्कृतिक विरासत है और इसे आपसी शैक्षिक कार्यक्रमों से संरक्षित और संवर्धित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ और महात्मा बुद्ध भारत-नेपाल के आपसी रिश्ते की मजबूत कड़ी हैं। महायोगी गुरु गोरखनाथ आज भी नेपाल की जनता की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। जबकि महात्मा बुद्ध का दर्शन नेपाल के रग-रग में समाया हुआ है। उन्होंने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय गोरखपुर के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को और प्रतिष्ठत करने के उद्देश्य से किया गया कार्य दोनो देशों के रिश्ते को और प्रगाढ़ करेगा। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की तरफ से कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने अपने नेपाली समकक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि यह दो विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू तो है ही, दो देशों की साझा सांस्कृतिक को एक साथ मिलकर बचाने, बढ़ाने और जीने का अभियान है। उन्होंने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कार्य करेंगे ही, साथ ही दोनों देशों के बीच संबंधों की डोर मजबूत किए रहने के प्रति भी अपनी महती भूमिका निभाएंगे। तकनीकी, नवाचार और नए उभरते क्षेत्रों में आपसी सहयोग एवं सहभाग का आदर्श मानक स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि आज दोनो देशों के मध्य शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साझी संस्कृति का भी मिलन हो रहा है। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय गोरखपुर ने शैक्षणिक गतिविधियों को अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से यह एमओयू किया है। आपसी समन्वय से महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय व लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय नेपाल शिक्षा, स्वास्थ और संस्कृति के क्षेत्र में नया इतिहास रचेंगे।

# श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से होती है मोक्ष की प्राप्ति : उत्तम कृष्ण शास्त्री

अवधनामा संवाददाता



कैथवलिया रेहरा गांव में चल रहे श्री सतचण्डी महा यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा की अमृत वर्षा के दूसरे दिन कथावाचक उत्तम कृष्ण शास्त्री ने किया राजा परीक्षित प्रसंग का वर्णन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** कैथवलिया रेहरा गांव में चल रहे श्री सतचण्डी महा यज्ञ एंव श्री मद भागवत कथा की अमृत वर्षा के दूसरे दिन शनिवार की रात कथावाचक उत्तम कृष्ण शास्त्री ने राजा परीक्षित प्रसंग का वर्णन किया। जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु खुशी से झूम उठे।

कथावाचक ने कहा कि अगर श्रद्धा व विश्वास के साथ श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया जाए, तो मोक्ष की प्राप्ति जरूर होती है। उन्होंने ने राजा परीक्षित से जुड़े प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि श्रृंगी ऋषि पुत्र को किसी बालक ने राजा की इस करतूत को बता दिया। जिसे देखकर ऋषि के पुत्र ने श्राप दिया कि जिस किसी ने पिता के साथ ऐसी हरकत की है। उसे आज के सातवें दिन तक नाग द्वारा इस विश्व से विदाई यानी जीवन समाप्त कर दिया जाए। जब ऋषि को इस बात का पता चला, तो उन्हें बड़ा ही दुख हुआ। उन्होंने कहा तूने आवेश में ठीक नहीं किया। वह राजा बड़ा ही धर्मात्मा है।

ऋषि ने ईश्वर से अपने अबोध बालक के द्वारा किए गए इस कार्य की क्षमा मांगी। बाद में राजा को भी अपने द्वारा किए गए कार्य का पश्चाताप होने लगा। जिसके बाद राजा परीक्षित गंगा नदी में मचान बनाकर श्रीमद्भागवत का श्रवण ऋषि सुकदेव ने कराया। जिससे उनको मोक्ष की प्राप्ति हुई। शास्त्री ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। इस दौरान यज्ञाचार्य बिष्णु शरण शास्त्री, अश्वनी, पं शिवांश, पं अभिषेक शास्त्री, पं आदेश शास्त्री, पं विनीत, पं रमेश, यजमान शिवप्रसाद निषाद, अनीता, दिवाकर तारे, सुनील, प्रदीप, देवा, गरूण, राजेश आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शोहरतगढ़ महथा बाजार रेलवे लाइन पर मड़वा रेलवे समपार फाटक के पूरब बृहस्पतिवार को रात लगभग साढ़े सात बजे रेलगाड़ी की चपेट में आने से पैंतीस वर्षीय युवक की मौत हो गयी। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाल्ट रेलवे स्टेशन महथा बाजार व रेलवे स्टेशन शोहरतगढ़ के बीच मड़वा रेलवे समपार फाटक के पूरब बृहस्पतिवार को रात साढ़े सात बजे लगभग पैंतीस वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय उपनिरीक्षक श्याम मोहन त्रिपाठी, राजेश्वर कुशवाहा, कन्हैया कुंवर त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल श्याम बहादुर चौहान, कांस्टेबल अजय कुमार यादव के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल सिद्धार्थ नगर भेज दिया। युवक की पहचान शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नहरी निवासी राकेश पुत्र शंकर गुप्ता उम्र 35 वर्ष के रुप में हुई। इस संबंध में शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया की ट्रेन की चपेट में आने से शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नहरी निवासी पैंतीस वर्षीय राकेश पुत्र शंकर गुप्ता की मौत हो गई।

# चुनाव तथा सुरक्षा बिन्दुओं व केंद्रीय राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में हुई चर्चा



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनज़र एसएसबी ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ बैठक कर किया चर्चा शुक्रवार को 43वी वाहिनी सशस्त्र सीमा चौकी चरिगवा में सहायक कमांडेंट कैलाश दान के अध्यक्षता में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों व अन्य ग्रामीणों के साथ तथा सीमा चौकी बजहा के मटेरिया गांव के कंपोजिट विद्यालय के प्रांगण में निरीक्षक के पी एम वांजीनाथन के अध्यक्षता में ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठक किया गया।

बैठक के दौरान सीमा चौकी चरिगवा से उप निरीक्षक हेम सिंह व अन्य कार्मिक तथा ग्राम पंचायत चरिगवा की तरफ से ग्राम प्रधान अब्दुल्ला खान, सेवक विजय शंकर, चौकीदार मोलहू यादव व अन्य ग्रामीण एवं मटियरिया गांव के प्रधान विरेन्द्र चौधरी व पकड़ीहवा गांव के प्रधान बृजेश चौधरी के साथ अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक में आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिकोण से सुरक्षा बिन्दुओं तथा केंद्रीय व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में चर्चा हुई। साथ ही नागरिकों से अपील किया गया की सीमाई क्षेत्र में होने वाले अवैध गतिविधि की जानकारी एवं अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक के बारे में कोई सूचना मिलने पर सशस्त्र सीमा बल के नजदीकी सीमा चौकी व स्थानीय पुलिस को दे। सशस्त्र सीमा बल द्वारा समय-समय पर आयोजित किये जाने वाले नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवं प्रशिक्षित होने पर आस-पास के युवाओं को भी प्रशिक्षित करने हेतु ग्रामीणों से आग्रह किया।

# शिव विवाह प्रसंग की कथा सुन आन्नदित हुए श्रोता

**पौली अवधनामा संवाददाता।** पौली विकास क्षेत्र के बघौड़ा दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे महायज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को अयोध्या से पधारे अमरनाथ रामायणी जी ने श्रोताओ को संगीतमयी कथा के माध्यम से शिव विवाह का प्रसंग सुनाया और लोग आनन्दित हो उठे। कथा को आगे बढाते हुए व्यास पीठ से कहा की दक्ष प्रजापति के यज्ञ में जब सती द्वारा शिव के अपमान से आहत होकर अपने शरीर का त्याग कर दिया तब हिमांचल के यहाँ पार्वती के रूप में जन्म लिया। समयानुसार बड़ी होने पर पार्वती की माँ मैना देवी ने पति हिमांचल से कहा कि जो घर बर कुल होई अनुपा,, करिह बिबाह सुता अनुरूपा बेटी के अनुरूप घर वर देख कर अब बेटी पार्वती का विवाह कर देना चाहिए महर्षि नारद के कथानुसार पार्वती को तपस्या के लिए प्रेरित किया गया और पार्वती जी ने शिव जी कठोर तपस्या की। सप्तऋषियों के परीक्षा लेने के बाद, शिव पार्वती का विवाह सम्पन हुआ कथा व्यास ने कहा कि इस प्रसंग से हम सबको यही शिक्षा लेनी की जरूरत है सुखी दाम्पति जीवन के लिए कन्याओं के अनुरूप ही वर का चयन करना चाहिए और हमेशा अच्छा संस्कार देना चाहिए। सभी लोग चाहते है कि हमारी बेटियां ससुराल में सुखी रहे परन्तु यह तभी सम्भव जब हम भी अपने घर आई बहुओ को अपनी बेटी की तरह सम्मान देंगे। क्योकि बेटियां ही समयानुसार कन्या, बहू, सासू की स्थान लेती है। कार्यक्रम मे यजमान महेंद्र यादव, श्रीराम प्रजापति, कल्पनाथ यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# विद्यालय परिसर में लगा हैंडपम्प दे रहा है गंदा पानी

अवधनामा संवाददाता



बांसी सिद्धार्थनगर। कन्या जूनियर हाई स्कूल अकबरनगर बांसी मे लगे हैंडपम्प से गन्दा पानी निकलने से विद्यालय के बच्चों को विद्यालय परिसर से बाहर जाकर पानी पीना पड़ रहा है यही नही रसोईयो को भी खाना बनाने के लिए विद्यालय के बाहर से पानी लाना पड़ रहा है ।जिससे बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कन्या जूनियर हाई स्कूल बांसी मे दो इण्डिया मार्का-2 हैंडपम्प लगा हुआ दोनो हैंडपम्प से दूषित पानी आ रहा है। जिससे रसोईयो को खाना बनाने के लिए विद्यालय परिसर के बाहर जाकर पानी लाना पड़ता है ।यही नही बच्चों को भी पानी पीने के लिए बाहर जाना पड़ता है। इस सम्बंध मे विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक शीला सक्सेना का कहना है कि काफी दिनो विद्यालय मे लगे नल से दूषित पानी आ रहा है जिसकी सूचना नगर पालिका बांसी व अपने विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित दे चुकी हूं। इसके बाद भी समस्या का समाधान नही हुआ है। इनका कहना है पानी पीने के लिए बच्चों को बार बार बाहर जाना पड़ता है ।यही नही जिस नल पर बच्चे बार बार पानी पीने जाते वहां बच्चो को मना भी किया जाता है। इस सम्बंध ईओ नगर पालिका का पक्ष जानने के लिए मोबाईल पर फोन किया गया परंतु फोन नही उठा।

# ग्राम सभा बोडिया अनंत बैतालपुर में आयोजित किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया सदर विधानसभा के अंतर्गत बोडिया अनंत ग्राम सभा में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों एवं शिक्षकों ने गांव में टोली बनाकर जनसंपर्क कर मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रियंका यादव ने ग्रामवासियों से संपर्क कर उनको अपना नाम मतदाता सूची में जांचने एवं न होने की स्थिति में तत्काल बी0एल0ओ0 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा 1 जून को ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने की अपील की। छात्रों के बीच मतदाता जागरूकता संबंधित पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आराध्या यादव ने प्रथम अर्पिता सिंह द्वितीय एवं अनीस एवं सत्यम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापिका मृदुला मिश्रा ने बताया कि यह सभी स्लोगन एवं पेंटिंग छात्र अपने घर के दरवाजों पर चस्पा करेंगे जिससे कि ग्रामवासियों में मतदान संबंधित जागरूकता बढे। कार्यक्रम में आशुतोष भूषण सिंह, आशुतोष नाथ तिवारी, नीलम सिंह एवं सरोज यादव समेत छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। पथरदेवा में बंजरिया मे स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अनिल कुमार सिंह बीडीओ और बीईओ पथरदेवा उपस्थित हुए। बच्चों ने पोस्टर, स्लोगन लिखा और 1 जून को मतदान में भागीदारी बढाने में अपने अभिभावकों को जागरूक करने का संकल्प लिया। स्कूल के सभी शिक्षक और अभिभावक भी सम्मिलित हुए। बरहज ब्लाक में कंपोजिट सीएस करायल शुक्ल पर जागरूकता के संदेश सहित मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और बच्चियों द्वारा मतदाता जागरूकता स्लोगन वाली मेहंदी लगाकर मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

# डीएम ने दिव्यांग मतदाताओं से किया संवाद, मतदान के लिए किया प्रेरित



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप न्यूनतम सुनिश्चित सुविधायें उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं से भी संवाद किया और उन्हें लोकतंत्र के महापर्व में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय बैजनाथपुर पहुंचे। उक्त मतदान केंद्र पर बूथ संख्या 179 में 918 मतदाता आगामी एक जून को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बूथ पर रैंप मरम्मत का कार्य होता मिला। इसके पश्चात जिलाधिकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय देवरिया बुद्धू खान में पहुंचे। संवेदनशील श्रेणी के इस बूथ में 1136 मतदाता हैं। डीएम ने गत चुनावों के इतिहास के विषय में जानकारी ली और ग्राम प्रधान को पत्र सौंपकर जनपद के बाहर रह रहे मतदाताओं को बुलाने का अनुरोध किया।

# वेक्टर जनित बीमारियों की हुई समीक्षा, ठीक हुए मरीजों से भी टीम ने किया संवाद

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले में भारत सरकार की टीम ने शुक्रवार को वेक्टर जनित बीमारियों की गहन जमीनी समीक्षा की और ठीक हुए मरीजों के साथ भी विस्तार से संवाद किया।

टीम का नेतृत्व कर रहे भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव (वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम) राजीव मांझी ने न केवल जनपद में वेक्टर जनित रोगों की स्थिति को देखा, बल्कि वह कालाजार और कुष्ठ से ठीक हुए लोगों से मिले और उनके साथ संवाद भी किया। साथ ही उन्होंने इन लोगों को मिल रहे सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में भी जानकारी हासिल की। इसके बाद संयुक्त सचिव ने तमकुही राज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का दौरा किया और वहां पर भी कालाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की। संयुक्त सचिव ने जिले के कालाजार प्रभावित इलाकों में इसकी वाहक बालू मक्खी का घनत्व पता लगाने का भी निर्देश दिया। संयुक्त सचिव श्री मांझी सबसे पहले तमकुही राज ब्लॉक के पुरैना कटया उपकेंद्र के ग्रामसभा कटहरी बाग गए और वहां पर 75 वर्षीय कालाजार से ठीक हुए बुजुर्ग से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने संयुक्त सचिव के साथ अपने अनुभव साझा किए। संयुक्त सचिव ने कालाजार से ठीक हुए बुजुर्ग से सरकारी तंत्र द्वारा उनको मिली सहायता के बारे में भी जानकारी हासिल की। इसके बाद वह ग्रामसभा धुरिया कोट गए जहां 45 वर्षीय कुष्ठ से ठीक हुए व्यक्ति से मुलाकात की। उन्होंने कुष्ठ से ठीक हुए व्यक्ति द्वारा रोग प्रबन्धन के लिए अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी हासिल की । इसके बाद वह तमकुही राज सीएचसी गए और वहां अधिकारियों तथा वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम से जुड़े स्टॉफ से मुलाकात कर कार्यक्रमों की समीक्षा की। श्री मांझी ने बताया कि कालाजार और कुष्ठ रोग से बचाव पर सरकार का काफी जोर है। दोनों बीमारियों का इलाज सरकारी तंत्र में सभी के लिए उपलब्ध है। कोशिश यह है कि अगर कहीं से भी कुष्ठ रोगी मिल रहे हैं तो वहां आसपड़ोस में पोस्ट एक्सपोजर प्रोफाइलेक्सिस कर बचाव की दवा (रिफैम्पिसीन) खिलाई जाए। इसके जरिये संक्रमण पर नियंत्रण किया जा सकता है। नए कुष्ठ रोगियों को खोज कर समय से इलाज कर देने से दिव्यांगता का खतरा टल जाता है और मरीज पूरी तरह से ठीक हो जाता है। जहां कहीं भी कालाजार का एक भी मामला मिल रहा है वहां सर्विलांस पर अधिक जोर है। कालाजार की वाहक बालू मक्खी से बचाव के लिए आईआरएस छिड़काव कराया जा रहा है। समन्वित प्रयासों से देश कालाजार उन्मूलन की ओर है। इस मौके पर राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहयोगी संस्था पाथ, सीएचएआई और सीफार के प्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे।

# कुशीनगर में 2365 सर्विस वोटर ऑनलाइन बैलेट पर देंगे वोट

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले से बाहर रहने वाले सर्विस मतदाताओं (सैनिक वोटरों) को ऑनलाइन बैलेट पेपर भेजा जाएगा। निर्वाचन कार्यालय की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। ऐसे मतदाता ऑनलाइन सर्विस वोटर पोर्टल के जरिए अपने वोटर क्रमांक के आधार पर बैलेट पेपर डाउनलोड करेंगे। इसके बाद वे पसंदीदा प्रत्याशी को वोट देकर इस बैलेट को लिफाफे में बंद कर अपनी यूनिट के माध्यम से अपना वोट संबंधित लोकसभा क्षेत्र के लिए भेजेंगे। जिले में 2365 सर्विस वोटर है, जिसमें 2299 पुरुष और 66 महिला है, जो देश के सेना में शामिल होकर अपनी अन्य प्रदेशों में तैनात है।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। लोकतंत्र के इस महापर्व में कोई मतदाता वंचित ना हो, इसके लिए निर्वाचन आयोग की ओर से बूथ स्तर तक तैयारी की जा रही है। ऐसे में देश की सेवा में बार्डर पर तैनात सर्विस मतदाताओं के लिए ऑनलाइन बैलेट पेपर भेज कर मतदान की व्यवस्था की गई है। जिले के सातो विधानसभा क्षेत्रों में 2365 सर्विस मतदाता (सैनिक वोटर) हैं, जिसमें 66 महिला वोटर है। इसमें सबसे अधिक हाटा विधानसभा क्षेत्र में 761 हैं, तो वहीं सबसे कम खड्डा विधानसभा क्षेत्र में 88 हैं। नामांकन और प्रत्याशियों के चुनाव चिह्न निर्गत होने के बाद इन मतदाताओं को ऑनलाइन सर्विस वोटर पोर्टल के जरिए बैलेट पेपर भेजे जाएंगे। इसके बाद सर्विस मतदाता अपने वोटर क्रमांक के आधार पर अपने बैलेट पेपर डाउनलोड कर पसंदीदा प्रत्याशी को मतदान करेंगे। इसके बाद बैलेट पेपर को लिफाफे में बंद कर अपनी यूनिट के जरिए संबंधित लोकसभा क्षेत्र के लिए भेजेंगे। मतगणना के दिन सुबह आठ बजे से पहले सर्विस वोट आने के बाद इनको भी मतगणना में शामिल कर लिया जाएगा। **जिले में बढ़ेंगे और 1400 युवा मतदाता:** कुशीनगर जिले में 1400 युवा मतदाताओं की संख्या और बढ़ेगी। मतदाता सूची में शामिल होने के लिए किए गए आवेदन की जांच में इन युवा मतदाताओं की उम्र 18 साल से कम थी। इस लिए मतदाता सूची में तीन माह पहले शामिल नहीं हो सके। अब इन मतदाताओं का उम्र 18 वर्ष का हो गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने बताया कि इन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीएलओ को इसके लिए निर्देश दे दिया गया है। जिले में अब तक 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 40401 थी। अब इनमें 1400 और युवाओं का नाम जुड़ जाएगा। 6 मई तक मतदाता सूची से वंचित वोटर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन वेबसाइट या बीएलओ से लोग संपर्क कर सकते हैं। मतदाता सूची में संशोधन या विलोपन अब नहीं किया जा सकता है।

# इक्कीस शादियों के लिए मंदिर के पुजारी ने किया सहयोग



अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार कुशीनगर।** गांव में होने वाली बच्चियों की शादियों में चावल, कपड़ा, श्रृंगार का सामान, रुपए आदि से सहयोग कर एक अनूठी पहल करने वाले मंदिर के पुजारी और गांव के सहयोगियों की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के बोदरवार बाजार के पास स्थित मठिया मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार पाठक और उनके सहयोगी भट्ठा व्यवसायी खजांची सिंह, ओमप्रकाश गुप्त, पन्ने लाल गुप्त, रामचंदर, रमेश कुमार द्वारा बच्चियों की शादियों में सहयोग करने की पहल को खूब सराहा जा रहा है। पंडित कृष्ण कुमार पाठक की अगुवाई में संपन्न हुए श्री राम महायज्ञ की पूर्णाहूति के बाद मठिया गांव में होने जा रही इक्कीस शादियों के परिवार वालों के घर घर जाकर संभा चावल की बोरियां, कपड़े, श्रृंगार की सामग्री, नकदी, दौरी मौनी आदि देकर जहां आशीर्वाद दिया वहीं परिवार के मुखिया को भरोसा दिलाया कि शादी में किसी भी सहयोग के लिए मंदिर का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। एक सवाल के जवाब में पं कृष्ण कुमार पाठक ने कहा कि यहां मेरा और तेरा क्या है। सब ठाकुर जी की कृपा से है।हम लोग तो एक निमित्त मात्र हैं। हमसे जो हो सके, करते रहना चाहिए।

# मां की गुहार पर कब्र से निकाली गई डेढ़ साल के मासूम की लाश

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां की गुहार पर पुलिस ने डेढ़ साल के मासूम की लाश कब्र से निकाली।

मौत के कारण का पता लगाने के लिए मासूम की मां ने उच्चाधिकारियों को तहरीर देकर गुहार लगाई थी जिसके बाद शुक्रवार को प्रशासन ने शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर छ-सिरसिया में बीते तीन अप्रैल को सास, ननद व बहु में विवाद हुआ था, जो सुलह भी हो गया था। ग्रामीणों के अनुसार उक्त परिवार में एक डेढ़ साल का बच्चा करीब दो महीने से बीमार चल रहा था जिसे परिजन इलाज हेतु अस्पताल ले गए थे जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजन घर लाकर शव दफना दिया था। लेकिन बच्चे की मां पुष्पा पत्नी देवचंद्र ने थानाध्यक्ष व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सास, ससुर व ननद पर बच्चे को पटककर मारने का आरोप लगाते हुए मौत के कारण पता लगाने के लिए गुहार लगाई थी, साथ ही अपने डेढ़ साल के बेटे लक्ष्य प्रजापति को छुपा देने का भी आरोप लगाई है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को भी पत्र देकर अपने बच्चे की मौत के कारण पता लगाने के लिए मांग किया था। जिसपर जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को तहसीलदार कप्तानगंज दिनेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार, मथौली चौकी इंचार्ज अजित विक्रम राय तथा पीड़ित पुष्पा व उसके मायके वालो की मौजूदगी में शुक्रवार को मय फोर्स के साथ पहुंचकर सिरसिया मवन नाले के पास से कब्र में दफनाए गए बालक का शव नौ दिन बाद निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सास व बहु में विवाद हुआ था जिसमें बहु ने सास व घर के अन्य परिजनों पर बच्चे को पटककर मारने का आरोप लगाते हुए मौत के कारण का पता लगाने के लिए तहरीर दी थी। जिसपर जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति मिलने पर शुक्रवार को शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# समर सीजन में बनाएं नींबू की मदद से ये स्वादिष्ट व्यंजन, बच्चे बार-बार मांगकर खाएंगे

गर्मियों में ठंडा और नींबू से बनी हुई खट्टी चीजें खाने का मन करता है। नींबू के नाम से ही जुबान खट्टी- सी होने लगती है। इसमें विटामिन-सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है। गर्मी मे लोग नींबू की मदद से कई तरह के ड्रिंक्स बनाना पसंद करते हैं। नींबू से हम कई प्रकार के व्यंजन तैयार कर सकते हैं। इस लेख में हम आपके लिए नींबू की मदद से कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर सकते है। चलिए आपको इनकी रेसिपी बताते हैं।



***लेमन राइस***

***सामग्री***

- चावल- 2 कप
- गाजर - बारीक कटा हुआ
- टमाटर- 1 कटा हुआ
- प्याज - 1 बारीक कटा हुआ
- मूंगफली- 1/3 कप
- शिमला मिर्च- 1
- नींबू - 2 चम्मच
- हरी मिर्च
- अदरक पेस्ट - 1/3 चम्मच
- जीरा - आधा चम्मच
- मटर - 1 कप
- नमक स्वादानुसार
- तेल - चम्मच
- धनिया पत्ता- 2 चम्मच
- चाट मसाला- आधा चम्मच
- गरम मसाला- आधा चम्मच
- हल्दी- आधा चम्मच
- करी पत्ता- 1 चम्मच
- लाल मिर्च- आधा चम्मच

***लेमन राइस की विधि***

- सबसे पहले चावल को धो लें अच्छी तरह से साफ कर के बर्तन में रख लें। इसके बाद एक कड़ाही में तेल गर्म करें और जीरा, मिर्च, प्याज, अदरक और लहसुन का पेस्ट डालकर अच्छी तरह से भून लें।

- जब मसाले रंग हल्का भूरा हो जाए, तो इसमें हल्दी, धनिया पाउडर, गरम मसाला, मूंगफली, शिमला मिर्च, गाजर और नमक को डालकर 5 मिनट पकने के लिए छोड़ दें।

- जब मसाला पक जाए तो इसमें राइस, चाट मसाला और नींबू का रस डाल कर मध्य आंच पर कुछ देर पकने के लिए छोड़ दें।

- कुछ देर पकने के बाद गैस बंद कर दें और इसके लिए ऊपर से धनिया के पत्ते को डालकर स्वादिष्ट लेमन राइस सर्व करें।

***लेमन मूस***

***सामग्री***

- लेमन कर्ड- 1 कप
- हैवी क्रीम - 1 कप
- पिसी चीनी- 1 कप

***लेमन मूस विधि***

- व्हिस्क अटैचमेंट के साथ लगें स्टैंड मिक्सर के कटोरे में लेमन कर्ड, ठंडी हैवी व्हिपिंग क्रीम और पाउडर चीनी मिलाएं।

- लगभग 3-5 मिनट के लिए इसे अच्छी तरह फेंटे।

- अब इसे गिलास में डालें और फिर प्लास्टिक रैप में ढक दें।

- कम से कम 4 घंटे या रात भर के लिए फ्रिज में रख दें और इसे ठंडा होने दें।

***पहाड़ी नींबू सान***

***सामग्री***

- कुमाउनी नींबू- 1
- हरी मिर्च - 1 चम्मच
- गुड़ - 2 छोटे चम्मच
- पुदीना
- सरसों का तेल- 1 छोटा चम्मच
- गाढ़ी दही- 1 कप
- नमक स्वादनुसार
- भांग के बीज - 1 बड़ा चम्मच
- जीरा - 1 छोटा चम्मच

***विधि***

- सबसे पहले आप सारी सामग्री को इक्ट्ठा कर लें। कुमाऊं नींबू और भांग के बीज आपको आसानी से मिल सकते हैं।

- एक पैन को गैस पर रखें और उनमें भांग के बीज डलकर ड्राई रोस्ट करें। 1-2 मिनट बाद उसमें जीरा डालकर कुछ देर और ड्राई रोस्ट करें।

- गैस को बंद करें और उसमें हरी मिर्च डालकर चलाएं और उसे ठंडा होने के लिए रख दें। जब भांग के बीज और जीरा ठंडा हो जाए तो उसमें पुदीने की पत्तिया डालकर दरदरा पीस लें। भांग और जीरा को ज्यादा पीसने पर कड़वापन आ सकता है, इसलिए ध्यान रखें कि उसका पाउडर न बनाएं।

- अब एक कटोरी में दही, नमक,भांग और जीरा पाउडर, गुड़ डालकर अच्छी तरह मिक्स करें और इसे एक तरफ रख दें। ध्यान रखे कि दही गाढ़ी हो, पतली दही तैयार मेरिनेशन को भी बहुत पतला कर देगी।

- एक प्लेट में नींबू या गलगल को छील लें और इसके बाद उसमें तैयार मेरिनेशन डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें। ऊपर से सरसों का तेल डालें और फिर से मिक्स करें। नमक स्वादनुसार डालें और आपकी पहाड़ी नींबू सान की रेसिपी तैयार है।

# व्रत के खाने को बनाएं टेस्टी, स्नैक्स के साथ खाएं ये डिप्स और चटनी

चैत्र नवरात्रि की शुरुआत आज हो चुकी है। हम सभी लोगों ने व्रत रखते हैं, ऐसे में नौ दिनों तक लोग खाने को लेकर काफी सजग रहते हैं। इन नौ दिनों में क्योंकि देवी मां की पूजा की जाती है, इस दौरान प्याज और लहसुन से बनी चीजों को नहीं खाया जाता है। उपवास रखने के दौरान कुछ टेस्टी खाने का जरुर मन करता है। चलिए आपको चटनी और डिप्स बनाकर अपनी बोरिंग मील को भी लजीज बना सकते हैं।



***मूंगफली की चटनी***

***सामग्री***

- 1 कप भुनी हुई मूंगफली
- 2 हरी मिर्च
- 1 इंच अदरक का टुकड़ा
- -1 बड़ा चम्मच नींबू का रस
- स्वादानुसार सेंधा नमक
- पानी जरुरत के हिसाब से

***मूंगफली की चटनी बनाने का तरीका***

- सबसे पहले मीडियम गैस पर एक पैन में मूंगफली को हल्का भून लें।

- एक ब्लेंडर में भुनी हुई मूंगफली, हरी मिर्च, अदरक, नींबू का रस और सेंधा नमक डालें।

- जरुरत के अनुसार पानी डालें और सारी चीजों को अच्छी तरह से पीस लें। यह गाढ़े पेस्ट की तरह तैयार कर लें।

- चटनी को टेस्ट करें और मसाला का एडजस्ट करें। खट्टापन बढ़ाने के लिए आप नींबू का रस डल सकते हैं।

- इसे आप साबूदाना खिचड़ी, कुट्टू पराठा या व्रत डोसा के साथ खा सकते हैं।

***खजूर और इमली की चटनी***

***सामग्री***

- 1 कप खजूर
- 1/2 कप इमली का गूदा
- 1/4 कप गुड़
- 1 चम्मच भुना जीरा पाउडर
- काला नमक स्वादानुसार
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- पानी आवश्कतानुसार

***विधि***

- खजूर से गुठली हटाकर उन्हें अलग कर लें। इसके बाद गर्म पानी में 30 मिनट के लिए भिगोएं।

- अलग कटोरी में इमली के गूदे के और गुड़ डालकर स्मूथ होने तक ब्लेंड कर लें।

- अब इसे सॉस पैन में डालें और आवश्कतानुसार पानी डालकर धीमी गैस पर पकाएं। अब इसमें जीरा पाउडर, काला नमक और लाल मिर्च पाउडर डालकर मिलाएं।

- उबाल आने के बाद इसे ठंडा होने दे। खजूर की चटनी को आप शाम के पूजा के बाद खाना खाते हुए इसका मजा ले सकते हैं।

# ईद पर बादाम फिरनी से करें मुंह मीठा, जान लीजिए रेसिपी





ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं। इस दौरान कई तरह की अलग-अलग रेसिपी को बनाया जाता है। लेकिन मीठा बनाने की खास परंपरा है। यूं तो ईद के जश्न को मनाने के लिए आप कई तरह की स्वीट रेसिपी बना सकते हैं। लेकिन अगर आप इस बार कुछ बेहद ही डिलिशियस बनाने के बारे में सोच रहे हैं तो ऐसे में बादाम फिरनी बनाई जा सकती है।

यह बेहद ही क्रीमी होती है और इसका स्वाद लाजवाब होता है। बादाम फिरनी बनाने के लिए भीगे और पिसे हुए बासमती चावल को दूध में मिलाया जाता है और धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा होने तक पकाया जाता है। यह इलायची के स्वाद और बादाम से भरपूर फिरनी निश्चित रूप से दिल जीतने वाली रेसिपी है। जब इसे ठंडा करके परोसा जाता है और कटे हुए बादाम से सजाकर खाया जाता है तो इसे खाने का अपना एक अलग ही आनंद आता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बादाम फिरनी बनाने की आसानी रेसिपी के बारे में बता रहे हैं-

***बादाम फिरनी बनाने के लिए आवश्यक सामग्री***

- 1/4 कप बासमती चावल
- 1 लीटर दूध फुल क्रीम
- आवश्यकतानुसार चीनी
- 15-20 बादाम
- 1/2 छोटा चम्मच हरी इलायची पाउडर
- केसर
- बारीक कटे हुए 4-5 बादाम गार्निश करने के लिए

***बादाम फिरनी कैसे बनाएं***

- चावल को धोकर 1 घंटे के लिये पानी में भिगोकर छोड़ दीजिए।

- अब इसे छानकर बारीक पीस लें और एक तरफ रख दें।

- बादाम को भी 1 घंटे के लिए भिगो दें और फिर छीलकर बारीक पीस लें।

- केसर के धागों को 1 बड़े चम्मच गर्म दूध में भिगोकर एक तरफ रख दें।

- अब एक भारी तले वाली कढ़ाई या पैन में दूध गर्म करें।

- जब दूध में उबाल आ जाए तो आंच धीमी कर दें और चावल का पेस्ट डालें और लगातार चलाते रहें ताकि यह दूध में अच्छी तरह मिल जाए और कोई गांठ न बने।

- चावल पकने तक दूध को उबलने दीजिए।

- अब इसमें चीनी, बादाम का पेस्ट, इलायची पाउडर और केसर दूध मिलाएं।

- इसे अच्छी तरह मिक्स करें और तब तक पकाएं जब तक कि फिरनी गाढ़ी न हो जाए और चीनी पूरी तरह घुल न जाए।

- बादाम फिरनी को कटे हुए बादाम से सजाएं और परोसने से पहले फिरनी को 3-4 घंटे के लिए ठंडा करें।

# बालों को हेल्दी और शाइनी बनाने में नारियल पानी है लाभकारी, जानिए इस्तेमाल का तरीका

बालों को हेल्दी और शाइनी बनाने के लिए अक्सर हम अलग-अलग तेल से सिर की मसाज करते हैं। जिससे कि हमारे बालों के स्कैल्प हेल्दी रह सकें। इसके लिए अधिकतर लोग नारियल के तेल का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि आप बालों की देखभाल के लिए नारियल तेल से स्कैल्प की मसाज करें। नारियल तेल की जगह पर आप नारियल का पानी भी बालों में लगा सकती हैं। वहीं इससे बाल संबंधी कई समस्याएं भी दूर होती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को हेल्दी बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नारियल पानी को इस्तेमाल करने के घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। तो आइए जानते हैं कि आप बालों में किस तरह से नारियल पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं।



***नारियल पानी से कम होगा डैंड्रफ***

हर मौसम में डैंड्रफ की समस्या होती है। ऐसे में इस समस्या से निजात पाने के लिए आप नारियल पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप एक्सपर्ट्स द्वारा बताए गए तरीके से इस्तेमाल करने पर डैंड्रफ कम होगा और आपके बाल हेल्दी होंगे।

***ऐसे करें नारियल पानी का इस्तेमाल***

नारियल के पानी को पीने के अलावा इनको अपने बालों में भी लगा सकते हैं।

इसके लिए आधा नारियल पानी लें।

फिर इसमें 1 चम्मच शहद मिक्स कर लें।

***इसके बाद इसको स्पैल्प पर मसाज करते हुए अप्लाई करें।***

करीब 20 मिनट तक लगाए रहने के बाद शैंपू से बालों को धो डालें।

इस तरह से नारियल पानी का इस्तेमाल करने से डैंड्रफ कम हो जाता है।

***नारियल पानी बालों को बनाएं हेल्दी***

अगर आपके बाल अधिक झड़ रहे हैं या दोमुंहे नजर आ रहे हैं। तो इसके लिए आप बालों में नारियल के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। नारियल पाने के इस्तेमाल से बाल हेल्दी रहते हैं और बाल कम झड़ते हैं।

***ऐसे बालों को बनाएं सिल्की***

बालों को सिल्की बनाने के लिए आधा कप नारियल पानी ले लें।

रात भिगोकर रखे बादामों को पीस लें और फिर पेस्ट बनाकर इसमें डाल दें।

इसके लिए 4-5 बादाम का पेस्ट बनाएं।


फिर स्कैल्प की मसाज कर इसे बालों में 30 मिनट तक लगा रहने दें।

इसके बाद शैंपू की मदद से बालों को साफ कर लें।

इससे आपके बाल हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

# अगर सालों साल तक इस्तेमाल करना है लेदर बैग, तो आजमाएं ये टिप्स

लेदर के बैग काफी महंगे होते है जिस वजह से इन्हें बार-बार खरीदना बस की बात नहीं होती है। शानदार क्वालिटी और लक्जरी डिजाइन के कारण हर महिलाएं इन पर्स को जरुर खरीदना पसंद करती है। लेदर बैग की खास बात है कि यह सभी आउटफिट्स पर मैच हो जाते हैं। इसी वजह से महिलीओं को ये बैग कुछ ज्यादा हू पसंद होते हैं। इन महंगे लेदर पर्स को हम सभी खरीद तो लेते है लेकिन इनकी केयर सही ढंग से नहीं करते। जिस वजह यह जल्दी खराब होने लगते हैं। अगर आप भी अपने लेदर की लक्जरी बैग सालों तक एकदम नया जैसा रखना चाहती हैं, तो आप इस लेख में बताए गए टिप्स को फॉलो करें।



***न रखें ज्यादा सामान***

कहीं पर आप जाते हैं, तो आप लेदर की पर्स को कैरी करते हैं, तो कोशिश करें कि इसमें बहुत ज्यादा सामान न रखें। इससे आपके बैग के फटने की संभावना अधिक होने लगती है। मेकअप के सामान जैस लिपस्टिक, काजल, परफ्यूम, क्रीम आदि के ढक्कन खुलने पर बैग में दाग लग जाते हैं, जो बैग को खराब कर सकता है।

***लेदर में लगे दाग को तुरंत हटा दें***

ट्रैवल के दौरान कई बार गलती से बैग में दाग लग जाते हैं, तो कोशिश करें कि इसे तुरंत साफ करके हटा दें। ज्यादा दिन तक रहने से यह जिद्दी दाग में तब्दील हो जाते हैं। इसलिए, अगर आप इसे नया जैसा रखना चाहती हैं, तो इसका विशेष ख्याल रखें।

***लेदर बैग को खुले जगह पर न रखें***

लेदर बैग को हमेशा बंद अलमारी में रखना सही होता है। बाहर रखने से बैग पर धूल- मिट्टी जमा हो जाती है और अगर ऐसे ही बाहर रखेंगे तो गंदगी बैठ जाएगी। इस कारण आपका पर्स देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता और जल्दी पुराना भी लगने लगेगा।

***बैग को ज्यादा न धोएं***

अगर आप लेदर बैग को एकदम नया जैसा रखना चाहती है तो इसे बार-बार न धोएं। इसलिए, इसे कभी-कभी ही धोएं और जहां दाग लगी है खासकर उसी जगह को साफ करें। पूरे पर्स को रगड़ने से बचें।

# ताले में लग गया है जंग तो खोलने के लिए अपनाएं ये ऐसी ट्रिक्स, झट से हो जाएगा



लोहे की चीजों पानी, नमी और हवा पड़ने से जंग लग जाती है। जिसके बाद इसको खोलना मुश्किल हो जाता है। वहीं जंग लगने से यह जाम हो जाता है, जिसके कारण स्क्रू ड्राइवर और दूसरे टूल्स से इनको निकालना मुश्किल हो जाता है। फर्नीचर पर स्क्रू लगे हों, या दरवाजे पर लगा ताला हो। इन बार यदि एक बार पानी पड़ जाता है, तो वापस इसको खोल पाना काफी मुश्किल हो जाता है।

वहीं घरों में स्क्रू में पानी-हवा आदि पड़ने पर यह जाम हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या का समाधान चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज हम आपको इससे निकालने के कुछ आसान ट्रिक बताने जा रहे हैं।

***कास्टिक सोडा***

कास्टिक सोडा से न सिर्फ दाग-धब्बे की सफाई की जाती है। बल्कि इससे आप आसानी से जंग को भी साफ कर सकते हैं। एक बाउल में पानी और कास्टिक सोडा मिक्स कर लें। फिर इसको ब्रश या स्प्रे बॉटल की सहायता से ताला और स्क्रू में स्प्रे कर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर ब्रश और ईयरबड्स की मदद से लगे जंग को साफ करें। जंग को साफ करने के बाद स्क्रू ड्राइवर की मदद से निकालने का प्रयास करें। इससे जंग आसानी से साफ हो जाएगा और स्क्रू निकल जाएगी।

ताला में चाबी लगाने वाली जगह में इयरबड्स की सहायता से जंग को साफ करें। इसकी सफाई के बाद चाबी की सहायता से ताला खोलें और तेल डालकर अच्छे से फैला लें। ताला में तेल लगाने से दोबारा आसानी से जंग नहीं लगेगी।

***हाइड्रोजन पेरोक्साइड***

इसके अलावा जंग लगे स्क्रू और बोल्ट को साफ करने या खोलने के लिए हाइड्रोजन पेरोक्साइड का इस्तेमाल कर सकते हैं। जंग लगे हुए ताला, नट और बोल्ट में हाइड्रोजन पेरोक्साइड लिक्विड को लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। साफ करने के बाद स्क्रू ड्राइवर की सहायता से नट और बोल्ट को आसानी से निकाल लें। लोहे और स्टील में लगे जंग को साफ करने के लिए हाइड्रोजन पेरोक्साइड काफी बेहतरीन चीज है। इसकी मदद से आप किसी भी जिद्दी जंग को साफ कर सकते हैं। लोहे के ताले में लगी जंग को साफ करने के लिए हाइड्रोजन पेरोक्साइड की मदद ले सकते हैं।

***डीजल या पेट्रोल***

हांलाकि आजकल लोगों के घरों में मिट्टी का तेल नहीं पाया जाता है। ऐसे में आप अपनी गाड़ी से पट्रोल निकालकर स्क्रू पर लगे जंग को साफ कर सकते हैं। वहीं पेचकस की मदद से स्क्रू, नट और बोल्ट आदि को साफ कर सकते हैं। वहीं अगर ताला लंबे समय से बंद पड़ा है और जंग लगने की वजह से खुल नहीं पा रहा, तो पेट्रोल या डीजल के इस्तेमाल से इसे खोल सकते हैं।

# पूरन पोली से लेकर कटाची आमटी तक, मराठी नववर्ष पर चखने के लिए पारंपरिक व्यंजन घर में जरुर बनाएं

गुड़ी पड़वा नई शुरुआत का दिन है, जिसे दावतों और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाता है। हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार चैत्र महीने के पहले दिन पूरे देश में मराठी समुदाय द्वारा बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक मराठी नववर्ष नई चीजें खरीदने या नया उद्यम शुरू करने के लिए बेहद शुभ दिन माना जाता है। गुड़ी पड़वा मनाने के लिए गुड़ी, एक चमकीले और रंगीन कपड़े को एक लंबे बांस के शीर्ष पर बांधा जाता है और खिड़की के बाहर या घर के केंद्रीय क्षेत्र में रखा जाता है। इसे समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

***गुड़ी पड़वा के मनान के पीछे यह कहानी है***

किंवदंती है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन समय और ब्रह्मांड का निर्माण किया था। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन भगवान राम का रावण पर विजय के बाद अयोध्या में राज्याभिषेक हुआ था। एक अन्य मान्यता के अनुसार, यह दिन 17वीं शताब्दी में मुगलों पर मराठों की जीत की याद में मनाया जाता है। गुड़ी पड़वा खुशियां फैलाने, भव्य भोजन का आनंद लेने और उपहारों के आदान-प्रदान का समय है। पूरन पोली, श्रीखंड और पूरनाची वरन जैसे पारंपरिक महाराष्ट्रीयन व्यंजन आमतौर पर उत्सव मेनू का हिस्सा होते हैं। उत्सव के भोजन में बटाटा वड़ा और साबूदाना खिचड़ी जैसे स्वादिष्ट स्नैक्स भी शामिल हैं। बहुत से लोग इस दिन साखर भात और बासुंदी का आनंद लेना पसंद करते हैं।

***गुड़ी पड़वा के अवसर पर, यहां कुछ पारंपरिक व्यंजन हैं***

***रागी पूरन पोली***

***सामग्री***

-बाजरे का आटा- 1 कप
-साबुत गेहूं का आटा - आधा कप
-नमक एक चुटकी
-चना दाल - 1 कप
-गुड़, कसा हुआ - 1 कप
-इलायची पाउडर - 1/4 छोटी चम्मच
-खाना पकाने के लिए घी
-पानी आवश्यकतानुसार

***विधि भरावन के लिए***

- भरावन बनाने के लिए चना दाल को अच्छी तरह धोकर 2-3 घंटे के लिए पानी में भिगो दीजिये। भीगी हुई दाल को छान लें और इसे पर्याप्त पानी के साथ प्रेशर कुकर में तब तक पकाएं जब तक यह नरम और गूदेदार न हो जाए।

एक पैन गरम करें और उसमें मैश की हुई दाल और कसा हुआ गुड़ डालें। इस मिश्रण को धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक यह गाढ़ा न हो जाए और एक चिकना पेस्ट न बन जाए। चिपकने से रोकने के लिए लगातार हिलाते रहें। इलायची पाउडर डालें, अच्छी तरह मिलाएं और मिश्रण को पूरी तरह से ठंडा होने दें।

***आटे के लिए विधि***

-एक मिक्सिंग बाउल में रागी का आटा, साबुत गेहूं का आटा और एक चुटकी नमक मिलाएं। धीरे-धीरे पानी डालें और लचीला आटा गूंथ लें। इसे 30 मिनट तक आराम दें।



आटे और पूरण मिश्रण को बराबर आकार की लोइयों में बांट लीजिए। आटे के एक हिस्से को छोटे गोले में बेल लीजिये। बीच में पूरन मिश्रण रखें और किनारों को सावधानी से सील कर दें ताकि कोई दरार न रहे।

- भरी हुई आटे की लोई को बेलन की सहायता से धीरे से पतला बेल लें।

- तवा गर्म करें और पूरन पोली को दोनों तरफ से घी लगाकर सुनहरी चित्ती आने तक पकाएं. गरमागरम घी या दूध के साथ परोसें।

***कटाची अमति***

***सामग्री***

-चना दाल - 1 कप
-हल्दी पाउडर- 1 चम्मच
-पानी - 4 कप
-नमक स्वाद अनुसार
-तेल 2 टेबल स्पून
-जीरा- 1 चम्मच
-सूखी लाल मिर्च-3 नग
-करी पत्ता - 6 से 7
-प्याज बारीक कटा -1
-लहसुन कीमा- 2.3 कलियाँ
-अदरक कसा हुआ - 1 इंच
-टमाटर कटे हुए - 2
-गोदा मसाला- 2 चम्मच
-हींग छोटी चम्मच
-लाल मिर्च पाउडर -1 चम्मच
-इमली का गूदा- 1 बड़ा चम्मच
-गुड़ - 2 बड़े चम्मच
-सजावट के लिए ताज़ा हरा धनिया

***विधि***

-चना दाल को धोकर 30 मिनिट के लिये भिगो दीजिये, प्रेशर कुकर में भीगी हुई चना दाल, पानी, हल्दी पाउडर और नमक डाल दीजिये. लगभग 4-5 सीटी आने तक या दाल के पकने और नरम होने तक प्रेशर कुक करें।

-एक गहरे पैन में मध्यम आंच पर तेल गरम करें, उसमें राई डालें और उन्हें फूटने दें। - फिर इसमें जीरा, हींग, सूखी लाल मिर्च और करी पत्ता डालें, कुछ सेकंड के लिए भूनें।

- कटा हुआ प्याज डालें और सुनहरा भूरा होने तक भूनें। कुटा हुआ लहसुन और कसा हुआ अदरक डालें। एक मिनट तक भूनें जब तक कि कच्ची गंध गायब न हो जाए।

-कटे हुए टमाटर डालें और नरम और गूदेदार होने तक पकाएँ। गोदा मसाला, लाल मिर्च पाउडर, नमक डालें। अच्छी तरह मिलाएं और 5 मिनट तक पकाएं.-आमटी में उबली हुई चना दाल डालें। अच्छी तरह हिलाएं और इसे 10 से 15 मिनट तक उबलने दें।

- स्वाद को संतुलित करने के लिए इमली का गूदा और गुड़ मिलाएं। यदि आवश्यकता हो तो अधिक पानी डालें और ताजा कटे हरे धनिये से गार्निश करें। उबले हुए चावल या भाकरी के साथ गरमागरम परोसें।

***नीम की चटनी***

***सामग्री***

-ताजी नीम की पत्तियां- 1 कप धोकर सुखा लें
-हरी मिर्च - 2-3
-लहसुन की कलियां 3-4
कसा हुआ नारियल - द कप
नमक स्वाद अनुसार
सरसों के बीज - 1चम्मच
नींबू का रस - 1 बड़ा चम्मच
-नारियल तेल - 2 बड़े चम्मच

***विधि***

- पैन में तेल गरम करें और उसमें नीम की पत्तियां और सरसों के बीज डालें और 2-3 मिनट तक भूनें जब तक कि पत्तियां हल्की न हो जाएं।

- पैन में कटी हुई हरी मिर्च और लहसुन की कलियाँ डालें। और 2 मिनिट तक भूनिये।

- पैन को आंच से उतार लें और मिश्रण को ठंडा होने दें. ठंडा होने पर मिश्रण को ब्लेंडर में डालें।

- कसा हुआ नारियल, नमक, तेल और नींबू का रस डालें। सभी चीजों को एक साथ तब तक मिलाएं जब तक आपको एक चिकना पेस्ट न मिल जाए। वांछित स्थिरता प्राप्त करने के लिए आपको थोड़ा पानी मिलाने की आवश्यकता हो सकती है। मसाला चखें और करें। चावल या भाकरी के साथ परोसें।

# सबके हिस्से नहीं आता है यह सौभाग्य



राधिका मर्चेंट अंबानी खानदान की होने वाली बहू हैं। हाल ही में गुजरात के जामनगर में मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने एक भव्य प्री-वेडिंग कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में कई वीआईपी मेहमानों ने शिरकत शिरकत की थी। लगातार तीन दिनों तक सोशल मीडिया पर पार्टी की तस्वीरें वायरल होती रहीं। वहीं, अब होने वाली दुल्हन राधिका मर्चेंट ने पहली बार प्री-वेडिंग कार्यक्रम के बाद मीडिया को इंटरव्यू दिया है। अनंत अंबानी की होने वाली दुल्हन राधिका मर्चेंट इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में जब उनसे पूछा गया कि वे प्री-वेडिंग कार्यक्रम के बाद कैसा महसूस कर रही हैं। इस सवाल के जवाब में राधिका कहती हैं, मैं इस भावना को शब्दों में बयान नहीं कर सकती हूं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि हमारे लिए इतना सब कुछ आयोजित किया गया। यह सौभाग्य कुछ ही लोगों को प्राप्त होता है। राधिका अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, %अनंत और मैं %वंतारा% के लिए काफी उत्साहित हैं। हम चाहते हैं कि हमारी शादी के जरिए ही सही लोगों का ध्यान इन निरीह पशुओं की तरफ जाए। इन पशुओं के संरक्षण के लिए और पुनर्वास केंद्र बनाए जाएं। यह परियोजना मेरे और अनंत दोनों के लिए बेहद खास है। हम दोनों की पशु-प्रेमी हैं। राधिका और अनंत बचपन के साथी हैं। कई साल तक डेट करने के बाद अब दोनों ने शादी करने का फैसला लिया है। अनंत अंबानी मुकेश अंबानी के छोटे लाडले हैं वहीं राधिका भी रईस बिजनेसमैन बिरेन मर्चेंट की बेटी हैं। राधिका और अनंत इस साल 12 जुलाई को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। वहीं, अब होने वाली दुल्हन राधिका मर्चेंट ने पहली बार प्री-वेडिंग कार्यक्रम के बाद मीडिया को इंटरव्यू दिया है। अनंत अंबानी की होने वाली दुल्हन राधिका मर्चेंट इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में जब उनसे पूछा गया कि वे प्री-वेडिंग कार्यक्रम के बाद कैसा महसूस कर रही हैं। इस सवाल के जवाब में राधिका कहती हैं, मैं इस भावना को शब्दों में बयान नहीं कर सकती हूं।

मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि हमारे लिए इतना सब कुछ आयोजित किया गया। यह सौभाग्य कुछ ही लोगों को प्राप्त होता है। राधिका अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, %अनंत और मैं %वंतारा% के लिए काफी उत्साहित हैं। हम चाहते हैं कि हमारी शादी के जरिए ही सही लोगों का ध्यान इन निरीह पशुओं की तरफ जाए। इन पशुओं के संरक्षण के लिए और पुनर्वास केंद्र बनाए जाएं। यह परियोजना मेरे और अनंत दोनों के लिए बेहद खास है। हम दोनों की पशु-प्रेमी हैं। राधिका और अनंत बचपन के साथी हैं। कई साल तक डेट करने के बाद अब दोनों ने शादी करने का फैसला लिया है।



## मल्टी कलर की साड़ी और ब्लैक ब्लाउज में दिखी सारा अली खान

## बड़े पर्दे पर नजर आएगी धनुष-रश्मिका की जोड़ी

साउथ सुपरस्टार धनुष और इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों सितारे टॉलीवुड निर्देशक शेखर कम्मुला की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक रिलीज करने की डेट की घोषणा की हैं। फिलहाल फिल्म का अस्थायी नाम डीएनएस (डी 51) रखा गया है। निर्देशक शेखर कम्मुला तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने निर्देशकों में से एक है।

अपनी अगली फिल्म में वे धनुष और रश्मिका मंदाना को एक साथ लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को मेकर्स ने एक पोस्ट शेयर फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक रिलीज करने की डेट की घोषणा की हैं। पोस्ट में बताया गया फिल्म का टाइटल और फर्स्ट लुक महाशिवरात्रि के मौके पर शाम 4 बजकर 5 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म को एमिगोस क्रिएशन्स और श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी के बैनर तले बनाया जा रहा है। वहीं, इसका संगीत देवी श्री प्रसाद तैयार कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से दर्शकों में इसे लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

# बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने देखी आर्टिकल 370

बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने महानगर के एक मॉल में जाकर फिल्म आर्टिकल 370 देखी। राज्यपाल के साथ उनके ओएसडी सहित राजभवन के कुछ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने साथ बैठकर इस फिल्म का लुत्फ उठाया। राजभवन सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने मोदी सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने के फैसले सहित युगांतकारी घटना को फिल्म में शानदार तरीके से प्रस्तुति की सराहना की। राज्यपाल बोस ने संकेत दिया कि फिल्म प्रेरणादायक और रोमांचकारी है। भारत दुनिया को बता रहा है कि राष्ट्र का मतलब व्यापार है। भारत तैयार है। इस फिल्म में कुछ राजनेताओं और उनके गुर्गों द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार का पर्दाफाश हो गया है। राज्यपाल के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने साबित कर दिया है कि आप कुछ लोगों को हर समय और सभी लोगों को कुछ समय के लिए मूर्ख बना सकते हैं, लेकिन आप सभी लोगों को हर समय मूर्ख नहीं बना सकते। उन्होंने आगे कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। एक गतिशील प्रधानमंत्री और उनके सक्षम गृह मंत्री फिल्म के माध्यम से बताते हैं कि भारत निर्णायक, साहसी, दृढ़ और दृढ़ है और राष्ट्र के हित में पुनरुत्थानकारी और परिवर्तनकारी फैसले से नहीं हिचकता। झंडा ऊंचा रहे हमारा। दरअसल, यह फिल्म जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के दौरान आईं चुनौतियों आदि से रूबरू से कराती है। मालूम हो कि इस फिल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नजर आई हैं। उनके अलावा प्रियामणि, अरुण गोविल, किरन करमारकर, राज जुत्शी, सुमित कौल, वैभव तत्ववादी, स्कन्द ठाकुर और इरावती हर्षे जैसे सितारे भी मौजूद हैं। निर्देशन आदित्य सुहास जंभाले ने किया है



और आदित्य धर और मोनल ठाकुर ने मिलकर इसका निर्माण किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। आंकड़ों के मुताबिक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कुल कारोबार 55.95 करोड़ रुपये हो गया है। राज्यपाल के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने साबित कर दिया है कि आप कुछ लोगों को हर समय और सभी लोगों को कुछ समय के लिए मूर्ख बना सकते हैं, लेकिन आप सभी लोगों को हर समय मूर्ख नहीं बना सकते। उन्होंने आगे कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। एक गतिशील प्रधानमंत्री और उनके सक्षम गृह मंत्री फिल्म के माध्यम से बताते हैं कि भारत निर्णायक, साहसी, दृढ़ और दृढ़ है और राष्ट्र के हित में पुनरुत्थानकारी और परिवर्तनकारी फैसले से नहीं हिचकता।

# गुरु की शरण में पहुचे चंदन रॉय सान्याल

## साझा की दिल छू लेने वाली कहानी



वेब सीरीज आश्रम में भोपा स्वामी की भूमिका निभाकर चर्चा में आए अभिनेता चंदन रॉय सान्याल, हंसल मेहता की सीरीज लुटेरे में एक खास किरदार निभा रहे हैं। हाल ही में चंदन रॉय सान्याल ने चेन्नई में अपने अभिनय गुरु टिम सप्पल से मुलाकात की और उनसे जुड़े अपने अनुभव साझा किए। चंदन रॉय सान्याल के अभिनय गुरु टिम सप्पल ब्रिटिश मूल के अंतरराष्ट्रीय निर्देशक हैं। उन्होंने लंदन और यूके के साथ-साथ दुनियाभर की कई भाषाओं में थिएटर का निर्देशन किया है।

अभिनेता चंदन रॉय सान्याल की कला को निखारने में उनके गुरु का विशेष योगदान रहा है। अपने गुरु से मुलाकात के बारे में बात करते हुए चंदन रॉय सान्याल कहते हैं, मैं चेन्नई में अपने गुरु टिम सप्पल से मिलने का अवसर पाकर बहुत रोमांचित हूं। उनका मार्गदर्शन मेरे पूरे करियर के लिए अमूल्य रहा और एक बार फिर उनसे सीखने के लिए बहुत उत्सुक हूं। गुरु का जीवन में बहुत ही महत्व रहता हैं, उनके मार्गदर्शन में जो कुछ भी सीखने को मिलता है, वह जीवनभर आपके साथ रहता है। अभिनेता चंदन रॉय सान्याल कमीने, %डी डे%, %जज्बा% जैसी फिल्में और वेब सीरीज %आश्रम% और %चार्ली चोपड़ा% में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। चंदन रॉय सान्याल अब निर्देशन के क्षेत्र में भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उनकी दो फिल्में %द प्लेबैक सिंगर% और %सूजी क्यू% आने वाली है।

द प्लेबैक सिंगर% इन दिनों पोस्ट प्रोडक्शन में है, जबकि %सूजी क्यू% को कई अंतरराष्ट्रीय समारोहों में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। हंसल मेहता की आगामी सीरीज %लुटेरे% में चंदन रॉय सान्याल एक खास किरदार में नजर आएंगे। जय मेहता के निर्देशन में बनी इस सीरीज में चंदन रॉय सान्याल के अलावा रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली की मुख्य भूमिकाएं हैं। इस सीरीज की कहानी एक काल्पनिक थ्रिलर कहानी है, जो कि समुद्री लुटेरों पर बनाई गई है। यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 22 मार्च 2024 से स्ट्रीम होगा।

# शत्रुघ्न सिन्हा ने पूरी की सीरीज की शूटिंग

फिल्मों में शत्रुघ्न सिन्हा की अदाकारी दर्शकों ने खूब देखी है। अभिनेता अब ओटीटी की दुनिया में दस्तक देने वाले हैं। इसकी बोहनी वे सीरीज गैंग्स ऑफ गाजियाबाद से कर रहे हैं। इसकी शूटिंग वे पूरी कर चुके हैं। आज इसका फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। शत्रुघ्न सिन्हा लंबे वक्त से फिल्मी दुनिया से दूर राजनीति में सक्रिय हैं। वे आसनसोल लोकसभा सीट से टीएमसी सांसद हैं। अब एक बार फिर अभिनेता अपने अभिनय का जादू दर्शकों पर चलाने आ रहे हैं। हालांकि, इस बार वह ओटीटी के जरिए मनोरंजन करने वाले हैं। वह वेब सीरीज %गैंग्स ऑफ गाजियाबाद% में अपने अभिनय से दर्शकों को खामोश करने वाले हैं। इस वेब सीरीज का निर्देशन नागेंद्र चौधरी ने किया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट साझा कर उनके साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। अभिनेता ने लिखा है, %एक शानदार और अनुभवी निर्देशक नागेंद्र चौधरी के साथ काम करना




यादगार अनुभव रहा।

सुमन टाकीज की प्रतिभाशाली कास्ट और महान व मेहनती कलाकारों के साथ काम करते हुए अच्छा लगा। अभिनेता ने आगे लिखा, %अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज %गैंग्स ऑफ गाजियाबाद% का फर्स्ट लुक पोस्टर आप सभी के साथ साझा कर रहा हूं। यह अपराध, दोस्ती और मुक्ति की एक शानदार कहानी है। इसका निर्माण विनय कुमार और प्रदीप नागर ने किया है। नागेंद्र चौधरी ने इसका निर्देशन करने के साथ-साथ इसे लिखा भी है। यह सीरीज 90 के दशक के अंडरवर्ल्ड की दुनिया की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाएगी। पोस्टर में शत्रुघ्न सिन्हा के अलावा आशुतोष राणा, माहिरा शर्मा, सनी लियोनी, अभिमन्यु सिंह और मुकेश तिवारी जैसे सितारे भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता के इस पोस्टर पर यूजर्स दिल खोलकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सुपरस्टार की वापसी का उत्साह दर्शकों के बीच देखा जा सकता है। एक यूजर ने लिखा, आखिरकार पोस्टर जारी हो गया है। आपने हमें यह शानदार तोहफा दिया है।

# फैंस के लिए खुशखबरी, राणा नायडू के सीजन 2 की शूटिंग होगी शुरू

राणा नायडू टॉलीवुड के अभिनेता वेंकटेश की पहली ओटीटी सीरीज है। खास बात यह है कि इस सीरीज में उनके भतीजे राणा दग्गुबाती भी शामिल होंगे। जब नेटफ्लिक्स पर पहला सीजन रिलीज हुआ था, तो दर्शकों में इसके प्रति बहुत उत्साह था। इसे फैंस ने पॉजिटिव रिव्यूज दिए थे। वहीं, इसका प्रीमियर होने के एक महीने बाद, नेटफ्लिक्स ने इस बारे में औपचारिक घोषणा की थी। आधिकारिक तौर पर कहा गया कि वेब सीरीज का सीजन 2 जल्द ही आ रहा है। अब, खबर आई है कि इसकी शूटिंग शुरू होने को लेकर, जिसमें कहा गया है कि राणा नायडू सीजन 2 की शूटिंग शुरू की जाएगी। इस बारे में भी जल्द ही आधिकारिक तौर पर कोई घोषणा की जाएगी।

इस शो को सुपर्ण वर्मा और करण अंशुमान द्वारा निर्देशित किया गया है। शो में जहां कुछ पुराने किरदार दोबारा नजर आएंगे, वहीं नए चेहरे भी नजर आएंगे। आपको बता दें कि राणा नायडू मशहूर अमेरिकी टीवी सीरीज रे डोनोवन का भारतीय रूपांतरण है। अमेरिकी टीवी सीरीज को तो काफी पसंद किया ही गया था, अब इसके भारतीय रूपांतरण को भी दर्शकों ने अच्छा रिस्पॉन्स दिया है। जल्द ही अब सीजन 2 की शूटिंग भी शुरू होने वाली है। शोमेकर्स पहले सीजन की तरह ही इसे भी खास बनाने की पूरी योजना बना रहे हैं। छोटी सी छोटी बारिकियों पर भी गौर किया जा रहा है। तो उम्मीद है कि



आपको भी नए सीजन का इंतजार होगा। ऐसे में राणा नायडू सीजन2 पर नई जानकारी मिलते ही हम आपसे जल्द शेयर करेंगे। काफी दिनों से चर्चा थी कि राणा नायडू के सीजन 2 की शूटिंग कब से शुरू होगी। खबर है कि राणा नायडू सीजन 2 की शूटिंग आगामी शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि प्रीमियर के एक महीने बाद नेटफ्लिक्स ने घोषणा की थी कि इस वेब सीरीज का सीजन 2 भी जल्द आएगा।

## लेखा वॉशिंगटन के बचाव में उतरे इमरान खान

अभिनेता इमरान खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। पिछले दिनों अफवाहों का बाजार गर्म था कि वे लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। लोगों को लग रहा था कि लेखा की वजह से इमरान ने अवंतिका को तलाक दे दिया। हाल ही में अभिनेता एक साक्षात्कार के दौरान अपने तलाक और लेखा के साथ अपने रिश्तों पर खुलकर बातें करते नजर आए। अभिनेता इमरान खान की पहली शादी ज्यादा दिनों तक नहीं टिकी। इमरान की पहली शादी अवंतिका मलिक से हुई थी और इस शादी से उन्हें एक बेटी भी है। अपने तलाक के विषय में बात करते हुए इमरान बोलते हैं, %मैं और अवंतिका आपसी सहमति से अलग हुए थे। मैं फरवरी 2019 के बाद से ही अवंतिका से अलग रह रहा हूं। हां, मैंने इस बात का जिक्र शायद पहले नहीं किया था। इमरान अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं बता नहीं सकता हूं कि मुझे कितनी तकलीफ हुई जब मैंने सुना कि लोग लेखा को घर तोड़ने वाली महिला बुला रहे हैं।

## अभिनेत्री को देने होंगे 2.75 करोड़ रुपये

बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल चेक बाउंस के एक मामले में बकाया राशि देने को तैयार हो गई हैं। चेक बाउंस केस में न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई की गई। इस दौरान अमीषा पटेल बकाया राशि की रकम देने के लिए राजी हो गई हैं। आपसी समझौते के आधार पर पांच किस्तों में 2.75 करोड़ रुपये शिकायतकर्ता को देने होंगे। अमीषा आपसी समझौते पर यह राशि देने को तैयार हो गई हैं। यह राशि शिकायतकर्ता अजय सिंह को दी जाएगी। अमीषा ने जो समझौता किया है, उसके मुताबिक वह पांच किस्तों में इस रकम को चुकाएंगी। पांच किस्तों में 2.75 करोड़ रुपये देने होंगे। अदालत में अमीषा पटेल के अधिवक्ता जय प्रकाश ने यह जानकारी दी। कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए अदालत ने अगले दिन गुरुवार को अभिनेत्री अमीषा पटेल को अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया। यह निर्देश इसलिए दिया गया, ताकि अमीषा खुद समझौता पत्र पर अपने दस्तखत कर सकें।

# काजल के साथ फैन ने की हरकत

## सेल्फी लेने के बहाने पकड़ी कमर, अभिनेत्री ने लिया एक्शन

काजल अग्रवाल हाल ही में हैदराबाद में एक स्टोर लॉन्च इवेंट में शामिल हुईं और अभिनेत्री की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं। एक वीडियो में काजल को काफी असहज होते देखा गया, जब सेल्फी लेते समय एक फैन उनके करीब आया और उन्हें गलत तरीके से छुआ। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। अभिनेत्री काजल अग्रवाल इस इवेंट में मैरून कलर की साड़ी पहने नजर आईं। अभिनेत्री कई लोगों से घिरी हुई थीं, जो उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब थे। तस्वीर क्लिक करते समय एक फैन काजल के करीब आया और उनकी कमर पर हाथ रख दिया। अभिनेत्री हैरान रह गई क्योंकि वह साफ तौर पर असहज दिख रही थीं। उन्होंने तुरंत फैन को अपने से दूर जाने का इशारा किया। हालांकि, उन्होंने अपना आपा नहीं खोया और कार्यक्रम में मौजूद लोगों के साथ बातचीत करना जारी रखा।

सोशल मीडिया पर इस वीडियो होते ही यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी। एक यूजर ने लिखा, क्या आज कल लोगों को यह समझ नहीं आता कि उन्हें पब्लिक में कैसे व्यवहार करना है। दूसरे यूजर ने लिखा, काजल ने बिल्कुल ठीक किया। वह एक पब्लिक फिगर



होने के साथ-साथ एक महिला भी हैं। लोगों को यह बात समझनी चाहिए। एक और यूजर ने लिखा, किसी भी महिला के साथ यह हरकत बिल्कुल भी शोभा नहीं देती है। काजल ने बहुत अच्छे तरीके से पूरी स्थिति सुधारी है। वर्क फ्रंट का बात करें तो काजल को आखिरी बार तेलुगु फिल्म भगवंत केसरी में देखा गया था। अनिल रविपुड़ी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण मुख्य भूमिका में थे। काजल अगली बार कमल हासन की इंडियन 2 में दिखाई देंगी। एस शंकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, सिद्धार्थ, कालिदास जयराम, प्रिया भवानी शंकर, गुरु सोमसुंदरम और समुथिरकानी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# अयोध्या में साइबर धोखाधड़ी की शिकार हुईं सुरभि तिवारी



कहानी घर घर की जैसे डेली सोप में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री सुरभि तिवारी हाल ही में अयोध्या में एक होटल बुक करने की कोशिश के दौरान साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो गईं। अभिनेत्री ने अपने फैंस के साथ साझा किया कि वह अयोध्या में रामलला मंदिर में आशीर्वाद लेना चाहती थीं, लेकिन घोटाले के कारण उनपर इसका काफी बुरा असर पड़ा है। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेत्री सुरभि काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर की यात्रा की योजना बना रही थीं। अयोध्या में ठहरने के लिए अभिनेत्री को कोई भी होटल खाली नहीं मिल रहा था। ऐसे में एक रिश्तेदार ने अभिनेत्री को एक प्रसिद्ध धर्मशाला में रुकने की सलाह दी। इसके बाद जब उन्होंने इंटरनेट पर गेस्ट हाउस देखा तो उन्हें एक नंबर मिला।

अभिनेत्री ने आगे खुलासा किया कि इंटरनेट पर धर्मशाला से जुड़ा एक नंबर ढूंढने के बाद वह व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति के संपर्क में आई और उससे होटल के कमरों की तस्वीरें भेजने का अनुरोध किया, जिसके बाद उन्होंने वहां अपने लिए एक कमरा बुक किया। इस पूरी प्रक्रिया के बाद धर्मशाला के एक आदमी ने अपना गूगल पे नंबर साझा किया और सुरभि ने उसे 2,500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। अभिनेत्री ने बताया कि गूगल पे करने के बाद भी उस आदमी ने एक सुरक्षा जमा राशि मांगी, जिससे उसी राशि का एक और भुगतान करना पड़ा। जब अभिनेत्री ने उससे रजिस्ट्रेशन नंबर मांगा, तो उसने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए दो के बजाय एक ही भुगतान करने का सुझाव दिया।

सुरभि ने उससे भुगतान वापस करने के लिए कहा ताकि वह एक बार में 5,000 रुपये ट्रांसफर कर सकें। सुरभि ने आगे खुलासा किया कि उन्हें उस व्यक्ति पर तब शक हुआ जब अभिनेत्री की बात किसी दूसरे व्यक्ति से कराई जिसने खुद को अकाउंटेंट बताया और उनके साथ एक बारकोड साझा किया। उन्होंने कहा, मुझे तब संदेह हुआ जब उसने मुझसे बात करते समय व्हाट्सएप पर सारे मैसेज हटा दिए। सौभाग्य से, मैं दूसरे फोन पर गूगल पे का उपयोग करती हूं और इसलिए, वह अधिक पैसे नहीं लूट सका।

## जागरूकता का सशक्त माध्यम है नुक्कड़ नाटक



*अवधनामा संवाददाता*

झप्रयागराज। आज जाने माने थिएटर कलाकार सफदर हाशमी के जन्मदिन को देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और इस दिन को राष्ट्रीय नुक्कड़ नाटक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दोपहर को कीडगंज स्थित दिलीप जयसवाल पार्क में युवा रंगकर्मी और निदेशक कृष्ण कुमार मौर्य द्वारा लिखित और निर्देशित नुक्कड़ नाटक नुक्कड़ मौन नही रहता÷ का मंचन किया गया।

इस नुक्कड़ नाटक में लोगो को

बदलते भारत यानी सरकार के पक्ष और विपक्ष को बड़े ही वव्यंग्यात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। साथ कला संस्कृति और बदलते परिवेश के बारे में जागरूक किया गया।

इस नुक्कड़ नाटक में जहां एक ओर आ रहे लोक पर्व चुनाव के बारे में जागरूक किया गया।

वही साइबर फ्रॉड, महिला सशक्तिकरण, बच्चो में मोबाइल एडिक्शन पर बड़े ही मनोरंजन ढंग से पेश किया। नुक्कड़ नाटक इस तरह प्रस्तुत किया जा रहा था जहां दर्शक भी नुक्कड़ नाटक के बीच में सवाल कर सकते थे और कलाकार उसे पाने खास अंदाज़ में जवाब देते थे।

इस नुक्कड़ नाटक के लेखक और निदेशक कृष्ण कुमार मौर्य ने कहा अभी तक उन्होंने

देश के कई हिस्सों में नुक्कड़ नाटक के जरिए कई जरूरी और आवश्यक विषयों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का काम किया है।

# धार्मिक पर्यटन के त्रिभुज के निर्माण से पर्यटन को लग रहे हैं पंख

### अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से धार्मिक पर्यटन में पर्यटकों की बढ़ी रुचि को महाकुंभ के आयोजन से मिलेगी रफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन का तेजी से विस्तार हुआ है। प्रयागराज में वर्ष 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के साथ ही प्रदेश में तीन धार्मिक शहरों का एक ऐसा पर्यटन त्रिकोण स्वरूप लेने जा रहा है जिसके बाद प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नए पंख लगेंगे।

यूपी में आगरा के ऐतिहासिक परंपरागत पर्यटन को प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे धार्मिक पर्यटन से कड़ी चुनौती मिल रही है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या की रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी ने इसकी बुनियाद रखी। मार्च 2024 के महीने में काशी विश्वनाथ मंदिर में 95 लाख, 63 हजार 452 पर्यटक आए थे। वर्ष 2023 में काशी में कुल 8 करोड़ 94 लाख 73 हजार 633 पर्यटक आए थे और जिसके बाद यह प्रदेश में सबसे अधिक पर्यटकों वाला शहर बन गया। यह वही काशी है जहां 2017 में केवल 60 लाख पर्यटक आए थे। काशी के बाद भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में नव निर्मित श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद धार्मिक पर्यटन ने ऐसी ऊंचाई हासिल कि जिसने हर किसी का ध्यान प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की संभावना पर गया अयोध्या में 2017 में केवल 1 करोड़ , 78 लाख, 57 हजार, 858 पर्यटक आए थे जबकि वर्ष 2023 में यहां पर्यटकों की संख?या बढ़कर 5 करोड़, 75 लाख, 15 हजार 423 पहुंच गई। 20 जनवरी से 20 मार्च 2024 तक यहां 1 करोड़ 20 लाख से अधिक पर्यटक आए हैं। काशी और अयोध्या से तैयार हुई धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं ने प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में 41 करोड़ से अधिक पर्यटकों के यहां पहुंचने का अनुमान किया जा रहा है जिसका आधार धार्मिक पर्यटन ही है। वैसे प्रयागराज में साल 2021-22 में 2 करोड़ , 55 लाख , 17 हजार ,7 पर्यटक आए थे । पिछले दो वर्षों में यहां औसतन 4 करोड़ के आसपास पर्यटक पहुंचे हैं इसका भी आधार धार्मिक पर्यटन ही है।

### होटल, ट्रैवल इंडस्ट्री से लेकर स्थानीय रोजगार को मिलेगी बड़ी उड़ान

**प्रयागराज।** यूपी के तीन शहरों काशी , अयोध्या और प्रयागराज में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां जैसे-जैसे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी वैसे वैसे होटल और ट्रैवल इंडस्ट्री में बढ़ोत्तरी होगी। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि काशी और अयोध्या में धार्मिक पर्यटन में तेजी से बढ़ोत्तरी दर्ज हो रही है। प्रयागराज में महाकुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन से प्रयागराज में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने तय है। इस आयोजन से मंदिरों के दौरे ट्रांसपोर्ट को बढ़ाएंगे, पर्यटकों के आगमन से मंदिरो के आसपास प्रसाद और भोजन के स्थानीय कारोबार में उछाल आएगा, मंदिरों के आसपास की व्यावसायिक गतिविधियों को गति मिलेगी। यह गतिविधि स्थानीय रोजगार को भी मजबूती प्रदान करेगी।

## बेनामी संपत्ति लिखाने के लिए सफाई कर्मी को बंधक बनाकर पीटा

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की एक और करोड़ों की बेनामी संपत्ति का खुलासा शुक्रवार को हुआ है। बताया जा रहा है कि यह करोड़ो की संपत्ति एक सफाईकर्मी के नाम पर है। इस जमीन को ट्रांसफर करने के लिए दबाव बनाने वाले चारगुर्गो के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इन चारों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक माफिया अतीक अहमद ने नवाबगंज निवासी सफाईकर्मी श्यामजी सरोज के नाम करोड़ो की बेनामी संपत्ति खरीद रखी थी। जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इस करोड़ों की बेनामी संपत्ति का मालिक सफाईकर्मी श्यामजी सरोज है। श्यामजी का आरोप है कि यह भूमि उसकी है।

माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद उसके गुर्गे लगातार जमीन ट्रांसफर करने का दबाव बना रहे है। जिसको लेकर श्यामजी ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। अब इस मामले में आगे की जांच राजस्व विभाग द्वारा की जाएगी। यह पता लगाया जाएगा कि किस किस जगह पर अतीक के गुर्गो ने प्रॉपर्टी इस सफाईकर्मी के नाम कर रखी है।

प्रयागराज के रहने वाले श्याम जी सरोज ने माफिया अतीक अहमद के करीबी जावेद खान, कामरान अहमद, फ़राज़ अहमद खान, शुक्ला सहित कई अज्ञात लोगों पर अतरसुईया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। श्याम जी सरोज का कहना है कि वो करीब 15 साल से इन लोगो के यहां नौकर है। इन लोगों ने उसका अपहरण करके एक होटल में उठा ले गए और कमरे में बन्द कर दिया।

फिर अलग अलग जगहों पर ले जाकर कुछ बेनामी सम्पत्तियों की रजिस्ट्री उसके नाम पर करा दिया। पीड़ित के मुताबिक अतीक और अशरफ की हत्या के बाद उसके गुर्गे उसी प्रॉपर्टी को बेचने का दबाव बनाते हुए मारपीट की।

# भारत को सैकड़ो वर्ष आगे ले जाने के लिए हम चुनाव लड़ रहे हैं: जे पी नड्डा

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का प्रयागराज एयरपोर्ट पर आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होने भाजपा इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, कौशांबी के प्रत्याशी विनोद सोनकर एवं फूलपुर संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी के प्रत्याशी प्रवीण पटेल को जीत की अग्रिम बधाई दी। श्री अड्डा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव हम भारत को सैकड़ो वर्ष आगे ले जाने के लिए लड़ रहे हैं। यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगी। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लगभग 11~00 बजे दिल्ली से चलकर प्रयागराज एयरपोर्ट आए और लगभग 15 से 20 मिनट तक रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का हाल-चाल



जाना तत्पश्चात मध्य प्रदेश के सतना सीधी में हो रहे जनसभा के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, महापौर गणेश केसरवानी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, इलाहाबाद सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, कविता यादव त्रिपाठी, सांसद विनोद सोनकर, विधायक प्रवीण पटेल, जिला अध्यक्ष गंगा पर कविता सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष जमुना पार विनोद प्रजापति, इलाहाबाद लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल, फूलपुर लोकसभा प्रभारी बालेंदु मणी त्रिपाठी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक संजय गुप्ता और राजेश केसरवानी शहीद कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# मोटरसाइकिल के साथ 02 वाहन चोर गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** डा. अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर परमानन्द कुशवाहा के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अटल बिहारी मिश्रा मय हमराह कर्मचारीगण द्वारा फतेहगंज जाने वाले तिराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी कि एक बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों द्वारा पुलिस को देखते हुए भागने का प्रयास किया गया गया। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों को घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये अभियुक्त से पूछताछ व मोटरसाइकिल की चेंकिंग से ज्ञात हुआ कि पकडी गयी पल्सर मोटरसाइकिल चोरी की है, जिसके सम्बन्ध में थाना तारुन जनपद अयोध्या में मुकदमा पंजीकृत है। अभियुक्तगणों 1. विशाल निषाद पुत्र सुभाष निषाद निवासी प्रधानपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर 2. शाहिल शाह उर्फ डमरू पुत्र नबीजान निवासी सिंघावल थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर से बरामद चोरी की बिना नम्बर प्लेट मोटरसाइकिल के क्रम में अभियुक्तणों को गुरुवार सायं करीब 19.35 बजे फतेहगंज तिराहे से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 96/24 धारा 411/413 भादवि पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री से शोध किफायती: प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड



मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। यह कार्यशाला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सीलरेट विज्ञान स्कीम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है।

उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री में शोध की असीम संभावनाएं है। कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री से शोधात्मक प्रयोग करने में मदद मिलती हैं। कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री के प्रयोग से शोध के परिणाम प्राप्त करने में आसानी होती है तथा यह बहुत किफायती भी होता है। प्रो सिंह ने कहा कि कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री की मदद से उच्च कोटि की दवा के शोध में मदद मिलती है। प्रो. सिंह ने प्रतिभागियों को कार्यशाला के पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के डॉ. रंगनाथ सुब्रमण्यम ने कंपटीशन केमिस्ट्री की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गासियन के प्रयोग से कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद के प्रोफेसर अनिमेष कुमार ओझा ने डीएफटी के प्रयोग से रसायन विज्ञान में शोध की महत्ता पर प्रकाश डाला।

सत्र की अध्यक्षता कर रहे रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि कंप्यूटर आज के समय में शोध के आवश्यक हिस्सा है। बिना कंप्यूटर के शोध की कल्पना नहीं को जा सकती है। कार्यशाला की रूपरेखा कार्यशाला के संयोजक डॉ नितेश जायसवाल ने प्रस्तुत की। डॉ. जायसवाल ने कहा कि यह कार्यशाला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा एक्सीलरेट विज्ञान स्कीम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में विभिन्न राज्यों के कई विश्वविद्यालय एवं संस्थाओं के 25 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत बैठक कर विकास कार्यो की समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण एवं कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के दृष्टिगत तेजी से पानी टंकी के निर्माण एवं ओवरहेड टैंक के निर्माण के कार्यों को पूर्ण कर अधिक से अधिक रेगुलर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि जो भी निर्माण कार्य अधूरे हैं, उसे तत्काल पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पाइपलाइन लगाने एवं पानी कनेक्शन देने में भी तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पड़ने वाली भीषण गर्मी के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की पेयजल की समस्या उत्पन्न ना हो, इसलिए राज्य सरकार एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए।

# अनुशासन के साथ अपने बेहतर भविष्य के लिए मतदान कर लोकतंत्र को करें मज़बूत: जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को टीडी डिग्री कालेज के बलरामपुर सभागार में निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कालेज की छात्राओ ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मतदाताओं को जागरुक व प्रेरित करने के लिए छात्राओं ने मतदाता जागरूकता गीत व नाटक प्रस्तुत किया, तथा मतदाता जागरूकता थीम पर स्लोगन व पोस्टर बना कर सभी को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कालेज के माध्यम से चलाये



जा रहे स्वीप गतिविधियों के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्र छात्राओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए बेहतर भविष्य सवारने के लिए टिप्स दिये। उन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग उत्साह पूर्वक करे। सभी छात्र-छात्राओं का नैतिक दायित्व है कि अपने माता-पिता अभिभावक व अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में मिले अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की और मतदान के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी मतदाताओं से 25 मई को मतदान करने हेतु अपील किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने मतदान का महत्व बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा छात्र छात्राओं को समाज के सभी लोगों को जागरूक करने हेतु जिम्मेदारी दिया।

### विहिप बजरंगदल ने चौकियां धाम में किया प्याऊ की व्यवस्था

**जौनपुर।** विश्वहिंदू परिषद् बजरंग दल ने बढ़ती गर्मी व लू को देखते हुए नवरात्रि में भक्तों की सेवा के लिए आज दोपहर में चौकियां माता माई धाम में स्वच्छ जल को ध्यान में रखते हुए प्याऊ की व्यवस्था किया जो नवरात्रि तक लगातार जारी रहेगा उक्त अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के विभाग अध्यक्ष उदयराज सिंह ने बताया कि चौकियां में लगातार आगंतुकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यहां पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पीने का स्वच्छ पानी प्राप्त हो सके। प्याऊ की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय जल की व्यवस्था में मौके पर विभाग अध्यक्ष उदयराज सिंह जी, विभाग सगठन मंत्री समर बहादुर जी, प्रांत गोरक्षा प्रमुख विजय सिंह ,बजरंगदल विभाग संयोजक आशुतोष जी, जिला संयोजक गणेश मोदनवाल व अन्य कार्यकर्ता तथा हिन्दू समाज उपस्थित रहे।

### भक्ति रस की धारा में भक्तों ने लगायी डुबकी, लगा जयकारा



**जौनपुर।** चैत्र नवरात्रि को लेकर जगह–जगह स्थित देवी मन्दिरों, चौरा माता स्थलों पर जहां पूजा–पाठ, भजन–कीर्तन किया जा रहा है, वहीं लोगों द्वारा घरों में कलश रखकर पूरे विधि–विधान से देवी स्तुति की जा रही है। इसी क्रम में पूजा–पाठ के साथ भजन, कीर्तन, जागरण, माता की चौकी आदि अनुष्ठान भी किया जा रहा है।


इसी को लेकर नगर के शेषपुर में स्थित एक देवस्थल पर माता की चौकी रखी गयी जहां पूरे विधि–विधान से माता रानी का पूजा–पाठ किया गया। इसके बाद मां शारदा मण्डली की महिलाओं ने एक से बढ़कर देवी गीत, पचरा आदि की प्रस्तुति की जिसे सुनकर उपस्थित लोग मंत्र–मुग्ध हो गये जो कई घण्टे तक भक्ति रस की धारा में डुबकी लगाते रहे। मां शारदा मण्डली में नीलम सिंह, अंजली चतुर्वेदी, दीपिका शाही, शशि श्रीवास्तव, इन्दिरा, पुष्पा बाधवा, नीलम, संगीता, पारूल चतुर्वेदी शामिल रहीं।

इसके बाद आरती के साथ प्रसाद वितरित किया गया जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण देवीमय रहा। इस मौके पर आये आगंतुकों का स्वागत सुशीला देवी एवं विदिशा जायसवाल ने किया। अन्त में मुन्नी देवी जायसवाल एवं निर्मला देवी ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रदर्शन कर लेखपाल पर प्रधान संघ ने की कार्रवाई की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सगड़ी, आजमगढ।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के भुवना बुजुर्ग गांव में कूड़ा निस्तारण केंद्र मार्ग की पैमाइश करने गए लेखपाल रघुवंश सिंह की



प्रधान पति और उसके समर्थकों ने शुक्रवार को नापी के दौरान ही लाठी,राड और डंडों से जमकर पीटा और सरकारी कार्य में व्यवधान किया गया और सर्किल के नक्शे को फाड़ दिया। लेखपाल की तहरीर पर जीयनपुर कोतवाली में प्रधान पति श्याम अचल राजभर सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। ग्राम सभा भुवना बुजुर्ग की प्रधान रीना देवी ने चार अप्रैल 2024 को उपजिलाधिकारी सगड़ी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मेरे द्वारा ग्राम पंचायत में आरसीसी सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें गाटा संख्या 748 के दक्षिणी छोर पर नवीन रास्ते के निर्माण का सीमांकन अभी बाकी है। काम चल रहा है। परंतु अमरेश राय उर्फअंशु इत्यादि ने जेसीबी से मिट्टी की अत्यधिक मात्रा में खुदाई कर दी है। जिससे काम में व्यवधान आ रहा है। मना करने पर उक्त व्यक्ति आमादा फौजदारी है। प्रधान के प्रार्थना पत्र पर उप जिलाधिकारी नरेंद्र कुमार गंगवार ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को स्वयं जाकर नियमानुसार समाधान करने का निर्देश 4 अप्रैल 2024 को दिया था। जीयनपुर कोतवाली में शुक्रवार को तहरीर देकर लेखपाल रघुवंश सिंह ने कहा कि एसडीएम के आदेश के अनुपालन में भुवना बुजुर्ग स्थित गाटा संख्या 748 का सीमांकन शुक्रवार को किया जा रहा था। मौके पर प्रधान पति श्याम अचल राजभर,अनिल राजभर, अभय राजभर, जितेंद्र राजभर और रविंद्र राम राजभर गोल बनाकर उपस्थित थे। पैमाइश की शुरुआत से ही उक्त लोग विवाद करना चाह रहे थे और शासकीय कार्य में बार-बार बाधा पहुंचा रहे थे। उनके मन मुताबिक सीमांकन ना होने पर मुझे धक्का देकर गिरा दिया गया शासकीय नक्शा फाड़ दिया।

इस बीच उन्हें समझाने का प्रयास किया गया लेकिन उक्त लोगों ने लोहे की पाइप,लाठी,डंडा आदि से मुझे मारा पीटा और जान मारने की धमकी दी।जिससे मुझे काफी चोटें आई है।लेखपाल की पिटाई की खबर सुनते ही सैकड़ो की संख्या में लेखपाल कोतवाली पहुंच गए। उपजिलाधिकारी सगड़ी नरेंद्र कुमार गंगवार भी कोतवाली पर आ गए लेखपाल की तहरीर पर प्रधान पति श्याम अचल राजभर,अनिल राजभर, अभय राजभर,जितेंद्र राजभर और रविंद्र राम के विरुद्ध सरकारी कार्य में व्यवधान करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मानव कल्याण के लिए डा हैनिमन ने दिया अमृत कलश-डा राजेंद्र सिंह



आजमगढ़। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन व केमिस्ट एण्ड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में होम्योपैथी के अन्वेषक डा क्रिश्चियन फ्रेड्रिक सैमुअल हैनिमन की जयन्ती शहर स्थित दीप कान्टिनेण्टल होटल में मनाया गया। जयंती का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डा राजेन्द्र सिंह राजपूत, हमाई अध्यक्ष डा देवेश दूबे, डा चमन लाल सिंह, डा एसके राय, चेयरमैन महिला विंग उत्तर प्रदेश डा नेहा दूबे, सचिव डा रणधीर सिंह, रमाकान्त वर्मा, डा नीरज सिंह, डा अभिषेक राय, डा सीजी मौर्या ने संयुक्त रूप से डा हैनिमन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान डा हैनिमन के कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा की गयी। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि डा हैनिमन ने होम्योपैथी के रूप में एक अमृत कलश प्रदान की है। इस चिकित्सा पद्धति में डा हैनिमेन के सिद्धान्तों पर चलकर सफलता हासिल की जा सकती है। हमाई अध्यक्ष डा देवेश दूबे ने कहा कि भारत सरकार होम्योपैथी के विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। स्वस्थ्य भारत की परिकल्पना बगैर होम्योपैथी के करना सम्भव ही नहीं है। आज के परिवेश में होम्योपैथी के जरिये करोड़ो लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

# एनसीआईआरटी की पुस्तकें विद्यालयों में की जाए अनिवार्य: सत्या सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** जनपद के सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य किए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश अभिभावक महासंघ ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने अभिभावकों पर पड़ रहे अतिरिक्त बोझ के भी मामले को डीएम के समक्ष रखते हुए तत्काल रोक लगाए जाने की मांग किया। इस दौरान महासंघ ने एनसीईआरटी अनिवार्य कर आर्थिक शोषण पर रोक लगाए जैसी तख्तियों को लेकर कार्यालय के बाहर जागरूकता दिखाने का प्रयास किया। अभिभावक महासंघ के जिला अध्यक्ष सत्या सिंह परिहार ने कहाकि निजी विद्यालयों में पुस्तकों की खरीदारी सीबीएसई सम्बद्धता नियमावली के अनुसार विद्यालयों को केवल एनसीईआरटी द्वारा अनुशंसित एवं प्रकाशित पुस्तकों से ही पठन-



पाठन कराया जाना चाहिए परंतु जनपद के समस्त विद्यालय द्वारा अपने चहेते निजी प्रकाशकों के पुस्तकों को ही क्रय किए जाने को निर्देशित किया जा रहा हैं इन पुस्तकों का मूल्य एनसीईआरटी के पुस्तकों से कहीं गुना अधिक है। जिसके कारण अभिभावकों को हर साल नए एडमिशन के साथ महंगी पुस्तकों की खरीदारी के कारण देहरा भार झेलना पड़ रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि चहेते प्रकाशकों की पुस्तकों के खरीदारी करने के लिए विद्यालय प्रबंधकों द्वारा बकायदा अपने ही प्रिय दुकानदार भी चयनित कर रखा है जिसका फायदा दुकानदार उठा रहे हे और मनमाना रेट वसूल रहे है।

सचिव अरूण चौरसिया ने कहाकि अभिभावकों के हित में शीध्र ही एनसीईआरटी के ही पुस्तकों को पाठ्यक्रमों में शामिल कराए जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक आदेश जारी किया जाना आवश्यक है ताकि शिक्षा के मंदिरों का व्यवसायीकरण होने से बचाया जा सकें। उन्होंने यह भी कहाकि अभिभावकों पर अनावश्यक थोपे जा रहे निजी विद्यालयों के प्रबंधकों के नियमों पर अविलम्ब रोक नहीं लगाया गया तो हम मुखर होने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर रेनू देवी, संजय वर्मा, अनिल वर्मा, रवि सिंह, रणविजय सिंह, जगपाल चौरसिया, नमन सिंह सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 13 अप्रैल 2024



# खुदरा महंगाई दर मार्च में पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** (हि.स.)। महंगाई के मोर्चे पर आम लोगों को राहत देने वाली खबर है। मार्च में खुदरा महंगाई दर घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने फरवरी में खुदरा महंगाई दर 5.09 फीसदी थी जबकि जनवरी में यह दर 5.10 फीसदी रही थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को बताया कि मार्च महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर 4.85 फीसदी पर आ गई है, जो पांच महीने का निचला स्तर है। इससे पिछले महीने फरवरी में खुदरा महंगाई दर 5.09 फीसदी थी और जनवरी में यह दर 5.10 फीसदी रही थी जबकि मार्च, 2023 में यह 5.66 फीसदी पर रही थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक मार्च में खाद्य उत्पादों की महंगाई दर 8.52 फीसदी रही है जबकि एक महीने पहले फरवरी में यह 8.66 फीसदी थी। हालांकि, ग्रामीण महंगाई दर 5.34 फीसदी से बढ़कर 5.45 फीसदी पर आ गई है, जबकि शहरी महंगाई की दर 4.78 फीसदी से घटकर 4.14 फीसदी पर आ गई है।



उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस साल सामान्य मानसून की उम्मीद जताते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई ने अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 4.9 फीसदी और सितंबर तिमाही में 3.8 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है।

# देश का औद्योगिक उत्पादन फरवरी महीने में 5.7 फसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यस्था के मोंचे पर अच्छी खबर आई है। देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) फरवरी में सालाना आधार पर 5.7 फीसदी बढ़ा है। इससे पिछले साल की समान अवधि में यह छह फीसदी की दर से बढ़ा था।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि फरवरी महीने में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक



(आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 5.7 फीसदी रही है। जनवरी में यह 3.8 फीसदी था, जबकि दिसंबर 2023 में यह 4.2 फीसदी था। इससे पिछले साल फरवरी 2023 में यह छह फीसदी की दर से बढ़ा था। एनएसओ के जारी आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन पांच फीसदी बढ़ा है, जो एक साल पहले के समान अवधि में 5.9 फीसदी बढ़ा था। इसी तरह फरवरी में खनन का उत्पादन 8 फीसदी और बिजली क्षेत्र का उत्पादन 7.5 फीसदी बढ़ा। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी 5.9 फीसदी की दर से बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह आंकड़ा 5.6 फीसदी रहा था। गौरतलब है कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 फीसदी दर्ज किया गया था, जो नवंबर, 2023 में घटकर 2.5 फीसदी पर आ गया था।

# अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए जीजेईपीसी ने जयपुर में विशेष रत्न- आभूषण शो का किया शुभारंभ

**जयपुर (हि.स.)।** जीजेईपीसी ने जयपुर में अंतरराष्ट्रीय रत्न और आभूषण शो के तीसरे संस्करण को होस्ट किया। यह आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि आईजीजेएस 2024 जयपुर जेमफील्ड्स द्वारा संचालित है। आईजीजेएस में अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, मिस्र, ग्रीस, ईरान, इटली, जॉर्डन, कजाकिस्तान, केन्या, लेबनान, मैक्सिको, रूसी संघ, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन स्विट्ज़रलैंड, थाईलैंड, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, यूक्रेन, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और उज़्बेकिस्तान सहित 27 देशों के 250 अंतरराष्ट्रीय खरीदार शामिल हुए। जीजेईपीसी के अध्यक्ष विपुल शाह ने कहा ÷भारत का रत्न और आभूषण उद्योग विश्व बाजार में महत्वपूर्ण योगदान के साथ वैश्विक लीडर के रूप में एक प्रमुख स्थान रखता है। 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हमारा वार्षिक निर्यात इस क्षेत्र में हमारी ताकत और



विशेषज्ञता को रेखांकित करता है, 5 मिलियन से अधिक व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान करता है। हम भारत और वैश्विक बाजारों के बीच मजबूत अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह प्रतिबद्धता ढ्ढआईजीजेएस शो जैसी पहलों और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भागीदारी के माध्यम से हमारे निर्यातकों के लिए अवसरों को सक्रिय रूप से सक्षम करके प्रदर्शित की गई है। शाह ने आगे कहा, जीजेईपीसी क्षेत्र के लिए एफटीए में अनुकूल नीतियों को सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। हम पहले ही भारत-यूएई सीईपीए का सकारात्मक प्रभाव देख चुके हैं, और हम जीसीसी के साथ कनाडा, यूके और ईयू के साथ आगामी एफटीए में उद्योग के लिए इसी तरह के फायदे की आशा करते हैं। नीलेश कोठारी, संयोजक, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी, जीजेईपीसी ने कहा, ÷आईजीजेएस जयपुर, अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए एक विशेष शो, वैश्विक बाजार की सेवा करने के लिए भारत की आभूषण विनिर्माण क्षमता का एक प्रमाण है। शो का यह प्रारूप बेहद सफल रहा है और इसे दुनिया भर के खरीदारों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

# पंजाब नेशनल बैंक के अंचल कार्यालय द्वारा 130 वां गौरवशाली स्थापना दिवस मनाया गया



**लखनऊ।** दिनांक 12.04.2024 को लखनऊ स्थित पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय द्वारा 130 वां गौरवशाली स्थापना दिवस मनाया गया। इस विशेष अवसर पर अंचल कार्यालय लखनऊ में अंचल प्रमुख श्री मृत्युंजय द्वारा बैंक के संस्थापक महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय लाला लाजपत राय जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके योगदान की सराहना भी की गयी। इस खास अवसर पर उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि पंजाब नैशनल बैंक पूर्ण रूप से स्वदेशी बैंक है और 1894 से लगातार बैंक का व्यवसाय उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बैंक के इसी गौरवशाली इतिहास के 130वें वर्ष को आज हम हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। उन्होंने बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अपने ग्राहकों का आभार व्यक्त किया साथ ही बताया कि पंजाब नैशनल बैंक अपने ग्राहकों के प्रति हमेशा समर्पित है। बैंक ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं द्वारा ग्राहकों को आत्मनिर्भर बनाया है। इस विशेष उपलक्ष्य पर पर्यावरण की हरितमयी आभा को ध्यान में रखते हुए अंचल कार्यालय परिसर में अंचल प्रबंधक श्री मृत्युंजय एवं उप अंचल प्रबंधक श्री सैयद अतहर हुसैन काज़मी द्वारा वृहद वृक्षारोपण भी किया।

# मुनाफावसूली के दबाव में लुढ़का बाजार, निवेशकों को 2.42 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली(हि.स.)।** मुनाफावसूली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चौतरफा गिरावट का शिकार हो गया। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की लेकिन इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से बिकवालों का कब्जा हो गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार 1 प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.06 प्रतिशत और निफ्टी 1.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही।

# देश के 9 करोड़ व्यापारियों ने प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन देने का किया ऐलान

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में देश के 28 राज्यों के 200 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में देश के 9 करोड़ से अधिक व्यापारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा का खुल कर समर्थन करेंगे। कारोबारी नेताओं ने कहा कि वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि भाजपा इस बार चार सौ पार हो और एक बार फिर से देश में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बने। व्यापारियों को संबोधित करते हुए चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि देश के 9 करोड़ व्यापारी और उनसे जुड़े परिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि इस बार रिकॉर्ड मत से देश के प्रत्येक सीट पर भाजपा को जीत दिलाने के लिए अपने-अपने स्तर पर जुट गए हैं। खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारी मोदी की गारंटी को घर घर तक पहुंचाएंगे, क्योंकि व्यापारियों ने हमेशा से ही मोदी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो का समर्थन किया है और आगे भी




करता रहेगा। भाजपा प्रत्याशी खंडेलवाल ने कहा कि मैंने खुद को देशभर के व्यापारियों के विकास और उनके हित में कार्य करने के लिए महादेव की सौगंध में बांध लिया है। लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद पटरी पर बैठ कर व्यापारियों के हितों के लिए लड़ता रहूंगा और कार्य करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि कैट के इस सम्मेलन में जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल सहित अन्य सभी राज्यों से आए व्यापारी नेताओं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं, उन्होंने एक पुख्ता रणनीति के तहत जीत की राह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। खंडेलवाल ने कहा कि देश के प्रमुख व्यापारियों के इस विशाल मार्च ने एक बात की पुष्टि कर दी है कि भारत का 9 करोड़ व्यापारी समुदाय मोदी परिवार का हिस्सा है और अब ये व्यापारी उनकी जीत का मार्ग सुनिश्चित करेंगे। कैट के आयोजित इस व्यापारी सम्मेलन में देश के कोने-कोने से आए प्रमुख व्यापारियों का उत्साह देखने योग्य था। सम्मेलन में लोकसभा चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और एक मजबूत रणनीति के तहत एक-एक वोट को अपना बनाने का प्रण लेकर व्यापारियों ने दिल्ली के लाल किला का रुख किया। व्यापारियों ने वहां बड़ी संख्या में एकत्रित होकर घंटा घर चांदनी चौक तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में मार्च निकाला। इसके अलावा व्यापारियों ने चांदनी चौक की प्रत्येक दुकानों और लोगों से सम्पर्क साधा और चांदनी चौक के विभिन्न व्यापारी संगठनों ने भी मोदी समर्थन मार्च का हिस्सा बन अपना पूर्ण समर्थन जाहिर किया।

# तीरथ डेवलपर्स ने लखनऊ में लॉन्च की अपनी प्रीमियर कमर्शियल प्रॉपर्टी ऑक्टेविया’

**लखनऊ।** लखनऊ के अग्रणी डेवलपर्स में से एक, तीरथ डेवलपर्स ने अपने लेटेस्ट वेंचर ऑक्टेविया की घोषणा की। आरएलवी वेंचर्स के सहयोग में लॉन्च की गई ऑक्टेविया एक अत्याधुनिक कमर्शियल प्रॉपर्टी है जिसे बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधा की चाह रखने वाले टॉप-



लेवल के बिजनेस प्रोफेशनल की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। लुलु मॉल, शहीद पथ, सुल्तानपुर रोड के पास स्थित, ऑक्टेविया सिर्फ ऑफिस की जगह नहीं है, बल्कि यह एक शानदार बिजनेस इकोसिस्टम बनाता है जिसका स्वरूप और कार्य दोनों बेहतरीन है। अपनी उच्च-स्तरीय सुविधाओं और शानदार स्थान के साथ, ऑक्टेविया एक जबरदस्त बिजनेस एक्सपीरियंस का वादा करता है, जो हर तरह से बेहतर है।

शहीद पथ, उभरते उद्योगों, बिजनेस वेंचर और मध्यम-स्तरीय व्यवसायों के लिए एक महत्वपूर्ण जगह मानी जाता है, जो एचसीएल, आईटी सिटी और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित है। लखनऊ हवाई अड्डे से सुविधाजनक पहुंच ऑक्टेविया को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। यह प्रोजेक्ट न केवल व्यवसायों के लिए विकास का वादा करता है बल्कि सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर और क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस लेटेस्ट वेंचर पर टिप्पणी करते हुए तीरथ डेवलपर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री राहुल अग्रवाल ने कहा, ÷ओक्टेविया केवल एक कमर्शियल प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि यह हमारी उत्कृष्टता और इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा मानना है कि एक बिजनेस स्पेस स्वयं बिजनेस के बारे में बहुत कुछ कहता है। ओक्टेविया के साथ, हमारा लक्ष्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां बिजनेस फल-फूल सकें, विकसित हो सके और एक स्थायी छाप छोड़ सकें। यह प्रोजेक्ट लखनऊ में बिजनेस प्रोफेशनल को प्रेरित और सशक्त बनाने के लिए बनाए जा रहे स्थान के हमारे दृष्टिकोण का एक प्रतिबिंब है।

# शहत गिल के उत्साहवर्धक पॉप सिंगल, “हुलारे” की बीट्स को महसूस करें

**नई दिल्ली।** उभरती हुई पॉप आईकन, शहत गिल अपना उत्साहवर्धक पंजाबी ट्रैक लेकर आई हैं। उन्होंने बहुत ही सुगमता से प्रभावशाली लिरिक्स को आकर्षक बीट्स के साथ मिश्रित कर ऐसा बेहतरीन ट्रैक बनाया है, जिसमें आत्मविश्वास के साथ स्टाईल झलक रहा है। उनका पहला गीत ‘पागल ए’ फीट पैंथर जून 2023 में रिलीज़ किया गया था, जिसे उत्तर भारत के लोगों ने बहुत पसंद किया। कंपोज़र और लिरिसिस्ट तरनजीत सिंह और मनप्रीत सिंह उर्फ कप्तान ने इस गीत के हर नोट में अपना पूरा अनुभव और रचनात्मकता डाल दिए हैं। इस डायनामिक ट्रैक के साथ शहत गिल ने म्यूज़िक वीडियो में अपना आत्मविश्वास और आकर्षण



पूरे वैभव के साथ पेश करके बहुत ही सुंदर दृश्य निर्मित किए हैं। इसके आकर्षक विज़्युअल और डायनामिक कोरियोग्राफी ने मिलकर उनकी प्रभावशाली उपस्थिति का जश्न मनाते हुए बहुत ही दिलचस्प विज़्युअल और ऑडियो अनुभव उत्पन्न किया है। इसकी तीव्र धुन और मंत्रमुग्ध कर देने वाली लय के साथ यह ट्रैक पंजाबी पॉप म्यूज़िक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाएगा, जो उद्योग में एक उभरते हुए सितारे के रूप में शहत गिल की पहचान को मजबूत करेगा। अपने इस नए गीत के बारे में शहत ने कहा, ‘‘सबसे पहले मैं अपने पहले गीत पागल ए को दर्शकों से मिले प्यार व स्नेह के लिए उन्हें धन्यवाद देती हूँ।

# फ्लिपकार्ट ने यात्रा पेशकशों में अपनी उपस्थिति बढ़ाई, अपने ऐप पर बस बुकिंग्स को लॉन्च किया

**बेंगलुरु।** भारत के घरेलू डिजिटल कॉमर्स इकोसिस्टम, फ्लिपकार्ट ने अपने ऐप पर बस सेवाओं को शुरू करने की घोषणा की है। कई राज्यों के परिवहन निगमों और निजी एग्रीगेटर्स के सहयोग में फ्लिपकार्ट ग्राहकों के लिये 10 लाख बस कनेक्शंस में से चुनने का विकल्प पेश करेगी। इसमें भारत के 25,000 से अधिक मार्गों पर कनेक्टिविटी मिलेगी। यह फ्लाइट और होटल बुकिंग की उन सेवाओं के अतिरिक्त एक पेशकश है, जोकि फ्लिपकार्ट ट्रैवल बैनर के तहत उपलब्ध रही हैं। यह लॉन्च अपने सेगमेंट में यात्रियों की बढ़ती जरूरतें पूरी करने के लिये फ्लिपकार्ट की योजना के मुताबिक है। फ्लिपकार्ट के मौजूदा ग्राहकों की संख्या और खासकर बस यात्रियों के बीच काफी समानताएं देखते हुए, कंपनी का यह प्रस्ताव एक प्रतिस्पर्द्धी परिदृश्य में स्थिति को बदल देगा। यह किफायती यात्रा को संभव बनाने के लिये है। बस बुकिंग्स के लिये सुपरकॉइन्स का रिडेम्पशन एक अनूठी मूल्य-वर्द्धित खूबी है, जो फ्लिपकार्ट के नये और मौजूदा ग्राहकों के लिये उपलब्ध है।

फ्लिपकार्ट पर बस बुकिंग सेवा की महत्वपूर्ण विशेषताओं में बेहतरीन डील्स, शून्य सुविधा शुल्क या गुप्त प्रभार, 50 रूपये तक सुपरकॉइन्स रिडेम्पशन के जरिये ऑफर्स और 24/7 वॉइस हेल्पलाइन शामिल हैं। लॉन्च ऑफर के तहत ग्राहक 15 अप्रैल 2024 तक होने वाली हर बस बुकिंग के लिये सुपरकॉइन्स पर 5त्न की अतिरिक्त छूट और 15त्न की सीधी छूट का मजा ले सकते हैं। इस नई प्रगति पर अपनी बात रखते हुए, फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अजय वीर यादव ने कहा, ‘‘फ्लिपकार्ट की सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला में बसों का जुड़ना हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम यात्रा समेत उपभोक्ता की सभी आवश्यकताओं के लिये निर्णायक ठिकाना बनने के सफर पर हैं। टीयर-2 और टीयर-3 बाजारों में फ्लिपकार्ट की मजबूत मौजूदगी के साथ यह कदम ग्राहकों को अंतर्शहरी यात्रा की उनकी जरूरतों के लिये सुविधाजनक एवं भरोसेमंद समाधान प्रदान करना हमारे लिये संभव बनाता है। अपने ग्राहकों के लिये प्रतिबद्ध होकर हम मूल्य-वर्द्धित सुविधाओं से उनकी सेवा जारी रखेंगे। हम भविष्य में यात्रा सम्बंधी उनके अनुभवों को सरल बनाएंगे।’’ 2019 में लॉन्च के बाद से ही फ्लिपकार्ट फ्लाइट्स एण्ड होटल्स ने लगातार तरक्की की है। कुल मिलाकर उद्योग के पूरे स्तर पर यात्रा के लिये बेहद सकारात्मक रुझान के साथ फ्लिपकार्ट अपने उपभोक्ताओं को महत्व प्रदान करना जारी रखेगी।

# कॉइनस्विच ने प्रो पर सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग लीग की घोषणा की

**लखनऊ।** कॉइनस्विच के मल्टी-एक्सचेंज क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, कॉइनस्विच प्रो ने भारतीय क्रिप्टो समुदाय के लिए सबसे बड़ी क्रिप्टो ट्रेडिंग लीग की घोषणा की है। ट्रेडिंग लीग उन स्किलड ट्रेडर्स को 1 करोड़ रुपये तक




के पुरस्कार प्रदान करती है जो अपनी रैंकिंग बढ़ाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेंगे, टॉप ट्रेडर्स ही इस प्रतियोगिता को जीतेंगे।प्रतिभागी ट्रेडर्स को जीतने के लिए कॉइनस्विच प्रो प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रूप से ट्रेड करना होगा। टॉप ट्रेडर को क्रिप्टो वर्ल्ड टूर से पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें दावोस, स्विजरलैंड, दुबई और सिंगापुर की यात्रा करने को मिलेगी और उसका सारा खर्चा कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। दूसरे स्थान पर आने वाले विजेता को हाई परफॉर्मेंस वाली कावासाकी निंजा ‘ङ्क- 10 ऋ सुपरबाइक मिलेगी और तीसरे स्थान पर रहने वाले ट्रेडर को 10 लाख रुपये मूल्य के बिटकॉइन (क्चञ्जष्ट) से सम्मानित किया जाएगा।कॉइनस्विच प्रो, एक मल्टी-एक्सचेंज ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है, जिसे भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कॉइनस्विच ने लॉन्च किया है, जो यूजर्स को सिंगल लॉगिन का उपयोग करके भारतीय रुपयों में मल्टीपल एक्सचेंज पर क्रिप्टो एसेट ट्रेड करने की सुविधा प्रदान करता है।

# सैमसंग ने ‘सॉल्व फॉर टुमॉरो’ का तीसरा सीजन लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड, ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल ‘सॉल्व फॉर टुमॉरो’ के तीसरे संस्करण की घोषणा कर दी है। इसका आयोजन फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), आईआईटी दिल्ली, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और यूनाइटेड नेशंस इन इंडिया के सहयोग से किया जा रहा है। ‘सॉल्व फॉर टुमॉरो’ के साथ सैमसंग का लक्ष्य देश के युवाओं के बीच अभिनव चिंतन एवं समस्या हल करने की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

‘सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024’ का उद्घाटन सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ श्री जेबी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वरिष्ठ निदेशक और वैज्ञानिक ‘जी’ डॉ. संदीप चटर्जी और भारत में यूनाइटेड नेशंस के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर श्री शोम्बी शार्प ने किया। इस मौके पर अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। यह सीएसआर कार्यक्रम अभिनव समाधानों की शक्ति और जीवन बदलने में उनकी योग्यता को पहचान देता है। इसका मजबूत सामाजिक प्रभाव होता है और सैमसंग का #TogetherforTomorrow #EnablingPeople का नजरिया मजबूत होता है। इस साल ‘सॉल्व फॉर टुमॉरो’ प्रोग्राम ने दो अनूठे ट्रैक पेश किये हैं- स्कूल ट्रैक और यूथ ट्रैक। हर ट्रैक एक विशेष थीम का समर्थन करता है और अलग-अलग आयु समूहों पर लक्षित है। दोनों ट्रैक साथ-साथ चलेंगे, ताकि सभी विद्यार्थियों को समान अवसर और स्थितियाँ मिलें। स्कूल ट्रैक 14 से 17 साल तक के विद्यार्थियों के लिये है और इसका थीम है ‘‘कम्युनिटी एण्ड इंक्लूजन’’। यह ट्रैक कम सुविधा-प्राप्त समूहों के उत्थान के महत्व पर जोर देता है। यह सामाजिक नवाचारों के माध्यम से स्वास्थ्य की सुलभता बढ़ाने और सभी के सामाजिक समावेश के लिये है और इस प्रकार ‘सॉल्विंग फॉर इंडिया’ है। दूसरी ओर, यूथ ट्रैक 18 से 22 साल तक के लोगों के लिये है। इसका थीम है ‘‘एनवायरनमेंट एण्ड सस्टेनेबिलिटी’। यह ट्रैक कार्बन फुटप्रिंट कम करने, पर्यावरण को बचाने और स्थायित्व को बढ़ावा देने के लिये अभिनव आइडियाज की मांग करता है और इस प्रकार यह ‘सॉल्विंग




फॉर द वर्ल्ड’ है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ श्री जेबी पार्क ने कहा, ‘सैमसंग में हम नए-नए आइडियाज़ और बदलाव लाने वाली टेक्नोलॉजीज के माध्यम से भविष्य को प्रेरित करने और आकार देने की कोशिश में रहते हैं। हमारा मिशन नवाचार करने वालों और सामाजिक बदलाव लाने वालों की अगली पीढ़ी को बढ़ावा देने के इर्द-गिर्द है। ‘सॉल्व फॉर टुमॉरो’ वाकई भारत के युवाओं के लिये एक प्लेटफॉर्म का आकार ले रहा है, ताकि वे सार्थक नवाचार करें और लोगों का जीवन बेहतर बनाएं। पहले दो संस्करणों में हमने सीएसआर की इस पहल का अपनी अगली पीढ़ी पर सकारात्मक प्रभाव देखा है। उन्होंने नई ऊँचाइयों को छुआ है और सामाजिक उद्यमिता की यात्रा शुरू की है। तीसरे संस्करण में दो अलग-अलग ट्रैक की पेशकश करते हुए, हम भारत और दुनिया के लिये साथ-साथ काम करना चाहते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण है कि प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम के माध्यम से हम देश में नवाचार के परितंत्र को मजबूती देने में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं।’’इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाय) के सीनियर डायरेक्टर एवं वैज्ञानिक ‘जी’ डॉ. संदीप चटर्जी ने कहा, ‘पर्यावरण और संवहनीय विकास भारत सरकार के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। आर्थिक तरक्की को गति देने के लिये टेक्नोलॉजी को मानवीय क्षमताओं से मिलाने का यह एक महत्वपूर्ण मौका है। भारतीय युवाओं के पास नई-नई खोज करने वाला दिमाग और कौशल हैं और वे पर्यावरण की बहुत फिक्र भी करते हैं। तार्किक नवाचारों से दुनिया में जमीनी स्तर की विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों को हल किया जा सकता है। ‘सॉल्व फॉर टुमॉरो’ जैसे कार्यक्रम युवाओं की शक्ति से भारत सरकार की सोच को साकार करने का सबूत देते हैं।’’ आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बेनर्जी ने कहा, ‘‘हम ‘सॉल्व फॉर टुमॉरो’ प्रोग्राम में सैमसंग के महत्वपूर्ण भागीदार बनकर उनके साथ अपनी भागीदारी को जारी रखकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह गठजोड़ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिये नवाचार को बढ़ावा देने और युवाओं को सशक्त करने की प्रतिबद्धता दिखाता है।’भारत में यूएन के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प ने कहा, ÷ मुझे सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो प्रोग्राम के तीसरे संस्करण में भाग लेकर खुशी हो रही है। यह एक रोमांचक पहल है, जो युवाओं द्वारा संचालित नवाचार को प्रोत्साहित करती और बढ़ावा देती है, ताकि वे सतत विकास लक्ष्यों से जुड़ी चुनौतियों को हल कर सकें। भारत में यूएन का सिस्टम निजी क्षेत्र की उन पहलों पर काम करता और सहयोग देता है, जो युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और नेतृत्व को बढ़ावा देती हैं। और सॉल्व फॉर टुमॉरो प्रोग्राम भी वैसा ही है। भारत के पास दुनिया में सबसे ज्यादा युवा हैं, जो अपनी ऊर्जा और समाधानों से धूम मचा रहे हैं!

# चुनाव में कांग्रेस की जमानत जब्त होनी चाहिए : स्मृति ईरानी



अवधनामा संवाददाता

**भेंटुआ (अमेठी)।** स्थानीय विकास खंड में केंद्रीय मंत्री एवं सांसद स्मृति ईरानी ने गुरुवार को मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक की। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मत पार्टी के समर्थन में पाने की रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को युद्ध स्तर पर चुनाव में जुटने का आवाहन किया। भेंटुआ के सरूवांवा स्थित विद्या शिक्षण संस्थान इंटर कालेज में केंद्रीय मंत्री एवं सांसद स्मृति ईरानी ने कहा कि कार्यकर्ता व पदाधिकारी जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार में कराए गए विकास कार्यों व उपलब्धियों को बताए। योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर उनका समर्थन मांगे। यहां पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव में कांग्रेस की जमानत जब्त होनी चाहिए और जीत का रिकार्ड बनना चाहिए। अबकी बार छह लाख पार का नारा देते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में जोश भरा। बैठक में उन्होंने मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति बनाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र महामंत्री सुधांशु शुक्ल मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी मंडल मंत्री राजीव शुक्ल पुष्पेंद्र द्विवेदी प्रधानाचार्य साधना द्विवेदी प्रबंधक सुधीर द्विवेदी राजेंद्र यादव दुर्गेश यादव उदयभान सिंह अश्विनी शुक्ल व डबलू मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# अक़ीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-फित्र की नमाज़





अवधनामा ब्यूरो

- गले मिलकर एक दूसरे को दी मुबारकबाद
- मांगी अमन-चैन व खुशहाली की दुआ, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

**कुशीनगर।** मुकद्दस रमजान की इबादतों के बाद ईद-उल-फितर की नमाज गुरुवार को जोश व उमंग के साथ अता की गई। नगर के ईदगाह समेत जिले के सभी ईदगाहों में सुबह ईद की नमाज अता की गई। बारगाहे इलाही की इबादत में एक साथ हजारों सिर झुके। नौजवानों से लेकर बुजुर्गों ने देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर मुस्लिमों ने अल्लाह की बारगाह में सजदे किए व माह-ए-रमजान और ईद की खुशी देने पर अल्लाह तआला का शुक्र अदा किया। ईदगाहों के आसपास मेले जैसा माहौल रहा है। नमाज पढ़ने के बाद बच्चों ने खूब खरीदारी की। नमाजेदारों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ईद को लेकर सुबह से ही रौनक दिखने लगी। लोग उत्साहित नजर आ रहे थे। विशेष नमाज के लिए लोग सुबह से तैयारियां कर रहे थे। नमाज का वक्त होने से पहले लोग नहा-धोकर, नए कपड़े पहनकर ईदगाह की ओर रुख कर लिया। नगर के नौका टोला, हथिसार मोहल्ला, खिरिया टौला, नोनिया पट्टी, गुफ्ती शहीद और छावनी समेत जिले के सभी ईदगाह में लोग नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। ईदगाह में नमाज से पहले जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती रजाउल मुस्तफा ने बताया कि ईद का दिन अल्लाह की ओर से इनाम का दिन है। इस दिन रमजान में रोजा रखने वाले रोजेदारों के सभी गुनाहों को अल्लाह माफ कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हर शख्स को अपने मुल्क से बेइंतिहा मोहब्बत करनी चाहिए। नमाज के बाद की गई दुआ में बुजुर्ग, बच्चों, महिलाओं और नौजवानों के साथ ही देश में चैन व अमन की दुआ मांगी गई। **बच्चों में दिखा गजब का जोश :** ईद के दिन सबसे अधिक उत्साह बच्चों में देखा गया। ईद की नमाज खत्म होते ही बच्चे अपने साथियों और दोस्तों के साथ त्योहार की खुशियां बांटते नजर आए। ईदी के रूप में मिले रुपयों को बच्चों ने झूले व खानपान पर खर्च किए। **दिन भर चला दावतों का दौर :** ईद की नमाज के बाद शहर भर में दावतों का दौर चलता रहा। शहर की मुस्लिम बस्तियों में लोगों का लगातार आना-जाना रहा। इस खास दिन लोगों ने सेवई के साथ ही अन्य पकवानों का लुत्फ उठाया।

## एम्स के पैनल अधिवक्ता नामित हुए विद्यानाथ शुक्ला



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विद्यानाथ शुक्ला को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गोरखपुर ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण इलाहाबाद एवं उच्च न्यायालय इलाहाबाद मे अपना पैनल अधिवक्ता नामित किया है। अधिवक्ता विद्यानाथ शुक्ला सहजनवां तहसील क्षेत्र ग्राम कोड़रा के निवासी है। इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र के लोगों ने विद्यानाथ शुक्ला को बधाई दी हैं।

## ज्ञान यज्ञ की गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्रा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा गोरखपुर-नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 14 न्यू कालोनी से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकली। इस दौरान महिलाए और कन्याए अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी। गाजे बाजे पर भक्त नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। भक्त हर हर महादेव के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। कलश यात्रा मुख्य बाजार, मंडी होते हुए गहासाड राप्ती नदी के तट पर पहुंचा, जहां कलश में जल भर कर यज्ञ स्थल पर पहुंची। आयोजक राम प्रताप सिंह ने बताया की प्रतिदिन श्री, श्री, 1008 श्री सत्यव्रत मणि उपाध्याय द्वारा भक्तो को कथा का रसपान कराया जायेगा। आज के यज्ञ गंगोत्री देवी, राधेश्याम सिंह थे कलश यात्रा में अनुज सिंह, विपिन सिंह, विनय सिंह, आशुतोष सिंह, ऋषि सिंह, विशाल सिंह, हरिओम सिंह, समीर सिंह सहित अनेक लोग शामिल थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकली रैली




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अधिक से अधिक मतदान बढ़ाने के लिए लोगो को जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सहजनवा ब्लाक मुख्यालय से रैली निकाली गई जो नेशनल हाइवे होते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंची। इस दौरान लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के दौरान देश तरक्की तभी करेगा, हर वोटर जब वोट करेगा। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, लोकतंत्र की है पहचान, मतदाता और मतदान। इस दौरान उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह सहित अनेक राजस्व कर्मी और सफाई कर्मी मौजूद थे।

# ‘गली बड्डी’ में स्ट्रीट प्लेयर्स ने दिखाई प्रतिभा

## पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज सिंह ने इंटरनेशनल स्ट्रीट चिल्ड्रेन डे पर स्पर्धा का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** इंटरनेशन स्ट्रीट चिल्ड्रेन डे पर जब समाज के सभी वर्गों का साथ मिला तो गली मोहल्ले के बच्चों के हौसलों को भी पंख मिल गये। उनके लिए सेफ सोसाइटी संस्था ने सैय्यद मोदी रेलवे स्टेडियम में ‘‘गली बड्डी’’ नाम से शुक्रवार को स्पर्धा का आयोजन किया जिसमें बारह से सोलह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने अच्छे खिलाड़ी के तौर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने किया। यह आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, कंसोर्टियम फॉर स्ट्रीट चिल्ड्रेन, मैरियाट, राबिनहुड, सक्षम, रोटरी क्लब, धर्मांतर प्राइवेट, एजीईएस इंडस्ट्री, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और फायर एंड सेफ्टी विभाग के सम्मिलित सहयोग से किया गया। महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने भी इन खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया और पूरे आयोजन की सराहना की। शुभारंभ सत्र को सम्बोधित करते हुए सीपीआरओ पंकज सिंह ने कहा कि खेलों से बच्चों में न केवल कई गुण विकसित होते हैं, बल्कि यह करियर का भी एक बहुत बड़ा माध्यम बन कर उभरा है। पूर्वांचल के लोगों के रहन सहन और दिनचर्या को देखा जाए तो एथलेटिक्स के लिए यहां अपार संभावनाएं हैं। यह खेल का एक ऐसा क्षेत्र हैं जहां बहुत पैसे की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए अच्छे प्रशिक्षण की काफी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने स्ट्रीट के बच्चों के लिए किये जा रहे इन प्रयासों और इसमें सेफ सोसाइटी समेत सभी सहयोगी संस्थाओं की सराहना की और कहा कि सम्मिलित सहयोग से इन बच्चों के जीवन की दशा व दिशा को बदला जा सकता है। दिन भर चली प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो खो और फुटबाल की छह टीम ने हिस्सा लिया। तीन अलग अलग श्रेणियों सौ मीटर, दो सौ मीटर और चार सौ मीटर में दौड़ की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयीं। इस मौके पर प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लेकर मतदाता जनजागरूकता का संदेश दिया और लोगों से अपील की कि वह अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। प्रतिभागियों ने कहा कि हर एक मत न केवल वोट देने वाले के भविष्य का फैसला करेगा, बल्कि स्ट्रीट चिल्ड्रेन के जीवन की दशा और दिशा को बदलने में भी मददगार साबित होगा कार्यक्रम के आयोजक और सेफ सोसाइटी संस्था के निदेशक वैभव शर्मा ने बताया कि आयोजन में करीब 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया है और इन सभी को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य रूप से गोरखपुर के अलावा महराजगंज, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर समेत आसपास के जिलों से बच्चों ने प्रतिभागिता की है।

# आईटीएम में 13वें दीक्षान्त समारोह का हुआ आयोजन




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर में आयोजित 13वें दीक्षान्त समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो0 जे पी पाण्डेय, अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, उपाध्यक्ष जे पी अग्रवाल, सचिव श्री श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल एवं निदेशक डॉ0 एन0 के0 सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संस्थान के प्रबन्धतन्त्र द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ0 एन0 के0 सिंह ने संस्थान की प्रगति आख्या प्रस्तुत किया एवं उपाधि धारक विद्यार्थियों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर फार्मेसी के निदेशक डॉ पीडी पाण्डा, डॉ डॉ आर पी सिंह, डॉ निधि गुप्ता, डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ आर एल श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ0 एस0 के0 पाण्डेय कुलसचिव, डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, के एन प्रसाद उप-कुलसचिव, दीप्ती ओझा, विनीत राय, डॉ खालिद हसन, डॉ कृष्ण कुमार, आशुतोष राव, डॉ निवेदिता लाल, डॉ आशुतोष पाण्डेय, डॉ आशुतोष गुप्ता, शालिनी सिंह, डॉ अलका श्रीवास्तव, डॉ राम्या सिंह, सोमनाथ सिंह, सुजाता दास, प्रदीप कुमार चौधरी, नेहा, गरिमा मिश्रा, प्रतिभा, क्षितिज राय, एस एन पाण्डेय, ए के सिन्हा सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आसमान में बादल देख किसान परेशान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में इस समय खेती किसानी का कामकाज काफी तेजी से चल रहा है। सरसों मटर और चना और गेहूं की कटाई का काम प्रगति पर है। सभी जगह गेहूं की फसले भी तैयार हो गई है और उनकी कटाई मड़ाई के लिए भी किसान उपक्रम कर रहे हैं।शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल दिखाई पड़े जिसे देखकर किसानों के होश उड़ गए। तेज हवा के बीच सूर्य देव की बादलों के बीच में आंख मिचौली किसानों को परेशान करने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश हुई तो तैयार फसलों के लिए काफी नुकसानदायक होगा सिवान में इस समय अरहर मटर चना और सरसों की कटाई का काम काफी तेजी से चल रहा है। गेहूं की फसल कहीं कट रही है कहीं तैयारी चल रही है।बारिश इसके लिए घातक साबित हो सकती है। मौसम का मिजाज देख किसान परेशान नजर आए।

# मतदाता जागरूकता के लिए शिक्षकों ने बनाई मानव श्रृंखला

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत अमेठी विकास क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी अमेठी की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र अमेठी से रामलीला मैदान तक मानव श्रृंखला बनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पूजा देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।उन्होंने कहा की अधिक से अधिक मतदान हेतु मतदाताओं को प्रेरित करें। बताया कि आपके एक-एक वोट से ही लोकतंत्र की मजबूती होती है और सरकार बनती है। आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके प्रचार प्रसार के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है जिससे कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इसके उपरांत कस्बे का भ्रमण करते हुए सभी शिक्षक राजर्षि तिराहे तहसील के मुख्य गेट से होते हुए पुलिस स्टेशन अमेठी के सामने से पोस्ट ऑफिस के मार्ग से बस स्टेशन होते हुए वापस ब्लॉक संसाधन केंद्र अमेठी पर पहुंचे। इस अवसर पर अमेठी विकास क्षेत्र के समस्त एआरपी नोडल संकुल शिक्षक शिक्षक संकुल विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित बड़ी संख्या में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक सम्मिलित हुए।जिनमें अविनाश शुक्ल राजेश मिश्र चंद्रजीत यादव गौरेश बहादुर शैलेंद्र प्रताप सिंह कमलेश गुप्ता राकेश तिवारी सत्य प्रकाश शुक्ला सलिल श्रीवास्तव विनोद कुमार रमाकांत संतोष यशपाल सिंह अश्वनी आनंद बालेंद्र रवि बब्बन कुमार शिवकांत मोतीलाल राजीव कुमार साधना लता संतोष संतराम आदि रहे।

# देवी मंदिरों में मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना हुई



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** वासन्तिक नवरात्र में चतुर्थ दिवस मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना करने के लिए देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मां कुष्मांडा के तेज और प्रकाश से दसों दिशाएँ प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। माँ की आठ भुजाएँ हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल धनुष बाण कमल-पुष्प अमृतपूर्ण कलश चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन शेर है। शुक्रवार को मां दुर्गा की चौथी शक्ति की पूजा को भोर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। विकासखंड संग्रामपुर स्थित मां कालिका धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमा हुए और मां की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी। मंदिर परिसर पर श्री दुर्गा शप्तशती का पाठ करने के लिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। घंटे घड़ियाल की मधुर ध्वनि से सुदूर क्षेत्र गुंजायमान होता रहा।गृहस्थों ने अपने घरों में पूजा की शप्तशती का पाठ किया।

## बहू ने पति और सास पर दर्ज कराया मुकदमा

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर सैरा निवासिनी अन्तिमा सिंह पत्नी मुकेश सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पति और सास पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर सैरा निवासिनी अन्तिमा सिंह पत्नी मुकेश सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी शादी 1 मई 2023 को रामनगर सैरा निवासी मुकेश सिंह के साथ हुई थी, शादी के दो महीने बाद से ही मेरे पति मुकेश सिंह और सास संजू सिंह पत्नी स्व गुंजेश्वरी सिंह ने 5 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मुझे हमेशा मारते पीटते तथा प्रताड़ित करते थे। 10 अप्रैल 2024 को शाम साढ़े छः बजे के करीब मेरे पति और सास ने मुझको मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति मुकेश सिंह और सास संजू सिंह पर दहेज उत्पीड़न,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज़ कर लिया है।

# ईश्वर संशय से नहीं समर्पण से मिलते हैं : ऋचा मिश्रा

**श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ श्रीराम कथा का दूसरा दीन**




**भाटपार रानी देवरिया अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय उपनगर के रानी पोखरा पर श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय श्री राम कथा वाचक सुश्री ऋचा मिश्रा ने श्री राम कथा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का शिव पुराण कथा का रसपान कराया, उपस्थित सभी महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने श्री शिव बारात की कथा सुनकर भाव विभोर हो गए और भक्ति में डूब गए , कथा प्रारंभ के पूर्व यज्ञ समिति के संयोजक व नगर पंचायत भाटपार रानी के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता गुप्त मोटिवेशनल स्पीकर व शिक्षक उदय नारायण सिंह सम्यक झुना यादव रामदरश गुप्त अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक ऋचा मिश्रा सहित अनेक अनेकों भक्तों ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन की उसके बाद कथा प्रारंभ हुई अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक रिचा मिश्रा के द्वारा शिव बारात की कथा प्रारंभ हुई तो सारे दर्शक भाव विभोर हो गए हैं वह खुशी से झूम उठे, उन्होंने बताया कि ईश्वर की प्रति आस्था संशय से नहीं बल्कि समर्पण से मिलती है परिस्थितियों चाहे जो भी हो लेकिन आप अपने विश्वास को ईश्वर के प्रति लगाए रखिए भगवान आपकी जरूर सुनेंगे और आपकी सारी कामनाएं पूर्ण होंगे, भगवान शिव बड़े भोले हैं और अपने सभी भक्तों की मुरादे पूरी करते हैं।

# आस्था व विश्वास का ज्योतिर्मयी पुंज मां जगदीश्वरी देवी

## श्रद्धालु भक्तो की मन की मुराद पूरी करती है मां जगदीश्वरी देवी

अवधनामा संवाददाता



- नवरात्र शुरू होते ही श्रद्धालुओं का उमड़ा रहता है जमावड़ा


**मथौली बाजार, कुशीनगर।** शारदीय नवरात्र का समय आते ही प्रत्येक श्रद्धालुओं के हृदय में मात्र जगदीश्वरी देवी का मनभावनी छटा अंकित हो जाती है। मथौली सहित आस-पास के क्षेत्रो के श्रद्धालु भक्तो के हृदय में माता जगदीश्वरी विराजमान रहती है। सैकड़ो भक्तों का विश्वास की प्रेरणा माता के मंदिर पर नवरात्र के सप्तमी तिथि से लेकर दसमी तिथि तक विशाल मेला लगता है। श्रद्धालु आकर अपने परिवार सहित दर्शन कर कृतार्थ होते है और अपनी मन की पीड़ा भी मां से कह सुनाते है।

विदित हो कि मथौली के पुरानी कचहरी परिसर में मां जगदीश्वरी का विशाल मंदिर का शिलान्यस श्री श्री दुर्गा बाल समिति के देख रेख मे पुर्व मे प्रधान रहे स्व. बद्रीनारायन बगाड़िया ने किया था जब मंदिर बन कर तैयार हुआ तो लोगो के जिज्ञासा हुई कि यहां पर मां की ज्योर्तिमयी प्रतिमा का स्थापना हो उसी दौरान वर्ष 1996 के फाल्गुन बदी पंचमी के दिन विद्वान आचार्य पं0 स्व0 उमाशंकर चौबे तथा अन्य विद्ववत आचार्यो द्वारा सप्तसती के मंत्रोच्चारण के बीच सफेद संगमरमर की उज्जवल प्रतिमा जो सिंह पर आरूढ़ एवं अपने शंख, चक्र, गदा, पदम्, त्रिशुल, तलवार और धनुष वाण लिए वरमुद्रा मे शोभित मुस्कुराती हुई प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। प्राण प्रतिष्ठा श्री श्री दुर्गा बाल पुजा बाल समिति मथौली बाजार के सदस्यो और गांव सहित क्षेत्र के विशेष सहयोग द्वारा किया गया।

वैसे पहले उक्त जगह पर उक्त समिति द्वारा नवदुर्गा पूजा में लगातार नौ वर्षो तक मूर्ति रखकर सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ नवरात्र के पर्व को मनाया गया। धीरे-धीरे मां की कृपा लोगो को पर होने लगी और धीरे-धीरे लोगो में मां के प्रति आस्था व विश्वास बढ़ने लगा। विशेष बात यह है कि जैसे ही श्रद्धालु मुस्कुराते मां जगदीश्वरी के प्रतिमा के समीप पहुंचता है वैसे ही केवल दर्शन मात्र से उसके मन को अपार शान्ति प्राप्त होती है और सच्चे और निष्छल भाव से जैसे ही अपनी पीड़ा और मन की मुराद मां से कह सुनाता है उसकी कामनाये मां की कृपा से अवश्य पुरी हो जाती है। मंदिर पर नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर नौ दिनो तक श्रद्धालु भक्तो को ताता लगा रहता है। लोग नारियल व चुनरी चढ़ाकर मां की पूजा अर्चना करते हुये अपनी मन्नते मांगते है। भक्त श्रद्धालु व्रत रखकर मंदिर मे आते है और पूजा पाठ करते है। भक्त श्रद्धालुओं के आशा और विश्वास का यह दुर्लभतम संगम से मां जगदीश्वरी की कृपा से सबके हृदय में ज्योतिर्मयी रूप से निवास करने लगती है। मंदिर मे प्रत्येक दिन सुबह शाम पूजा अर्चना होती है। मां के मंदिर में कीर्तन मंडलीय द्वारा प्रत्येक सोमवार को भजन, कीर्तन कर पूजा अर्चना करते है।

# हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का किया जाए प्रचार-प्रसार : सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले में संचारी रोग को नियंत्रण और दस्तक अभियान में आशा-आंगनबाड़ी हर घर दस्तक देकर जागरूक कर रहीं हैं। दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण और 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा।

शुक्रवार को सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में धनवंतरि सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गयी। हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का विद्यालयों एवं जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। बैठक सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय ने सभी विभागों को अभियान को सफल बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि कचरा निस्तारण, सूकरबाड़ों को आबादी से दूर रखने, आबादी वाले क्षेत्रों में घरों के आस-पास झाड़ियों की साफ- सफाई, नालियों को ढकने, घर से छछूंदर, चूहों को भगाने, जल भराव को रोकने, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। हीट वेव व स्ट्रोक से बचाव संबंध में उन्होंने कहा कि भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जनमानस के लिए शीतल एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, गर्मी से बचाव के लिए शेलटर्स की व्यवस्था, व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान तथा तापमान का डिस्प्ले और विद्यालयों में हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार सम्मिलित किया जाए। सीएमओ डा. राजेश झा ने बताया कि 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा । इसके तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस, फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ईकवच पोर्टल पर अपलोड कर रहीं है। बैठक में एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, एसीएमओ डॉ सुरेंद्र चौधरी, डीपीओ कृष्णकांत राय, मेडिकल कालेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरके श्रीवास्तव, डीपीएम पूनम, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, डीएमओ सीपी मिश्रा, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, पाथ संस्था से अभिषेक सहित अन्य विभागो के लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**घांटी बाजार।** भटनी थाना के ग्राम पंचायत धर्मखोर बाबू में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई है। घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये देवरिया भेज दिया है। भटनी के धर्मखोर बाबू गांव निवासी मनीष यादव की शादी दो वर्ष पूर्व भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम कौलाडाबर में मुन्ना यादव की पुत्री रीतू यादव से हुई थी। तीन महीने पूर्व एक लड़का भी पैदा हुआ है। शुक्रवार की सुबह 4बजे रीतू देवी ने घर से निकलकर अपने बेटे को बाहर सो रही अपने सास को देकर घर में सोने चली गई। सुबह देर से न उठने पर बाहर सो रहे पति मनीष यादव ने अपनी पत्नी को जगाने लगा। तों संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई थी। उसके बाद घर में चीख पुकार होने लगी। घटना की जानकारी 112 नंबर को दी गई। उसके बाद भटनी पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी भी घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिये देवरिया भेज दिया गया।

# जन-जन को मतदान का संदेश देने के लिए आयोजित होगी मानव श्रृंखला

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु घोषित किये गये कार्यक्रम के अनुसार 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच में चतुर्थ चरण हेतु 13 मई 2024 तथा 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पयागपुर व कैसरगंज में पंचम चरण हेतु 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में 16 अप्रैल 2024 को मानव श्रृंखला का निर्माण कर जन-जन को मतदान के लिए जागरूक किया जायेगा।

मानक श्रृंखला का निर्माण 16 अप्रैल 2024 को प्रातः 08:00 बजे से श्रीमरीमाता मन्दिर के प्रवेश द्वार से देहात कोतवाली गेट तक किया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर आयोजित होने वाली मानव श्रृंखला में समाज के सभी वर्गों के स्त्री, पुरूष व युवाओं के साथ-साथ विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, सरकारी कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी, प्रबुद्धजन, मीडिया कर्मी, गैर सरकारी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि, खिलाड़ियो, दिव्यांगजन, नवीन व बुजुर्ग मतदाताओं की उपस्थिति लोगों को यह सन्देश देने में सफल होगी कि हमें मतदान दिवस के दिन जलपान से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग कर विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र के महाकुंभ में अपना योगदान करना है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मानव श्रृंखला में प्रतिभाग कर आयोजन को सफल बनायें। उन्होंने लोगों से अपील की कि मानव श्रृंखला में जहां तक संभव हो सफेद ड्रेस के साथ प्रतिभाग करने का प्रयास करें ताकि मानव श्रृंखला की खूबसूरती दोबाला हो जाये। मानव श्रृंखला की सफलता के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. को निर्देश दिया कि मानव श्रृंखला आयोजन हेतु समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करा ली जाय। उन्होनें मानव श्रृंखला आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा 500-500 मीटर की दूरी के लिए जिम्मेदारी अधिकारियों की तैनाती करने के साथ-साथ मानव श्रृंखला के दौरान सुरक्षा के प्रबन्ध हेतु पुलिस अधीक्षक से आवश्यक विचार-विमर्श करने का भी निर्देश दिया।

**मरी माता मन्दिर से कोतवाली देहात तक होगा मानव श्रृंखला का निर्माण**

## मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिये किया जायेगा रैली का आयोजन

**ललितपुर।** खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुये बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत के मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ने के लिये जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार विकास खण्ड बिरधा की समस्त ग्राम पंचायतों एवं विकास खण्ड स्तर पर संलग्न विवरण के अनुसार प्रातः 9 बजे रैली का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम मेंग्राम स्तर केसमस्त कार्मिक यथा ग्राम पंचायत सचिव, तकनीक सहायक, बी.टी.एस. कृषि, पशु चिकित्सक, एल.ई.ओ., फार्मासिस्ट पशुपालन, सी.एच.ओ. स्वास्थ्य, बी.एम.एम, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आशा, आशासंगनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सहायिका, डिग्री, इण्टर कॉलेज, हाईस्कूल, प्रधानाध्यापक, अध्यापक, छात्र छात्रायें, समूह की सभी दीदियां आदि के साथ चिकित्सा विभाग, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, सहकारिता, नेहरू युवा केन्द्र, उच्च शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं रसद, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशित विकास दल, माध्यमिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# सौहार्द और भाईचारे के साथ की ईद मनाने की अपील : मनीषा

अवधनामा संवाददाता



**कुड़वार, सुल्तानपुर।** आपसी सौहार्द्र व भाईचारा के साथ क्षेत्र में मुस्लिम समाज के लोगो ने ईद मनाई। इस खास अवसर पर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने नजदीकी ईदगाहों में ईद की नमाज अदा कर अमन की दुआ मांगी। क्षेत्र के गजेहडी की जामा बड़ी मस्जिद, धरावां आदि जगहों पर ईद की नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। इस मौके पर प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल के प्रबंधक दयाराम अग्रहरि जौहरी ने लोगों को बधाइयां दी। बता दें कि बुधवार की देर शाम ईद के चांद का दीदार हुआ और लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।

वरिष्ठ समाजसेविका व भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय ने कहा कि मैं सभी क्षेत्र वासियों,जनपद वासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद देती हूं। रमजान के पावन महीने के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व से एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना का संचार होता है।

खुशियां बांटने का यह त्योहार क्षमा और दान करने की प्रेरणा देता है। मैं इस पवित्र अवसर पर कामना करती हूं कि हमारे क्षेत्रवासी निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ें और सभी लोग सदा अमन-चैन से रहें। जानकारी देते हुए कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र में 19 मस्जिदों में ईद की नवाज पढ़ी गई। सभी जगहों पर पुलिस तैनात है। सभी ईदगाहों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कुड़वार थाना पुलिस सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी क्षेत्र वासियों से शांतिपूर्ण माहौल में ईद का पर्व मनाने की अपील है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोगो ने आपसी भाईचारे के साथ ईद मनाई।

# जनपद में 13 अप्रैल से होगा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह अप्रैल 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 13 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 तक किया जायेगा। वितरण अवधि मे प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 29 अप्रैल 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि वितरण अवधि के दौरान ई-पास मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात तत्समय ही अपना निःशुल्क खाद्यान्न सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से अवश्य प्राप्त कर लें। डीएसओ ने जिले के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के वितरण विरूद्ध वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# मुनीम पर जानलेवा हमले के प्रकरण ने तूल पकड़ा

## इंडस्ट्रीज, मुनीम एसोशियेशन व साहू समाज ने दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सात अप्रैल को इण्डस्ट्रीज एरिया चन्देरा स्थित फर्म पर काम कर रहे मुनीम से बदमाश द्वारा रुपये मांगते हुये जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में पुलिस ने मुनीम की पत्नी की तहरीर पर दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लेकिन सकारात्मक कार्यवाही न होने से अब यह प्रकरण तूल पकड़ता नजर आ रहा है।

मुनीम पर हमला करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को गल्ला मण्डी व इंडस्ट्रीज एरिया मुनीम एसोशियेशन और साहू समाज समिति ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। मुनीम एसोशियेशन ने जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में बताया कि 7 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे तीन बदमाश एक्टिवा पर सवार होकर आये और अवैध रूप से रुपयों की मांग करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने फर्म के मुनीम धनीराम साहू से गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर दी। इस जानलेवा हमले में मुनीम गंभीर रूप से घायल हो गया। यह भी आरोप है कि उक्त बदमाशों ने अन्य स्टाफ से भी मारपीट कर दी। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में भी रिकॉर्ड हो गया है। बताया कि गल्ला मण्डी व चन्देरा इंडस्ट्रीज एरिया में अनेकों मुनीम कार्यरत हैं। इस घटना के बाद से मुनीम एसोशियेशन में भय व्याप्त है। उन्होंने डीएम से हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय रोहित, हरीओम, अंकेश, कमलेश, सूरज साहू, विशाल, दयाल, रोहित, सुमित कुमार, विजय कुमार, जयकुमार, जीवनलाल, मुकेश, प्रभात, अंकित, रवि, सुरेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र, विक्रम साहू, मोहित कुमार, अंशुल, रामरतन सैनी, ब्रजेन्द्र, सोनू, मोनू राठौर, गजेन्द्र सिंह, प्रिंस साहू, रामबाबू के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। वहीं साहू समाज समिति ने अध्यक्ष संतोष साहू खजुरिया के नेतृत्व में गल्ला व्यापारी जैनको इंडस्ट्रीज चंदेरा पर कार्यरत मुनीम धनीराम साहू पर जानलेवा हमला किये जाने के मामले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये हमलावरों पर सख्त कार्यवाही की मांग उठायी है। एसपी को भेजे गये ज्ञापन में बताया कि ऐसी घटना की पुर्नरावृत्ति न हो इसके लिए पुलिस विभाग को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस दौरान संतोष साहू, मनोज कुमार, अंकित साहू, खूबचंद्र साहू, अंकेश साहू के अलावा अनेकों सजातीय बंधु मौजूद रहे।

## एंटी बुलिंग वर्कशॉप का किया गया आयोजन



**सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर के सनवीम स्कूल में बच्चों को परेशान करना, प्रताड़ित करने और दुर्व्यवहार जैसी घटनाओं को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर वरिष्ठ अधिवक्त और समाजसेवी आशीष अग्रवाल मौजूद रहे।उन्होंनेने कार्यशाला में बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई बच्चा बुलिंग का शिकार हो रहा है तो उसको समय पर मदद मिले। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य डॉ शरनजीत कौर विद्यालय के समस्त स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार का पैर टूटा

**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी जमुनाबाई पत्नी अवध किशोर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 27 मार्च की शाम करीब 5 बजे उसका 23 वर्षीय पुत्र राकेश अपनी पत्नी नीलम के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 वी 1340 से अपनी ससुराल मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ जा रहा था। बताया कि वह ग्राम रजवारा के पास पहुंचा ही था कि तभी सामने से तेजी व लापरवाही से चली आ रही पिकअप संख्या यू.पी. 94 टी 4187 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र का पैर फैक्चर हो गया, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ धारा 279, 338 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## घर में घुसकर मारपीट

**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** निकटवर्ती ग्राम बिरारी निवासी कुसुम पत्नी रामगोपाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 अप्रैल को 7 बजे जब वह घर में परिवार के साथ थी, तब गांव के कनई पुत्र मोहन, दिनेश व राजकुमार पुत्रगण कनई व सीमा पत्नी दिनेश उसके घर में जबरन घुस आये और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि इसके पहले भी उक्त लोग उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। अब उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 452, 323, 504 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## आज मनायी जायेगी वैशाखी

**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा वा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने सयुक्त रूप से बताया कि श्रीगुरुसिंह सभा के तत्वाधान में खालसा साजना दिवस (बेसाखी) कल 13 अप्रैल दिन शनिवार को गुरुद्वारा लक्ष्मीपुरा में श्रद्धा पूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 9.30 बजे अखंड पाठ साहिबजी की समाप्ति। उपरांत मुख्य ग्रंथि युवराज सिंहजी अनिल सिंहजी द्वारा गुरबाणी कीर्तन होंगे। दिल्ली से पधारे संत मनी सिंह जी द्वारा गुरबाणी कीर्तन कथा विचार होगे। 12.30 बजे से गुरुजी के लंगर की सेवा (सहभोज) का आयोजन होगा। सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से आह्वान किया गया है कि उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करे।

## कान्हा मेरे, जो कीजौ सो कीजौ, पर अगले जनम मोहे बिटिया न कीजौ

**सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता।** नवरात्रि में कन्याओं का पूजन कर पैर छूकर जहाँ लोग आर्शीवाद प्राप्त करते हैं वहीं सुल्तानपुर में नवजात बिटिया पैदा होते ही फेंक दी जाती हैं। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के नेवाजी सरैय्या नहर पट्टी के निकट एक नवजात कन्या बरामद हुई है। सूचना पर सक्रिय हुई गोसाईगंज पुलिस और बाल कल्याण समिति की टीम ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया है। हालांकि बिटिया के धर्म, वर्ग और उसके अभिभावक का पता नही चला है। एस.आई भरत सिंह और बाल कल्याण समिति के सदस्य मजिस्ट्रेट शिव मूर्ति पांडेय ने बताया कि वह ईद पर्व के दिन भोर में जीवित बरामद हुई थी। ग्रामीणों की सूचना पर घटना की जानकारी हुई। अस्पताल में शंघर्ष कर रही बिटिया जरूर सोचती होगी की कान्हा मेरे, जो कीजौ सो कीजौ... पर अगले जनम मोहे बिटिया न कीजौ।

## चना, मसूर व सरसों खरीद के लिए खोले गये 14 क्रय केन्द्र

**ललितपुर।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अर्विन मेहर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य में प्राइस सपोर्ट स्कीम (पी.एस.एस.) के तहत रबी वर्ष 2024-25 सीजन में जनपद में चना, मसूर एवं सरसों की खरीद के लिए स्टेट क्रय एजेन्सी यू.पी.पी.सी.एफ., यू.पी.पी.सी.यू. एवं उ.प्र. सहकारी जूट एवं कृषि विकास संघ लि. (जेफेड) द्वारा जनपद के किसानों की सुविधा के लिए 14 क्रय केन्द्र जिनमें अमरपुर मण्डी में एक क्रय केन्द्र, ललितपुर मण्डी में आठ क्रय केन्द्र, महरौनी मण्डी में एक क्रय केन्द्र, मड़ावरा मण्डी में तीन क्रय केन्द्र एवं खितवांस उप मण्डी में एक क्रय केन्द्र खोले गये हैं। उन्होंने बताया कि उक्त क्रय केन्द्रों पर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य चना- 5440 रुपये प्रति कुन्तल, मसूर 6425 रुपये प्रति कुन्तल एवं सरसों 5650 रुपये प्रति कुन्तल की दर पर अपनी उपज का विक्रय समय 10 से शाम 6 बजे तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन कर सकते हैं।

# चंदन वन में निर्माण की जा रही विद्युत पारेषण लाइन के संबंध बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वन विश्राम गृह बार में चंदन वन में निर्माण की जा रही विद्युत पारेषण लाइन के संबंध में डॉ. प्राची गंगवार उप वन महानिरीक्षक पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में निर्माण हो रहे विद्युत पारेषण लाइन एवं सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित शहजाद बांध के बांध साइड स्थापित किये जा रहे सोलर पम्प निर्माण के एवं विद्युत पावर हाउस को एकत्रित कर के.एम.एल. फाइल बनाने हेतु निर्देशित किया गया, शहजाद बांध परियोजना में ललितपुर वन प्रभाग की 368 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरित की गयी थी, उक्त बांध की सैद्धान्तिक स्वीकृत 8 जून वर्ष 2001 को भारत सरकार द्वारा निर्गत की गयी थी, परन्तु प्रयोक्ता विभाग, सिंचाई विभाग द्वारा निर्गत सैद्धान्तिक स्वीकृति की अनुपालन आख्या भारत सरकार को प्रेषित नहीं गयी थी, सैद्धान्तिक स्वीकृति की अनुपालन आख्या प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये गये। वन प्रभाग के झरर वन ब्लॉक में काण्डला से गोरखपुर 18 व्यास की पेट्रोलियम पाईप लाइन का निरीक्षण किया। बार रेंज के अंतर्गत बघौरा वन ब्लॉक में 765 के.वी. आगरा ट्रांसमिशन लाइन का निरीक्षण किया। बैठक में उपस्थित गौतम सिंह प्रभागीय निदेशक, धर्मेन्द्र कुमार अधिशाषी अभियन्ता विद्युत माध्यमिक कार्य खण्ड झांसी, संजय गौतम उप खण्ड अधिकारी सिंचाई निर्माण खण्ड 5 झांसी, राजेश कुमार मिश्र अधिकृत प्रोजेक्ट प्रोपोनन्ट शहजाद बांध स्प्रिकल परियोजना नई दिल्ली, कुलदीप कंचन प्रोजेक्ट मैनेजर सिंचाई निर्माण खण्ड, आशीष आनन्द प्रभारी वन वन्दोवस्त, वन दरोगा आदि उपस्थित रहे।

# गेहूं की फसल में लगी आग, किसानों के खेत में पहुंचे इसौली विधायक ताहिर खां

## उपजिलाधिकारी सदर से फोन पर बात करके किसानों को हर संभव मदद दिलाने की गुजारिश की



**सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता।** अलीगंज विकासखंड कुड़वार के अंतर्गत ग्राम सभा खांडसा में मंगलवार को विद्युत शार्ट सर्किट की वजह से गेहूं के फसल में आग लगने के कारण लगभग 12 बीघे गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय निवासियों तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ी के द्वारा आग पर काबू पाया गया था।किंतु तब तक सारी फसल नष्ट हो चुकी थी। ईद के अवसर पर इसौली विधानसभा विधायक ताहिर खान किसानों के खेत पर जाकर जली हुई गेहूं की फसल का जायजा लिया और किसानो को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। इसौली विधायक ताहिर खान ने स्थानीय जनता की मांग पर कहा कि जल्द ही वे जिलाधिकारी से बात कर अलीगंज में एक गाड़ी फायर ब्रिगेड की तत्काल व्यवस्था करवाने की कोशिश करेंगे। जिससे किसी भी आपदा में राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। पीड़ित किसान चांद खान, मोहम्मद हमीद,मोहम्मद जऊवाद, अब्दुल गफ्फार, अबरार, जब्बार, सफीर, जाबिर, नियाज, आदि किसानों को भरोसा दिलाया की उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।विधायक ताहिर खान के साथ में डाक्टर नारेन्द्र बहादुर यादव, डाक्टर सुरेश यादव आदि लोग पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नियम विरूद्ध दूसरी आंगनबाड़ी को दिये गये चार्ज की जांच कराने हेतु डीएम को भेजा शिकायती पत्र


अवधनामा संवाददाता

**तालबेहट।** श्रीमती अंजना आंगनबाड़ी कार्यकर्ती ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत हसारकलां के कबरी खिरक में वह आंगनबाड़ी के पद पर कार्यरत है व हसारकलां में रिक्त चल रहे पद का चार्ज पांच वर्षो से पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन कर रहीं हैं, ब्लॉक स्थित आंगनबाड़ी कार्यालय में कार्यरत बाबू काशीराम वर्मा द्वारा बिना किसी सूचना के रिक्त चल रहे केन्द्र का दायित्व ग्राम पंचायत बिरधा में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती रेखा पंथी को दे दिया गया है व रेखापंथी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र का राशन का उठान कर लिया गया एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती केन्द्र के सम्पूर्ण अभिलेख, दस्तावेज चेक करवाने के बहाने ब्लॉक कार्यालय में जमा करवा लिये हैं, जब उसे इसकी जानकारी हुई तो उसने मुख्य सेविका श्रीमती सावित्री इंचार्ज सी.डी.पी.ओ से जानकारी की तो उनके द्वारा कहा गया कि उन्हें कुछ पता नहीं है और वह कुछ नहीं कर सकती, तो वह कार्यालय पहुंची एवं बाबू काशीराम वर्मा से जब जानकारी की तो उन्होंने कहा कि तुम्हें इससे क्या लेना देना है, मैं जिसे चाहूं चार्ज दूं या कुछ भी करूं तुम कौन होती हो, तो उसने कहा कि उक्त केन्द्र की चाबी मेरे पास है और मेरे पास उक्त केन्द्र के चार्ज छोड़ने से संबंधी कोई आदेश या जानकारी नहीं दी गई और श्रीमती रेखा पंथी को चार्ज क्यों दे दिया गया है, तो बाबू काशीराम वर्मा द्वारा अभद्रता की गई एवं वहां से जाने के लिये कहा और कहा कि वह उसे नौकरी करना सिखा देगा व उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उसने शिकायती पत्र की जांच कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग की है। भेजे गये शिकायती पत्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती अंजना, निशा, हनुमत सिंह, ऊषा, लता, पूजा राजा, रामप्यारी, चन्द्रपाल, रामराजा, रामसेवक, सोना आदि के हस्ताक्षर बने हुये हैं।

# निर्बल के बल राम ने निषादराज को अपना पांचवा भाई मान कर पलकों पर बिठाया : प्रो. शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**गुहराज निषादराज जयंती**



**ललितपुर।** गुहराज निषादराज जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदासजी के रामचरित मानस में अयोध्या काण्ड में जो वेदना का सागर लहराता हुआ दिखाई दे रहा है। सामंतीय समाज में उपेक्षितों की वास्तविक पीड़ा से ही उत्पन्न हुआ है। ध्यान देने की बात है कि तुलसी की भक्ति वर्ण, जाति, धर्म आदि के कारण किसी को बहिष्कृत और उपेक्षित नहीं करती। राम जब चित्रकूट पहुंचते हैं।

कोल-किरातों से बीस पंक्तियों में राम से उनकी भेंट का वर्णन करते हुए, तुलसी यह टिप्पणी देते हैं, रामहिं केवल प्रेम प्यारा, जानि लेहु सो जाननि हारा। केवट और निषादराज के प्रसंग में नीचे समझे जाने वाले लोग राम को प्यार करके भरत और लक्ष्मण का दर्जा पा जाते हैं, तब सब लोग उसका इस तरह आदर करते हैं मानो लक्ष्मण आ गए हों। निरखि निषाद नगर नर-नारी, भए सुखी जनु लखन निहारी, विदा करते निषाद से स्वयं राम कहते हैं, तुम मम सखा भरत सम भ्राता, रहे हु सदापुर आवत जाता। तुलसी ने समता और न्याय आधारित रामराज्य लाने के लिए सामंतीय युग में भक्ति के आधार पर जो किया वही कार्य आज के लोकतांत्रिक युग में पुनर्जागरण के आधार पर जनता कर रही है। तुलसीदास जानते थे कि नहिं दरिद्र सम दुख जगमाहीं-उन्होंने स्वयं भोगा था। आग बड़वाग्नि से बड़ी है, पेट आग की। उन्होंने राम से विनय की थी दारिद दसानन दबाई दुनी दीनबंधु, दरिद्रता के रावण ने सारी दुनिया को दबा रखा है। इसलिए आकर रक्षा करो। प्रश्न है, अब और कितना इंतजार दुख से डबडबाई असंख्य आँखों को करना होगा। अतीत काल में श्रमिक जनता ने बीसियों नहीं सैकड़ों बार कोशिश की है कि अपनी पीठ से उत्पीड़कों को उतार फेकें और अपने भाग्य की डोर अपने हाथ में ले लें। लेकिन हर बार परास्त और अपमानित होकर उसे पीछे हटना पड़ा। हृदय में लांछन, क्रोध और निराशा भरे हुए, उसने किसी अलौकिक, अगोचर और काल्पनिक दैव या भाग्यवादिता की तरफ दीनता से हाथ उठाये हैं, जहां से उसे मुक्ति की आशा थी। मानवतावादी प्रेम में डूबी तुलसी की भक्ति, शक्ति का ऐसा अमोघ अस्त्र है, जो संघर्षरत जनसामान्य को हताश-निराश नहीं होने देगा।

# प्रथम प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कॉलेज में 24 से 27 अप्रैल तक

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुये बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु नियुक्त किये जाने वाले मतदान कार्मिकों पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा किटिकल मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किये जाने वाले माईक्रो ऑब्जर्वर्स के आयोग की गाइड लाइन में वर्णित प्राविधान के अनुसार प्रथम रैण्डमाईजेशन का कार्य मतदान दिवस के 40 दिवस पूर्व किया जाना निर्धारित है। उक्त के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित एन.आई.सी. में मुख्य विकास अधिकारी, नोडल अधिकारी कार्मिक व्यवस्था, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदि की उपस्थिति में प्रथम रैण्डमाईजेशन की कार्यवाही पूर्ण की गयी। जनपद के कुल 1056 मतदेय स्थलों के उपयोगार्थ 1278 पीठासीन अधिकारी, 1278 मतदान अधिकारी प्रथम, 2231 मतदान अधिकारी द्वितीय, 1874 मतदान अधिकारी तृतीय हेतु संबंधित श्रेणी के कार्मिकों को चिन्हित किया गया। जनपद के कुल 126 किटिकल मतदान केन्द्रों पर नियुक्ति हेतु 373 माईक्रो ऑब्जर्वर्स हेतु केन्द्रीय सेवा में कार्यरत कार्मिकों को चिन्हित किया गया, नियुक्त पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का 24 अप्रैल से 27 अप्रैल तक प्रथम प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कॉलेज में सम्पन्न कराया जायेगा। उपरोक्तानुसार कार्मिकों के प्रथम रैण्डमाईजेशन की कार्यवाही के पश्चात जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नोडल अधिकारी कार्मिक को निर्देशित किया गया कि मेरे अनुमोदन के बिना लोकसभा सामान्य निर्वाचन में नियुक्त किसी भी कार्मिक को निर्वाचन डयूटी से अवमुक्त नहीं किया जायेगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्र.सं.: 1- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-01, **कार्य का नाम:** बीएसबीएस (बनारस) यार्ड में बन्द समपार सं. 3 पर 6.00 मीटर चौड़े फुट ओवर पुल का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 5,18,97,041/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 4,09,500/-, **क्र.सं.: 2- ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2024-02, **कार्य का नाम:** वाराणसी-हरदत्तपुर के मध्य किमी. 209/5-6 पर समपार सं. 4 पर आरयूबी का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 6,90,74,219/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 4,95,400/-, **निविदा बन्द होने की तिथि: क्र. सं.: 1 एवं 2- के लिये-** 02.05.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: क्र. सं.: 1 एवं 2- के लिये-** 09 माह। **नोटः** • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-01 से एनईआर-बीएसबी-2024-02 दिनांक 02.05.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.) वाराणसी**

मुजाधि/डब्ल्यू-11

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# पानी के अपव्यय को रोकना हमारी प्रमुख प्राथमिकता : आर.पी. सिंह



**जल संरक्षण माह का समापन समारोह संपन्न**

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको, रेनूसागर पावर डिवीजन रेणुसागर में जल संरक्षण माह का समापन समारोह टी टीम डी सी हाल में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हिण्डालको, रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह, एच आर हेड शैलेश विक्रम सिंह, मैंटीनैंस हेड जगदीश पात्रा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आदित्य बंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी पृथ्वी का तीन-चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है। लेकिन उनमें से कुछ ही प्रतिशत जल उपयोग करने लायक होता है। इस तीन-चौथाई जल का 97 प्रतिशत जल खारा है। सिर्फ 3 प्रतिशत जल उपयोग लायक है। इसमें भी दो दशमलव आठ (2.8) प्रतिशत जल तो धरती पर बर्फ और ग्लेशियर के रूप में है और बाकी का बचा हुआ दशमलव बासठ (62) प्रतिशत जल ही पीने लायक है। यह भी जल धीरे-धीरे कम व प्रदूषित होता जा रहा है। भविष्य को देखते हुए इसे बचाना और संरक्षित करना अनिवार्य है। इतना ही नहीं सूखा, कॉन्टेमिनेशन तथा प्रदूषण के कारण हर साल पीने योग्य पानी की कमी होती जा रही है। इसलिए पानी के अपव्यय को रोकना हमारी प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा की हम अपने संस्थान में पानी का कम से कम उपयोग कर रहे है भविष्य में और भी सुधार करेंगे, मुख्य अतिथि ने अंत में जल संरक्षण को आज कि जरुरत बताया तथा कहा कि हम अपने लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण जरूर करे। इसी क्रम में समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए शैलेश विक्रम सिंह ने कहा कि सर्वप्रथम हम सभी को पानी के उपयोग में और अधिक किफायती बनना होगा। हमें दैनिक कार्यों को करते समय इसका उपयोग कैसे और कितनी मात्रा में करना चाहिए, इसे नियंत्रित करना चाहिए। उदाहरण के लिए, हम कम प्रवाह वाले शॉवर हेड और शौचालय, स्वचालित नल और इसी तरह के स्मार्ट उपकरणों का ही विकल्प चुने जिसका उद्देश्य पानी का संरक्षण करना है। इसी तरह, हम ब्रश करते समय पानी न बहाकर अपना योगदान दे सकते हैं। पानी की बर्बादी रोकने के लिए हम सभी को लीकेज या लीक होने वाले नलों को भी ठीक कराना चाहिए। यह हम सभी कि नैतिक जिम्मेदारी है।

## एनसीएल द्वारा महिलाकर्मियों को समर्पित कार्यक्रम पंख प्रसार का आयोजन आज

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड, महिला कर्मियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को समर्पित कार्यक्रम पंख प्रसार का आयोजन शनिवार को सिंगरौली स्टेडियम में कर रही है। इस दौरान विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं जैसे शॉर्ट पुट थ्रो, टग ऑफ वार, पिचर रेस, रिले रेस, म्यूज़िकल चेयर, सैक रेस, थ्री लेग रेस, 100 मीटर, लॉग जम्प व अन्य खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से महिला कर्मी हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के समापन के दौरान सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा विगत तीन वर्षो से महिला कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु खेल कूद कार्यक्रम पंख प्रसार का आयोजन किया जा रहा है।

# देशभर में ईद-उल-फितर का जश्न जिले में नमाजियों पर बरसाए गए फूल

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र।** जिले में ईद-उल-फितर का जश्नरावट्सगंज में नमाजियों पर बरसाए गए फूल। देशभर में गुरुवार को ईद-उल-फितर मनाई जा रही है। कई दिग्गज नेताओं और हस्तियों ने सोशल मीडिया के जरिए ईद की मुबारकबाद दी। जिले के नगर में ईदगाह पर नमाज पढ़ने पहुंचे नमाजियों पर फूल बरसाए गए। नगर में विभिन्न क्षेत्रों में ईद की नमाज पढ़ी गई। रावट्सगंज के ईदगाह पर सबसे पहले नमाज पढ़ी गई। इस दौरान मौलाना तौफीक ने मुसलमानों से गाय-बैल के कारोबार से दूर रहने की सलाह दी।

ईदगाह में सुबह 8:15 बजे ईद की नमाज अदा हुई। यहां शहर में मौलाना खुर्शीद आलम ने जामा मस्जिद पर 9:15 पर नमाज अदा कराई। ईद की नमाज के बाद हुई तकरीर (प्रवचन) ने बताया कि मुसलमानों से गाय-बैल के कारोबार से बचने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर बनाई जा रही मुसलमानों की छवि पर भी चिंता व्यक्त की। इस बार भी हजारों की संख्या में अकीदतमंद ईद की नमाज पढ़ने पहुंचे। लगभग हज़ारों से ज्यादा लोगों ने जिले में ईद की नमाज अदा की। इस दौरान मुस्ताक खान सदर अंजुमन इस्लामिया कमेटी, अजहर खान, सिराजुद्दीन खान, लल्लू भाई, डबल भाई, हिदायतुल्ला खान, शिवली खान, फरीद खान,पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा, वरिष्ठ नेता इंद्र देव सिंह, पूर्व चेयरमैन कृष्ण मुरारी गुप्ता, अविनाश शुक्ला, शरतुंजय मिश्रा, आशुतोष दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। **सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस अधिकारी रहे तैनात:** ईद पर्व को लेकर जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था तुस्ट दुरुस्त कर दी गई थी हर मजीद व ईदगाह पर कड़े इंतजाम किए गए थे एल आई यू व इंटलीजेंस विभाग भी रहा सतर्क वही जिला मुख्यालय पर एडीएम सहदेव मिश्र व सिटी सिओ राहुल पांडेय व नगर पालिका प्रशासन से अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव के नेतृत्व में नवाज पड़ी गई एडीएम ने बताया कि डीएम व एसपी के दिशा निर्देश पर जिले भर में ईद के नवाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त किए गए हैं अमन चैन के साथ नवाज अदा की गई।

## मुल्क में अमन चैन की दुआ के साथ अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज़



**चोपन/सोनभद्र अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय नगर के गौरव नगर स्थित ईदगाह पर बृहस्पतिवार को ईद उल फितर की नमाज पढ़ने के लिए सैकड़ों की संख्या में नमाजियों से ईदगाह खचाखच भरी रहीं। रमजानुल मुबारक मौके के बाद ईद उल फितर की अपना अलग महत्व देखते हुये सुबह से ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक ईद की नमाज पढ़ने की तैयारियों में जुट गये वहीं सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज अदा की गयी। नमाज पढ़ने से पहले जामा मस्जिद के पेश ईमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने ईदगाह पर तकरीरों में रमजान के पवित्र महीने की अहमियत बताई गई। वहीं चेयरमैन उस्मान अली ने सभी लोगों को ईद की बधाई देते हुए कहा कि हमारे मुल्क की संस्कृति गंगा जमुनी है यहां हमेशा मुहब्बत का राज रहा है और हमेशा रहेगा। बाद नमाजे ईद लोगों ने अपने खुदा की बंदकरीम से गुनाहों की तौबा करने के साथ अल्लाह के रास्ते पर चलने की ताकत देने की और मुल्क की सलामती के लिये अमन-चैन की दुआ मांगी गई।वही अंजुमन सेक्रेटरी महफूज़ आरिफ ने सभी लोगों को आपसी भाईचारे सौहार्द के प्रतीक ईद की बधाईयां देते हुए चोपन प्रशासन, पत्रकार बन्धुओं व नगर पंचायत के कर्मचारियों को ईदगाह की सफाई के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद,नायब सदर नाजिम खान,हाजी मुख्तार अहमद,हाजी वकील अहमद,डां मुन्ना,रियाज अहमद,सभासद सलीम कुरैशी,चिराग अली, रिजवान अहमद ,एजाज अंसारी,हनीफ खान,सराफत अली, भाईजान, मोजिब आलम सहित मिडिया बन्धु व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वही सुरक्षा के दृष्टिगत थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह मय फोर्स चाक चौबंद नजर आये।

# प्यास बुझाने के लिए अमृत सरोवरों को पानी की आस

अवधनामा संवाददाता

**सात ब्लॉकों के तालाबों में खर्च किए गए 2,318.26 करोड रुपए**



**हमीरपुर।** जनपद के सातों ब्लॉकों में कुल 180 अमृत सरोवर तालाब विकसित किए जाने हैं। जिनमें 2.318.26 करोड़ की धनराशि खर्च की गई है। जिला प्रशासन इन तालाबों को विकसित करने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया लेकिन ज्यादातर तालाबों का ही गला सूखा पड़ा है। दो सालों से चल रही जल संरक्षण को कवायद पूरी नहीं हो हुई है।

प्यास बुझाने के लिए अमृत सरोवरों को पानी की आस है। जनपद के तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने की कवायत पिछले दो वर्षो से चल रही है। मई 2022 में जिले के 75 तलावों को चिन्हित करके इन्हें अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने का काम शुरू किया गया था। इसके बाद 105 तालाब और योजना के तहत चिन्हित किए गए थे। इन तालाबों में सुंदरीकरण सहित झंडा रोहण, स्थल मॉर्निंग वॉक, रोशन की व्यवस्था, बैठने का इंतजाम सहित पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था कराई जानी थी। जिसके लिए जिले में सातों ब्लॉकों में कुल 180 अमृत सरोवर तालाब विकसित किए जाने थे। जिनमें कुल 2318.26 करोड़ खर्च होने से तालाबों को विकसित किए जाने का दावा कर रहा है,लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इन अमृतसर सरोवर में तमाम सूखे पड़े हैं। इनमें गोहांड ब्लॉक में 79.79 लाख की लागत से 27 सरोवरों को विकसित किया जाना था।कुरारा में 213.18 लाख की लागत से 22 सरोवर, मौदहा में 428.7 लाख से 28 सरोवर, मुस्करा 578.26 लाख की लागत से 24 तालाब, राठ में 290.23 लाख की लागत से 25 सरोवर, सरीला 175.03 लाख की लागत से 27 तालाब व सुमेरपुर में 553.95 लाख की लागत से 27 सरोवरों का कायाकल्प किया जाना था,लेकिन सभी तालाबों में मौजूद स्थिति में कुछ ना कुछ काम शेष है। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला का कहना है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर पानी भरवारा जाएगा।

## देवी भक्तों ने मां कुष्मांडा देवी की विधिवत पूजा

**हमीरपुर।** जनपद में नवरात्रि पर्व के चतुर्थी तिथि पर लोगो ने मां कुष्मांडा देवी की पूजा अर्चना की। लोगो ने पूर्वाह्न 4 बजे से ही स्नान कर मंदिरों में पहुँच मातृव देवी शक्ति का जलाभिषेक कर उनका पूजन अर्चन कर अपने जीवन मे सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिरों में भक्तो की लंबी लंबी कतारों में भीड़ देखने को मिली। वही दर्शनों के उपरांत जनपद में जगह जगह प्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ ग्राउंड के स्थलों पर लगे मेले में भी महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने मेले का लुप्त उठा जमकर खरीददारी की तो वही लोग नवरात्रि के शुभमुहूर्त देख अपने अपने घरों पर धर्मिक अनुष्ठान भी करते देखे गये। इन मेलो में प्रशासन द्वारा भी पानी साफ सफाई के बेहतर इंतजाम किए गए है तथा सुरक्षा ब्यवस्था के तहत जगह जगह पुलिस प्रशासन के जवान भी मुस्तेदी से अपनी ड्यूटी करते देखे गए। नवरात्रि के चतुर्थी को देवी शक्ति रूप मां कुष्मांडा का ध्यान कर धूप, गंध, अक्षत, लाल पुष्प, सफेद कुम्हड़ा, फल व सूखे मेवे और सौभाग्य के समान अर्पित कर पूजन अर्चन कर मालपुआ से उनका भोग लगाया।

## एसपी ने किया निरीक्षण, ली फरेड की सलामी



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाइन में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित परेड की पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने सलामी ली। टोलियों में शामिल पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा देने के साथ ही परिसर स्थित विभागीय शाखाओं का निरीक्षण किया। मिली कमियों को तत्काल दूर किए जाने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पहुंचकर साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके साथ ही परेड व ड्रिल का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने परेड पर उपस्थित कर्मचारियों से एक-एक कर ड्रिल कराई। सभी को ड्रिल कमांड सीखने के लिए बताया। एसपी ने क्वार्टर गार्ड में सलामी लेकर शस्त्रागार व स्टोर रूम का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई को देखा,पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओ0आर0 कर सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण एवं विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया। उन्होंने कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की भी जांच की।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक अन्य संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** कुरारा थाना क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी



राम सिंह उर्फ रघुराज सिंह पुत्र बलवंत सिंह के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज है। जो कि न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। न्यायालय में पेश न होने के कारण इसके खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया है। आज पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।थाना क्षेत्र के ककरोऊ गांव के मजरा करिया पुर गांव निवासी संतराम यादव पुत्र राम अवतार यादव को बेरी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक संगम लाल प्रजापति ने हमराह के साथ गांव के पास एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया गया है।

# मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में तथा मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनर एवं ईवीएम ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित मास्टर ट्रेनर को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 एवं विधान सभा उप निर्वाचन, दुद्धी के मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण को बेहतर ढंग से प्राप्त करें, जिससे कि उन्हें पीठासीन अधिकारी सहित पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देने में किसी प्रकार की समस्या न हो और निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनरों से प्रशिक्षण से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट से सम्बन्धित विभिन्न जानकारियों को साझा किये, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मास्टर ट्रेनर को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बेहतर प्रशिक्षण के लिए ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट मशीन पर प्रेटिकल करके अनुभव प्राप्त कर लें, उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के सबसे महत्वपूर्ण कड़ी प्रशिक्षण ही होता है, बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने से निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता और निर्वाचन प्रक्रिया बेहतर ढंग से सम्पन्न होती है, इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक श्री सुधांशु शेखर शर्मा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं श्री हरिकृष्ण मिश्र जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 21 मास्टर ट्रेनर एवं 98 ई0वी0एम0 मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षित किया गया, इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक श्री सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट के संचालन व मतदान प्रक्रिया के दौरान की जाने वाली विभिन्न कार्यवाही व गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, परियोजना निदेशक डीआरडीए आरएस मौर्या, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# लड़की की आंख में हुए इंफेक्शन पर परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विदोखर के फार्मासिस्ट ने आई ड्रॉप की जगह इयर ड्रॉप दे दिया। जिसके डालने से एक युवती के इंफेक्शन फैलने से चेहरे व गले में सूजन आ गई। गंभीर हालत में उसे कस्बे की पीएचसी लाया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन यहां भी चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिये और उसे कानपुर या चित्रकूट दिखाने के लिए रेफर कर रहे हैं। इस घटना से परिजनों में खासा आक्रोश है। विदोखर मेंदनी निवासी राजेश कुशवाहा की पुत्री रोशनी 21 वर्ष को आंखों में लालिमा व जलन आदि की शिकायत होने पर वह भाई दीपक के साथ बीते दस अप्रैल को गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गई। जहां ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डा. राहुल खरे ने दवा लिखने के साथ आई ड्रॉप भी लिखा। रोशनी के बड़े भाई अजय कुशवाहा ने बताया कि जब वह फार्मासिस्ट के पास दवा लेने पहुंचे तो उसे दवा के साथ आई ड्रॉप की जगह ईयर ड्रॉप पकड़ा दिया।बताया कि जब उसने शाम को आंखों में ड्रॉप डाला तो उससे इंफेक्शन फैलने लगा और चेहरे में सूजन आ गई। वह घर से बाहर था। जब वह अगले दिन घर वापस आया तो बहन की स्थित देखकर एम्बुलेंस बुलाई और 11 अप्रैल की रात पीएचसी सुमेरपुर ले गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डा. राहुल खरे ने



बताया कि उन्होंने दवा के साथ पर्चे में आई ड्रॉप लिखा था। लेकिन फार्मासिस्ट ने भूलवश आई ड्रॉप की जगह ईयर ड्रॉप पकड़ा दिया। जिसकी वजह से युवती को समस्या हुई है। लैब सहायक सालिगराम ने भी बताया कि फार्मासिस्ट की लापरवाही के चलते ऐसी घटना की आशंका है। वहीं फार्मासिस्ट अरविंद कुमार का कहना है कि उसने डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं को अपने रजिस्टर में चढ़ाया है और उसी के मुताबिक दवाएं दी हैं। हो सकता है कि मरीज के घर में पहले से ईयर ड्रॉप रखा हो और उसने अपने घर पर ही आई ड्रॉप की जगह ईयर ड्रॉप का प्रयोग कर लिया हो। जिससे यह समस्या हुई है।भाई अजय कुशवाहा का कहना है कि यह फार्मेसिस्ट की लापरवाही से घटना हुई है। बहन की इसी वर्ष शादी भी करनी थी। लेकिन दवा की वजह से उसकी आँखों की रोशनी भी जा सकती है। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने कानपुर या चित्रकूट में दिखाने के लिए रेफर कर रहे है।

## दो गावों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम सौंखर व टिकरौली में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। एडीओ आइएसबी ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम सौंखर व टिकरौली में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ एडीओ आइएसबी जगदंबा प्रसाद ने किया। दोनों गांवों में ई-रिक्शा में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें वोट हमारा है अनमोल,कभी न लेंगे इसका मोल, जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता।

सरकार बनाना आता है, क्योंकि हम मतदाता हैं। वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है आदि शामिल रहे। एडीओ आइएसबी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान को जरूरी बताया है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सचिव साधना सिंह,शिक्षक, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।

## बड़े हर्षोल्लास के साथ अदा की गई ईद की नमाज



**सोनभद्र/करमा अवधनामा संवाददाता।** करमा क्षेत्र में मुस्लिम भाइयों ने प्रमुख पर्व ईद पर मुसलमानो ने एक साथ नमाज अदा की और अमन चैन की दुआ मांगी और एक दूसरे से गले मिलकर बधाइयां दी गई। मुस्लिम भाइयों का यह प्रमुख ईद का पर्व गुरुवार को बारी महेवा, ईद गाह पगिया मस्जिद इमामबाड़े स्थित ईदगाह खैराही, भदोही, पापी, खुठनिया बहेरा, दिलाहि के लगभग हजारों मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह व मस्जिदों मे नमाज अदा किया। बारी के इमाम हाफिज शरीफ अहमद की अगुवाई मे नमाजियों ने सुबह ईदगाह पर पहुंचकर एक साथ नमाज अदा किये और अमन चैन की दुआ मांगी और एक दूसरे के गले मिले हाफिज शरीफ अहमद ने बताया कि। रमजान के महीने में 30 दिन रमजान के रोजा होने के बाद यह प्रमुख पर्व ईद के रूप में मनाया जाता है ।यह पर्व भाईचारे की एकता और समानता की प्रतीक माना जाता है । नमाज अदा करने के बाद सभी मुस्लिम भाई एक दूसरे के गले मिलकर बधाइयां दी और वापस घर जाने के पश्चात सभी ने घर-घर जाकर गले मिले सेवइयां और पकवान का भी खूब आनन्द लिया। सुरक्षा की दृष्टि से करमा थाना प्रभारी राज कुमार सिंह मय फोर्स चक्रमण करते रहे एस आई आशीष सिंह ने बताया कि इलाके में 8 से 8:30 बजे तक सभी जगह पर नमाज अदा की गई और ईद का पर्व सकुशल संपन्न हुआ।

# मां कुष्मांडा देवी की श्रद्धालुओं ने की आराधना

### शहर के देवी मंदिरों में उमड़ रही भीड़, महेश्वरी देवी और काली माता मंदिर में श्रद्धालुओं का पहुंच रहा रेला

अवधनामा संवाददाता



**सुबह होते ही देवी मंदिरों में गुंजायमान हो रहा जगत जजनी का जयकारा**

**सुरक्षा के लिहाज से मंदिर के बाहर पुलिस तैनात**

**बांदा।** नवरात्र पर्व के चैथे दिन शुक्रवार को शहर के बाबूलाल चैराहा स्थित काली माता मंदिर और महेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। महिला श्रद्धालु जलाभिषेक करने के साथ ही पूजा-अर्चना करती हुई नजर आई। सभी श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के मुताबिक मातारानी की पूजा करते हुए पुण्य लाभ अर्जित कर रही हैं। मंदिर के बार स्थित तमाम दुकानों में महिला श्रद्धालओं के द्वारा पूजन सामग्री के अलावा अन्य सामान की भी जमकर खरीददारी की जा रही है।

महेश्वरी देवी मंदिर में अत्यधिक भीड़ होने के कारण मंगलवार को एक महिला की चेन अज्ञात चोर के द्वारा खींच ली गई थी। इस मामले की जानकारी मंदिर कमेटी के सदस्य मयंक श्रीवास्तव को दी गई है। हालांकि अभी तक तैन बरामद नहीं हो सकी है। पुलिस मंदिर के बाहर तैनात जरूर रही, लेकिन चेन स्नेचर ने अपने काम को अंजाम दिया। इसके साथ ही मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर तेज हो गया है। घरों और मंदिरों में भी कन्याभोज कराए जा रहे हैं। इधर, गिरवां में मां विंध्यवासिनी पर्वत में विराजमान जगत जननी मां जगदंबे का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। यूपी और एमपी के हजारों की संख्या में श्रद्धालु मातारानी के दरबार में मत्था टेकने आते हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में लग रही है और मातारानी का गगनभेदी जयघोष गुंजायमान हो रहा है। विंध्यवासिनी परिसर में नवरात्र पर्व के दौरान विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है। मंगलवार से ही मेला आबाद हो गया और सैकड़ों की संख्या में दुकानें सजी हुई हैं। इन दुकानों में श्रद्धालु खरीददारी भी कर रहे हैं। मेले मे बड़े बड़े झूला, काला जादू, सर्कस भी आए हैं, इससे श्रद्धालुओं का मनोरंजन होगा। इसके साथ ही रामलीला का भी आयोजन किया जा रहा है। रामलीला में गणेश पूजन के साथ ही नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। भक्तो ने मां के दरबार में पहुंच कर पान बताशा नारियल चढ़ा कर अपनी मनोकामना पूरी की।

मुंडन संस्कार कराए जाने का भी सिलसिला तेज हो गया। गौरतलब हो कि विंध्यवासिनी पर्वत में 551 सीढ़ियां बनी हुई हैं, इन सीढ़ियों को चढ़कर मातारानी के दर्शन मिलते हैं। परिवहन निगम की ओर से श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए परिवहन निगम की बसें नहीं चलाई गई हैं। प्राइवेट और डग्गामार वाहनों के सहारे ही श्रद्धालु सफर करने को मजबूर हो रहे हैं। सुरक्षा के नाम पर पुलिस महज खानापूरी करती हुई नजर आ रही है। मेला परिसर में पुलिस व्यवस्था नजर नहीं आ रही। जगत माता के दरबार में मत्था टेकने के लिए यूपी और एमपी के हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी पर्वत पर पहुंच रहे हैं। इधर, मातारानी के दरबार में मत्था टेकने वालों की लंबी फेहरिस्त है। चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं ने मां चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा-अर्चना की। भोर होते ही सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु देवी मंदिरों में पहुंच गए। जलाभिषेक करने के साथ ही श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और मातारानी का गगनभेदी जयघोष लगाया। गिरवां स्थित मां विंध्यवासिनी पर्वत में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सुबह से ही मातारानी का दर्शन और पूजन करने के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।गिरवां के विंध्यवासिनी पर्वत में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है।

## खेलते समय नाले में गिरी बच्ची की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** घर से पास ही बने नाले में खेलते समय दो वर्षीय मासूम गिर गई। घरवालों को इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। काफी देर के बाद जब बच्ची की याद आई तो घरवालों ने उसे खोजा। नाले में देखा तो बच्ची पड़ी हुई थी। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला शहर के बिजलीखेड़ा मोहल्ले का है। वहां रहने वाली दो वर्षीय मासूम बच्ची काजल शुक्रवार दोपहर को घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वह नजदीक स्थित नाले में गिर गई और पानी में डूब गई। घरवालों को पता नहीं चला। जब दो घंटे का समय गुजर गया और काजल कहीं नजर नहीं आई तब परिजनों ने खोजबीन की। शक होने पर नाले में डंडें के सहारे देखा तो मासूम नजर आई। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# माफिया या तो जेल में हैं या जहन्नुम में : योगी

## मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के देवबंद में जनसभा को किया संबोधित, भाजपा प्रत्याशी राघव के लिए किया प्रचार

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है। इनके सामने कांग्रेस नतमस्तक थी और सपा दुम दबाकर चलती थी, मगर आज इनमें से कुछ जेल में हैं तो कुछ जहन्नुम चले गये हैं। इनकी गर्मी को पूरी तरह से शांत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को देवबंद में सहारनपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बंट चुका है। एक तरफ जातिवादी लोग हैं, दूसरी तरफ राष्ट्रवाद को समर्पित लोग हैं। एक तरफ सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाले हैं तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत माता का स्वाभिमान ऊंचा रहे, तेरा वैभव अमर रहे के भाव वाले लोग हैं।

मुख्यमंत्री ने जनसभा में आई जनता को चैत्र नवरात्रि की चतुर्थ तिथि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता बालासुंदरी, मां शाकम्भरी और मां यमुना की पावन गोद में बसा सहारनपुर जनपद वीरों की उर्वरा भूमि है। आज महाप्रतापी महाराणा सांगा की पावन जयंती है। उनकी जयंती पर उनके सुपौत्र महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्पांजलि प्रदान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। सैकड़ों साल के बाद भी देश महाराणा प्रताप को गर्व के साथ याद करता है, क्योंकि उनका त्याग देश और धर्म के लिए था, सत्ता के लिए नहीं था। मगर कांग्रेस और सपा, बसपा के लोग 20 साल से यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा बनने नहीं दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के पहले कई सरकारें आई, मगर क्या कोई अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करा सकता था। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि राम हुए ही नहीं। जैसे हनुमान जी जब संजीवनी बूटी लेने गये थे तो कालनेमी रामनाम का जप कर रहा था। इस चुनाव में भी आपके पास कालनेमी आएंगे और रामनाम का जप करेंगे। मगर सच्चा राष्ट्रभक्त उसके साथ होगा जो राम को लाए हैं। आपने देश में 10 साल और प्रदेश में 7 साल से हमारी सरकार को देखा है। आज दंगाई दंगा करना भूल गये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां से चिल्लाकर उपद्रव करते थे वो माइक ही हमने उतार दिये हैं। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। हमारा देश और हमारा धर्म ही हमारा राष्ट्रधर्म है। यह सुरक्षित है तो हम सुरक्षित रहेंगे। ये लोग जो जाति

■ बोले मुख्यमंत्री, कालनेमियों के बहकावे में न आएं, जो राम को लाए हैं, आप उनको लाएं

के नाम पर लड़ाने भिड़ाने का काम करते हैं और कालनेमी बनकर गुमराह कर रहे हैं उन्हें बजरंगी बनकर पहचानिए। जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद का क्लेश हर डालिए और जनार्दन स्वरूप धारण कीजिए। आपका यही मंत्र होना चाहिए कि जो राम को लाए हैं, जो कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किये हैं, जो तीन तलाक को खत्म किये हैं, हम उनको लाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा सबने शासन किया मगर सहारनपुर को क्या दिया। यहां हाईवे के निर्माण को इसलिए रोक दिया गया, क्योंकि काट्रैक्टर कमीशन नहीं दे पा रहा था। मगर अब यहां हाईवे बन चुका है। अब जल्दी ही सहारनपुर से दिल्ली महज दो घंटे की दूरी पर होगा।

# पंचतत्व में विलीन हुईं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश की मां, पति ने दी मुखाग्नि

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** शुक्रवार को वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट पर कैबिनेट मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष की माता जितना देवी का अंतिम संस्कार कुछ ही देर में किया जाएगा। वाराणसी के फत्तेपुर कटौना खौदा गांव से उनकी शवयात्रा निकली। मणिकर्णिका घाट पर ओमप्रकाश के समर्थकों का जमावड़ा बढ़ने लगा। उन्होंने अपनी मां के मुंह में गंगा जल डालकर पैर छुए। सुभासपा कार्यकर्ता कंधे पर पीला गमछा लेकर पहुंचे थे। प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भी ओम प्रकाश राजभर की मां को गंगा जल पिलाया। इसके बाद जितना देवी का शव चिता पर रख दी गई। दाह संस्कार के अन्य विधियां पूरी की गई। मुखाग्नि जितना देवी के पति और ओम प्रकाश राजभर के पिता शन्नू राजभर उर्फ पक्के सरदार ने दी। बता दें कि जितना देवी काफी दिनों से फेफड़ा संबंधी गंभीर बीमार से जूझ रही थीं। लखनऊ स्थित अस्पताल में उनका इलाज भी चल रहा था। जितना के निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर लेकर परिजन वाराणसी स्थित फत्तेपुर कटौना खौदा पहुंचे थे। यहां उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ रही। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की माता जितना देवी के निधन पर शोक जताया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की थी। ओमप्रकाश की माता के निःधन की सूचना मिलने से जिले में सुभासपा पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।

# बसपा के नौ प्रत्याशी और घोषित, दो मुस्लिम व तीन ब्राह्मणों को टिकट

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को नौ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी की चौथी सूची में दो मुस्लिम, जबकि तीन ब्राह्मणों को टिकट दिया गया है। वहीं, पार्टी ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से चुनाव लड़वाने का फैसला लिया है, जिनका मुकाबला भाजपा के दिनेश यादव निरहुआ और सपा के धर्मेंद्र यादव से होगा।

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम की ओर से जारी सूची के मुताबिक घोसी सीट से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा एटा से मोहम्मद इरफान एडवोकेट, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र कुमार मौर्य और रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम एडवोकेट को टिकट दिया गया है। बता दें कि बसपा ने अब तक 45 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है जिसमें 11 मुस्लिम हैं। वहीं नौ ब्राहमण, तीन ओबीसी और एक दलित उम्मीदवार को टिकट दिया है।

# तृतीय चरण : 10 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन शुरू

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। 12 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। नामांकन करने की प्रक्रिया पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य की जा सकेगी। तृतीय चरण के प्रथम दिन केवल एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 23-बदायूं में भारतीय जनता पार्टी से दुर्विजय सिंह शाक्य ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तृतीय चरण के अंतर्गत 8-सम्भल, 16-हाथरस (अ0जा0), 18-आगरा (अ0जा0), 19-फतेहपुर सीकरी, 20-फिरोजाबाद, 21-मैनपुरी, 22-एटा, 23-बदायूं, 24-ऑवला तथा 25-बरेली कुल 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों में 08 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 02 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली सहित 12 जिलों के अंतर्गत तृतीय चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं।

■ तृतीय चरण में नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, मतदान 7 मई को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल, 2024 (शनिवार) को की जायेगी। 22 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। तृतीय चरण का मतदान 07 मई, 2024 (मंगलवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी। 06 जून, 2024 से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी।

### अब तक 89,80,275 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 89,80,275 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 54,17,848 तथा निजी स्थानों से 35,62,427 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

# 51 शक्ति पीठ में मां का रक्तांबर श्रृंगार हुआ



अवधनामा संवाददाता

■ वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन माँ कूष्माण्डा की हुई आराधना

**लखनऊ।** नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार को माँ कुष्मांडा के पिंडी पूजन का सौभाग्य आचार्य मयंक पांडे एवं वंदना पांडे को प्राप्त हुआ। 51 शक्तिपीठ में आज नवरात्र के चतुर्थ दिवस मां का रक्तांबर श्रृंगार हुआ। पिंडी पूजन आचार्य धनंजय पांडे द्वारा संपन्न हुआ। मंदिर की की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र के प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में रंगों में पूजा अर्चना की जाएगी शाम को भजन कीर्तन के आयोजन किए गए।

भजन की शुरुआत पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना, कुमकुम ने मेरी मैया किवड़िया खोलो ..., से की। उसके बाद महारानी वरदानी धन्य धन्य विंध्याचल रानी, सुनाया तो मन्दिर मे माता के जयकारे गूंजे।

# क्षमा, मार्दव, आर्जव, तप, संयम भी धर्म की मानिंद

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** बहुभाषाविद डॉ. धर्मचंद जैन बतौर एक्सपर्ट बोले, पूरी भारतीय परम्परा में ही अहिंसा का सर्वोच्च स्थान है। महाभारत में कहा गया है, अहिंसा परमो धर्मः यानी अहिंसा परम धर्म है। धर्म को कई तरह से परिभाषित किया गया है। क्षमा भी धर्म है। मार्दव, आर्जव, तप, संयम आदि भी धर्म की कोटि में आते हैं। वास्तव में हमें यह नहीं पता होता कि धर्म क्या है? धर्म का बाहय रूप देखकर ही हम समझते हैं कि यही धर्म है। मंदिर में गए अभिषेक किया या पूजा की या भगवान को नमस्कार किया और यह धर्म हो गया। यह एक निमित्त है, जिससे आप उस धर्म की ओर आगे बढ़ सकते हैं, जो वास्तविक धर्म है। डॉ. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद सेंटर फॉर आईकेएस की ओर से रोजमार्रा की जिंदगी में अहिंसावाद की प्रासंगिकता पर आयोजित एक्सपर्ट टॉक पर बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व टाक एक्सपर्ट डॉ. धर्मचंद जैन ने ऑडी में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एक्सपर्ट टाक का शुभारम्भ किया। एक्सपर्ट टाक के मौके पर वीसी प्रो. वीके जैन, सीसीएसआईटी के प्रिंसिपल प्रो. आरके द्विवेदी, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, ज्वाइंट रजिस्ट्रार आरएंडडी डॉ. ज्योति पुरी, डीन एग्रीकल्चर कॉलेज प्रो. प्रवीन जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। इससे पूर्व एक्सपर्ट वक्ता डॉ. जैन समेत अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। संचालन कार्यक्रम की कन्वीनर एवम् ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. अलका अग्रवाल ने किया।

बतौर एक्सपर्ट डॉ. जैन बोले, धर्म का एक ही अर्थ होता है न कि छह अर्थ होते हैं। इनमें से एक अभाव है, हिंसा का अभाव अहिंसा कहलाता है। अल्पता का सूत्र भी कहलाता है। अहिंसा को तीन तरह से समझा जा सकता है। पहली पूर्ण अहिंसा इसका पालन वह करते हैं, जो जिन है। अरिहन्त हैं। पूरी तरह से मोह रहित हो गए हैं। इसीलिए पुरूषार्थ सिद्धि उपाय में कहा गया है कि किसी भी प्राणी का वध न करना ही अहिंसा है।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में सीएमएस छात्रा को गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के कक्षा-6 की मेधावी छात्रा काव्या भूषण तिवारी ने हिन्दी ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि ओलम्पियाड में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर हिन्दी ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपने शानदार प्रदर्शन से साबित कर दिया कि आज के युग में सफल होने के लिए देश के प्रत्येक छात्र को अपनी मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा का उत्कृष्ट ज्ञान होना आवश्यक है, साथ ही साथ हिन्दी भाषा का ज्ञान छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास हेतु भी अपरिहार्य है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने काव्या के हिन्दी ज्ञान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. के छात्र अंग्रेजी भाषा में तो अपने ज्ञान का परचम लहराते ही हैं, साथ ही मातृभाषा हिन्दी में भी अपना आधिपत्य स्थापित करते हैं।

# अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त, 4098 निरस्त कर कराए जमा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1843 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 11 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4098 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 22,44,118 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 15,60,732 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 5774 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 5895 कारतूस, 2144.5 किलोग्राम विस्फोटक व 314 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2024 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 103 केन्द्रों को सीज किया गया।

### 14020.82 लाख की शराब, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 11 अप्रैल, 2024 तक कुल 14020.82 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये।

# बड़ी संख्या में अन्य पार्टी के पदाधिकारी भाजपा में शामिल



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लोकसभा संचालन संयोजक, एमएलसी मुकेश शर्मा की उपस्थिति में अन्य पार्टी के पदाधिकारी एवम कनौजिया समाज के लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलायी।

जिसमे मुख्य रूप से अनूप कनौजिया, अजय कनौजिया, कौशल गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में लोगो सदस्यता ग्रहण की। वही महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों एवम जनकल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है कि अन्य पार्टी के पदाधिकारी भाजपा में बड़ी संख्या में ज्वाइन कर रहे है। वही भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने सभी का पार्टी परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि कनौजिया समाज के हितों को रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी हमेशा कंधा से कंधा मिलाकर चलेगा। सदस्यता ग्रहण करने में संजय कनौजिया, कल्लू कनौजिया, मुन्ना, नवल किशोर, आशीष अवस्थी, राकेश कश्यप, अनिल कश्यप, कुलदीप राजपूत, अर्जुन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# लखनऊ महानगर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन 14 को

## राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल मुख्य अतिथि के रूप में होंगे सम्मिलित

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** महानगर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन 14 अप्रैल को सीएमएस गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल सम्मिलित होंगे। लोकसभा चुनाव में बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका के मद्देनजर आयोजित सम्मेलन और लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत बैठकों में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लोकसभा संचालन समिति संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

नीरज सिंह ने कहा कि बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को अति व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति उनके परिचय पत्र के क्यू आर कोड स्कैन के माध्यम से डिजटली दर्ज होगी। बैठने की व्यवस्था विधानसभा और मंडलसह होगी जिसमें प्रत्येक सीट पर अंकित बूथ संख्या के अनुसार बैठना होगा। लोगो को बताने और जताने की भी जरूरत है कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता कितना अनुशासित और मर्यादित है।नीरज सिंह ने कहा कि कार्यो की रूपरेखा इस प्रकार की हो कि मतदान के दिन जब तक मतदाता अपना मतदान पार्टी के पक्ष में न कर दे तब तक हमें मतदाताओं से सीधा सतत संपर्क बनाए रखना है।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 20 मई तक बगैर रुके, थके काम करते रहना है और लखनऊ में यशस्वी रक्षा मंत्री सांसद राजनाथ सिंह जी की ऐतिहासिक जीत दर्ज करानी है। 14 अप्रैल को सभी 1893 बूथ अध्यक्षों को सम्मेलन में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाना है और अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित करके अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम करना है। सभी वार्ड अध्यक्ष सौ लोगों की सूची तैयार करें जो क्षेत्र के प्रभावी मतदाता है और संपर्क करके सरकार के किए हुए कार्य और आगामी कार्य योजना से अवगत कराना है। रक्षा मंत्री जी द्वारा लखनऊ में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों की जानकारी देनी है। साथ ही लखनऊ में निरंतर स्वास्थ्य मेंला और रोजगार के लिए कौशल महोत्सव का आयोजन भी रक्षा मंत्री जी की प्रेरणा से आयोजित किये गये है। बैठक के उपरांत भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता नीरज सिंह और एमएलसी मुकेश शर्मा ने आज मुस्लिम धर्म गुरु मौलाना क़ल्बे जवाद नकवी साहब, मौलाना ख़ालिद रसीद फ़िरंगी महली साहब, मौलाना हमीदूल हसन साहब के आवास जाकर भेंट की और ईद की बधाई दी। भेंट के दौरान अंबर फाउंडेशन के अध्यक्ष वफा अब्बास और मौलाना कलवे जावाद नकवी साहब के आवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शमसी साथ में उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**लखनऊ।** लखनऊ में गैर लाभकारी संस्था एनाग्राम फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 27 वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी बेहतरीन कला का हुनर दिखाया. यह कार्यक्रम आईएमआरटी बिजनेस स्कूल में आयोजित किया गया था और इसका मूल्यांकन सेवानिवृत्त अधिकारियों श्री अमरेन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक, बेसिक शिक्षा और श्री आनंद पांडे सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी द्वारा किया गया था। श्री अभिराम त्रिवेदी ने प्रथम पुरस्कार, श्री विनय कुमार खरे ने द्वितीय पुरस्कार और श्री रवि प्रकाश सिंह ने तृतीय पुरस्कार जीता। श्री राधेश्याम गुप्ता एवं श्रीमती क्षमता को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। एनाग्राम फाउंडेशन के संस्थापक, सौरभ चौहान ने लखनऊ में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनुभव नामक एक संसाधन केंद्र खोलने की घोषणा की।